●वर्ष : 16 ●अंक : 187 ●मूल्य : 02 रूपया मात्र पृष्ठ : 08 RNI No. DELHIN/2008/23928

दैनिक लोकतंत्र की शान

लोकतंत्र का स्तंभ

दिल्ली से प्रकाशित

रविवार 27 अक्टूबर 2024

Mfg & mkt by.. ANGEN PHARMACEUTICALS (OPC) PRIVATE LIMITED

Distributorship ke liye contact Karen . (9315755133 / ya email Karen) angenpharmaceuticals@gmail.com

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए बीजेपी ने जारी की दूसरी सूची

नूना न्यूज एजेंसी

नई दिल्ली। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने शनिवार को उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी कर दी है. इस सूची में 22 उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की गई है. भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति की स्वीकृति के बाद इन नामों की घोषणा की गई है. भाजपा ने महाराष्ट्र चुनाव के लिए अपनी पहली सूची में 99 नामों का ऐलान किया था. इसके साथ ही पार्टी अब तक कुल 121 उम्मीदवारों के नामों का ऐलान कर चुकी है।

इसके साथ ही भाजपा ने गढ़चिरौली से डॉ. मिलिंद रामजी नरोटे, राजुरा से देवराव विठोबा भोंगले, ब्रह्मपुरी से कृष्णलाल बाजीराव सहारे, वरोरा से करण संजय देवतले, विक्रमगढ़ से हरिशचंद्र सखाराम भोये और उल्हास नगर से कुमार उत्तमंद आयलानी को टिकट दिया गया है। वहीं पार्टी ने पेन से रवींद्र दगडू पाटिल, खड़कवासला से भिमराव तापकीर, पुणे छावनी से सुनील ज्ञानदेव कांबले, कस्बा पेठ से हेमंत नारायण रासने, लातूर ग्रामीण से रमेश काशीराम कराड, सोलापुर शहर मध्य देवेंद्र राजेश कोठे, पंढरपुर समाधान महादेव आवताड़े, शिराला में सत्यजित शिवाजीराव देशमुख और जत से गोपीचंद कुंडलिक पडलकर को टिकट दिया है।

›› भाजपा की दूसरी सूची में ये नाम शामिल

भाजपा के केंद्रीय कार्यालय से जारी इस दूसरी सूची में पार्टी ने नासिक मध्य से देवयानी सुहास फरांदे को उम्मीदवार बनाया है तो पार्टी ने धुले ग्रामीण सीट पर राम भदाणे पर विश्वास जताया है. पार्टी ने मलकापुर से चैनसुख मदनलाल संचेती, अकोट से प्रकाश गुणवंतराव भारसाकले, अकोला पश्चिम से विजय कमलकिशोर अग्रवाल, वाशिम से श्याम रामचरणजी खोडे, मेलघाट से केवलराम तुलसीराम काले को उम्मीदवार बनाया है।

›› पहली सूची में कई बड़े नेताओं के नाम

भाजपा ने 20 अक्टूबर को अपनी पहली सूची जारी की थी, जिसमें उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस सहित प्रमुख नेताओं के नाम शामिल थे. पार्टी ने नागपुर दक्षिण पश्चिम सीट से फडणवीस को चुनाव मैदान में उतारा तो प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले को कामठी से टिकट दिया था. वहीं शेलार भाइयों में से आशीष शेलार को वांद्रे पश्चिम और विनोद शेलार को मलाड पश्चिम से टिकट दिया गया।

ज्वलंत मुद्दा

सम्पादकीय

भारत-जर्मनी के निरंतर प्रगाढ़ हो रहे द्विपक्षीय सम्बन्धों के अंतर्राष्ट्रीय निहितार्थ समझिए

भारत और जर्मनी के द्विपक्षीय सम्बन्ध वैसे नहीं हैं, जैसे भारत और फ्रांस के हैं, भारत और इजरायल के हैं, भारत और जापान के हैं या फिर भारत और ऑस्ट्रेलिया के हैं। यही नहीं, भारत और जर्मनी के आपसी सम्बन्ध भारत और अमेरिका या भारत और इंग्लैंड जैसे भी नहीं हैं। इसलिए भारत और जर्मनी के द्विपक्षीय रिश्तों को मजबूत बनाना दोनों देशों के नेतृत्व के लिए बहुत जरूरी है। बहुचर्चित तानाशाह हिटलर की भूमि जर्मनी में भारत और भारतीयों की दिलचस्पी स्वाभाविक है। जर्मनी से भारत के प्रगाढ़ रिश्ते इसलिए भी जरूरी हैं, ताकि पारस्परिक कारोबार बढ़े और अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर भारत को एक और दिलाजिज मित्र का साथ मिले, उसी तरह से जैसे कि फ्रांस देता आया है। हालांकि, गत दिनों भारत के दौरे पर आए जर्मनी के चांसलर ओलाफ शोल्ज और इंडिया के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच जो रणनीतिक बातचीत हुई है, उससे इस बात के संकेत मिल रहे हैं कि जर्मनी का नेतृत्व भी वैश्विक नजाकत और जरूरत को देखते हुए भारत के प्रति अपने पुराने रुख में बदलाव ला रहा है, जिससे दोनों देशों को फायदा होगा। वास्तव में, फोकस ऑन इंडिया और लेबर स्ट्रैटिजी नाम से जारी दो जर्मन रिपोर्ट्स में इस बात का जिक्र किया जा चुका है कि जर्मनी में भारतीय मूल के ढाई लाख लोग हैं, जिनमें छात्र और स्किल्ड प्रोफेशनल्स शामिल हैं। हालिया वर्षों में यह संख्या दुगुनी हुई है। जर्मनी के चांसलर ओलाफ शोल्ज ने इसे समझा है और भारत के दौरे के क्रम में कहा भी है कि दुनिया में हमें मित्रों और सहयोगियों की आवश्यकता है- जैसे भारत और जर्मनी हैं। प्रिय मोदी जी, नई दिल्ली में स्नेहपूर्वक स्वागत के लिए दिल से धन्यवाद। चूंकि जर्मनी में भारत से नजदीकी सम्बन्धों पर पार्टी लाइन से अलग सामूहिक राजनीतिक सोच सामने आई है। क्योंकि दोनों देशों के बीच माइग्रेशन रिश्तों की अहम कड़ी बनकर उभरा है। इसलिए दोनों देशों के बदलते और नव प्रगाढ़ हो रहे द्विपक्षीय सम्बन्धों के अंतर्राष्ट्रीय निहितार्थ को समझने की जरूरत है। पहला, भारत और जर्मनी के बीच 18 डाक्यूमेंट्स पर साझा सहमति बनी है। जिसमें म्युचुअल लीगल असिस्टेंट इन क्रिमिनल मैटर्स, क्लासिफाइड इन्फॉर्मेशन, ग्रीन हाइड्रोजन रोड मैप, टेक्नोलॉजी और इनोवेशन पर रोड मैप, श्रम और रोजगार, अडवांस मटीरियल्स में रिसर्च एंड डिवेलपमेंट को लेकर सहयोग, ग्रीन अर्बन मोबिलिटी पार्टनरशिप, के साथ स्किल डिवेलपमेंट और वोकेशनल एडुकेशन एंड ट्रेनिंग में सहयोग सहमति बनी है।

SYED ZAKI HAIDER
(EDITOR / PUBLISHER CUM MANAGING DIRECTOR OF NAI UMMEED NEWS AGENCY
MOBILE NO. 9911371802
EMAIL SYEDZAKIHAIDER786@GMAIL.COM

बाबा सिद्दिकी के बाद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के निशाने पर अब और कितने नेता!

नूना न्यूज एजेंसी

नई दिल्ली। गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के निशाने पर राजनीति से जुड़े कई लोग हैं. जानकारी के अनुसार दिल्ली पुलिस की विशेष शाखा ने लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के खिलाफ कार्रवाई करते हुए जिन सात शूटर को गिरफ्तार किया है, उनके निशाने पर राजस्थान के एक पूर्व विधायक का रिश्तेदार था. ये लोग गंगानगर में बाहुबली नेता सुनील पहलवान की हत्या करने वाले थे. सुनील पूर्व टछअ राजकुमार गौर का भांजा है। पुलिस उपायुक्त (विशेष प्रकोष्ठ) प्रतीक्षा गोदारा ने बताया कि सातों आरोपियों की पहचान रितेश, सुखराम, साहिल, अमर, बादल, प्रमोद और संदीप के रूप में की गई है. उन्होंने बताया कि हालांकि पुलिस को अभी तक सिद्दीकी की ही है। गोदारा ने बताया कि शूटर आरजू बिश्नोई के निर्देश पर राजस्थान के गंगानगर निवासी सुनील पहलवान और राजस्थान के एक पूर्व विधायक के रिश्तेदार राज कुमार गौड़ को निशाना बनाने की फिराक में थे. उन्होंने बताया कि आरजू जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई और उसके भाई अनमोल बिश्नोई का करीबी है। इससे पहले भी राजनीतिक पार्टियों से जुड़े कई लोगों को लॉरेंस गैंग टारगेट कर चुका है. उत्तर प्रदेश के अयोध्या के एक विधायक को भी लॉरेंस बिश्नोई गैंग से खतरा था और वो भी लॉरेंस बिश्नोई के निशाने पर था।

›› इन लोगों को बना चुका निशाना

कांग्रेस की टिकट पर चुनाव लड़ाने वाले पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या की जिम्मेदारी लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने ली थी. इनेलो पार्टी के नेता नफे सिंह हत्याकांड में लॉरेंस बिश्नोई के एलायंस गैंग कपिल सागवान उर्फ नन्दू का नाम सामने आया था. करणी सेना के अध्यक्ष और राजनीतिक रसूख वाले सुखदेव गोगामेड़ी की हत्या की जिम्मेदारी भी लारेंस गैंग ने ली थी।

रोहतक में भाजपा ने हरियाणा में 50 लाख नए सदस्य बनाने की रणनीति को दिया अंतिम रूप

रोहतक। भाजपा ने 50 लाख नए सदस्य बनाने के लिए 26 अक्टूबर को शनिवार को अपनी रणनीति को रोहतक में अंतिम रूप दिया। इसके लिए आज पार्टी कार्यालय मंगल कमल में प्रदेश भर के पदाधिकारियों की एक कार्यशाला रखी गई, जिसमें सदस्यता अभियान को कैसे आगे बढ़ाया जाए यह तय किया गया। बड़ी बात यह है कि कार्यशाला में हर बूथ पर 250 नए सदस्य बनाने का लक्ष्य बूथ पर रहने वाले पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकताओं को दिया गया। नए सदस्य बनाने की कार्य योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बडौली की अध्यक्षता में हुई कार्यशाला में राष्ट्रीय महासचिव दुष्यंत गौतम, राष्ट्रीय सचिव ओम प्रकाश धनखड़, प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया, संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा व कैबिनेट मंत्री समेत तमाम पदाधिकारी मौजूद रहे। आज की कार्यशाला में राष्ट्रीय महासचिव दुष्यंत गौतम ने संगठन के गठन की प्रक्रिया व सक्रिय कार्यकर्ता बनाने के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने संगठन के चुनाव और नियुक्तियों के बारे में भी बताया। राष्ट्रीय महासचिव ने कहा कि हरियाणा में भाजपा ने 50 लाख नए सदस्य बनाने का जो लक्ष्य रखा है उन्हें पूरा विश्वास है।

संक्षिप्त समाचार

सहारनपुर में नाबालिग बेटी से पिता ने दुष्कर्म किया, गिरफ्तार

सहारनपुर। जिले के नानौता थानाक्षेत्र में एक किशोरी के साथ उसके पिता ने कथित तौर पर दुष्कर्म किया। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। उसने बताया कि मामला दर्ज कर आरोपी पिता को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सागर जैन ने पीटीआई-भाषा को बताया कि नानौता थानाक्षेत्र के एक गांव में 16 वर्षीया किशोरी ने बृहस्पतिवार को थाने पहुंचकर अपने पिता पर शराब पीकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया। जैन ने तहरीर के हवाले से बताया कि पीड़िता ने आरोप लगाया है कि उसने इस बारे में परिवार के अन्य सदस्यों को भी बताया था, जिस पर दो बार पंचायत ने उसके पिता को हिदायत भी दी, लेकिन उसका पिता अपनी हरकतों से बाज नहीं आया। शिकायतकर्ता के मुताबिक विरोध करने पर पिता उसकी पिटाई भी करता था। जैन ने बताया कि पुलिस ने पीड़ित किशोरी का मेडिकल परीक्षण कराया और उसके पिता के विरूद्ध दुष्कर्म एवं अन्य संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने आरोपी पिता को गिरफ्तार कर विधिक प्रक्रिया पूरी करने के बाद जेल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार पीड़िता की मां की 10 साल पहले मौत हो चुकी है।

अहमदाबाद पुलिस ने 48 अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों को हिरासत में लिया

अहमदाबाद। पुलिस की अपराध शाखा ने शहर के विभिन्न इलाकों में अवैध रूप से रह रहे 48 बांग्लादेशी नागरिकों को हिरासत में लिया है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इन बांग्लादेशी नागरिकों को स्वदेश वापस भेज दिया जाएगा। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है।

जगन रेड्डी और बहन के बीच संपत्ति विवाद

शर्मिला ने कहा- 'वे इकलौते उत्तराधिकारी नहीं'

›› पिता की इच्छा- पोते-पोतियों में बंटे संपत्ति

शर्मिला ने कहा, "मेरे पास अभी भी एक भी ऐसी संपत्ति नहीं है। जगन मोहन रेड्डी पारिवारिक संपत्तियों के अकेले उत्तराधिकारी नहीं हैं। पिता की इच्छा थी कि सभी पारिवारिक व्यवसाय को चार पोते-पोतियों में समान रूप से बांटा जाए। वे (वाईएसआर) केवल जगन मोहन रेड्डी के नहीं थे। जगन मोहन रेड्डी केवल अभिभावक हैं। इन संपत्तियों को चार पोते-पोतियों के बीच समान रूप से बांटने की उनकी जिम्मेदारी है।

नूना न्यूज एजेंसी

अमरावती। आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी और उनकी बहन वाईएस शर्मिला के बीच संपत्ति विवाद गहराता जा रहा है। तेलुगु दैनिक 'साक्षी' में प्रकाशित एक रिपोर्ट के जवाब में शर्मिला ने वाईएसआर के प्रशंसकों को एक खुला पत्र लिखा। उन्होंने कहा कि जगन मोहन रेड्डी पारिवारिक संपत्ति के इकलौते उत्तराधिकारी नहीं है। पिता वाईएस राजशेखर रेड्डी (वाईएसआर) के सामने और उनके निधन के बाद कोई संपत्ति का हस्तातंरण नहीं किया गया है।

सीएम बनते ही बदल गए जगन मोहन

शर्मिला ने कहा कि 2019 में सीएम बनने के बाद जगन मोहन रेड्डी बदल गए थे। उन्होंने परिवार को अलग करने का निर्णय किया। आधे घंटे के भीतर ही यह स्पष्ट हो गया कि कौन सी संपत्ति किसके पास रहेगी? साक्षी में 40 प्रतिशत, भारती सीमेंट्स में 40 प्रतिशत, सरस्वती पावर में 100 प्रतिशत, येलहंका संपत्ति में 100 प्रतिशत और दिवंगत वाईएसआर के आवास समेत अन्य संपत्तियों में मुझे हिस्सेदारी मिली। बाद में एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर भी हुए थे।

›› मां ने सैकड़ों पत्र लिखे----------

शर्मिला ने कहा कि यह दावा भी गलत है कि वाईएसआर के जीवित रहते संपत्ति का बंटवारा हुआ। उन्होंने कहा कि जगन मोहन रेड्डी जिन संपत्तियों का दावा करते हैं, वे सभी पारिवारिक संपत्ति हैं। मां वाईएस विजयम्मा संपत्ति के बंटवारे को लेकर सैकड़ों पत्र लिख चुकी हैं। मगर अभी तक मेरे बच्चों को संपत्ति नहीं मिली है। जबकि वह कानूनी तौर पर हकदार हैं।

›› 200 करोड़ पर तोड़ी चुप्पी-------

2009 से 2019 बीच 200 करोड़ रुपये देने के दावे पर शर्मिला ने कहा कि उस वक्त जगन मोहन रेड्डी अलग इंसान थे। 10 साल में 200 करोड़ रुपये कंपनियों से मिलने वाले लाभांश का आधा हिस्सा है। इससे यह साफ होता है कि कंपनियों में हमारे बच्चों के भी समान शेयर हैं। यह कोई एहसान या उपहार नहीं है। भले ही इसे ऋण के रूप में दिखाया गया है। मगर यह हमारे बराबर के हिस्से को दशार्ता है।

कांग्रेस ने उम्मीदवारों की दूसरी लिस्ट की जारी, 23 नाम हैं शामिल

नूना न्यूज एजेंसी

मुंबई। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव का बिगुल बजते ही सभी पार्टियों ने अपनी तैयारियां तेज कर दी है। भाजपा और उसके सहयोगी दलों ने अपने कुछ उम्मीदवारों के नाम जारी कर दिए हैं। वहीं, अब कांग्रेस पार्टी ने अपने उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी कर दी है।

दूसरी ओर असम में पांच विधानसभा क्षेत्रों के लिए कुल 38 उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं । असम में पांच विधानसभा क्षेत्रों बेहाली, धोलाई, समागुरी, बोंगाईगांव और सिदली के लिए उपचुनाव 13 नवंबर को होंगे। नामांकन पत्र दाखिल करने के अंतिम दिन शुक्रवार को पांच विधानसभा क्षेत्रों के लिए कुल 24 उम्मीदवारों ने अपना नामांकन दाखिल किया। असम के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के अनुसार, धोलाई के लिए तीन उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया, सिदली के लिए एक, बोंगाईगांव के लिए पांच, समागुरी के लिए 12 और बेहाली विधानसभा क्षेत्र के लिए तीन उम्मीदवारों ने शुक्रवार को अपना नामांकन दाखिल किया।

इन उम्मीदवारों को मिला टिकट

कांग्रेस के बयान के अनुसार, केंद्रीय चुनाव समिति ने आगामी चुनावों के लिए जिन सदस्यों को कांग्रेस के उम्मीदवार के रूप में चुना है उनमें शामिल हैं...

भुसावल- एससी से डा. राजेश तुकाराम मानवटकर
जलगांव (जामोद) से डा. स्वाति संदीप वाकेकर
अकोट- महेश गंगाने
वर्धा- शेखर प्रमोदबाबू शेंडे
सावनेर- अनुजा सुनील केदार
नागपुर दक्षिण- गिरीश कृष्णराव पांडव
कामठी- सुरेश यादवराव भोयर
बांद्रा एससी- पूजा गणेश ठवकर
अजुर्नी मोरगांव एससी- दलीप वामन बंसोड
आमगांव एसटी- राजकुमार लोटुजी पुरम
रालेगांव- प्रो. वसंत चिंदुजी पुरके
यवतमाल- अनिल @ बालासाहेब शंकरराव मंगुलकर
अरनी - एसटी- जीतेन्द्र शिवाजीराव मोघे
उमरखेड़- एससी- साहेबराव दत्तराव कांबले
जलना- कालियास किसनराव गोरटंट्याल
औरंगाबाद पूर्व- मधुकर कृष्णराव देशमुख
वसई- विजय गोविंद पाटिल
कांदिवली पूर्व- कालू बधेलिया
चारकोप- यशवंत जयप्रकाश सिंह
सायन कोलीवाड- गणेश कुमार यादव
श्रीरामपुर (एससी)- हेमन्त ओगले
निलंगा- अभयकुमार सतीशराव सालुंखे
शिरोल- गणपतराव अप्पासाहेब पाटिल

कमजोर आबादी के आर्थिक उद्धार पर हुआ चिंतन

सामाजिक न्याय मंत्रालय और विश्व बैंक ने आयोजित किया सेमिनार

नूना न्यूज एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय ने आज विश्व बैंक के सहयोग से दिल्ली में 'कमजोर आबादी के लिए आर्थिक समावेशन' विषय पर एक सेमिनार का आयोजन किया। यह सेमिनार परामर्शों की चल रही श्रृंखला का एक हिस्सा है, जिसका उद्देश्य सफल अंतर्राष्ट्रीय प्रथाओं से प्राप्त अंतर्दृष्टि को एकीकृत करके भारत की सामाजिक सुरक्षा वितरण प्रणालियों को उपयुक्त बनाना है।

›› सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के प्रभाव को बढ़ाने पर जोर

गैर-उधार तकनीकी सहायता ढांचे के तहत, विश्व बैंक के साथ मिलकर मंत्रालय समाज के कमजोर वर्गों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए समर्पित अभ्यास को बढ़ावा देना चाहता है। इसका प्राथमिक उद्देश्य सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के प्रभाव को बढ़ाना है, यह सुनिश्चित करना है कि सबसे अधिक हाशिए पर रहने वाले समुदायों को समय पर और मजबूत सहायता मिले।

लोगों की भलाई के लिए कर रहे काम: अमित यादव

कार्यक्रम की शुरूआत डीओएसजेई के सचिव अमित यादव के भाषण से हुई। अपने संबोधन में यादव ने कहा कि हमारा विभाग अपनी विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों के माध्यम से अपने कर्तव्यों को पूरा करता है, जो समाज के सबसे वंचित वर्गों पर लक्षित होता हैं। इसके साथ ही हमारा विभाग आबादी के इन वर्गों की बेहतर समझ हासिल करना चाहता है। इसके लिए हम इस क्षेत्र में काम करने का अनुभव रखने वाले लोगों और संगठनों के साथ सहयोगात्मक प्रयास करते हैं। उन्होंने आगे कहा कि हम अपनी योजनाओं के बेहतर कार्यान्वयन के लिए गैर सरकारी संगठनों, बुद्धिजीवियों, धार्मिक संगठनों के साथ अपने जुड़ाव को बढ़ाने की सक्रिय रूप से कोशिश कर रहे हैं ताकि लाभ उन लोगों तक पहुंच सके जिन्हें इसकी सबसे अधिक आवश्यकता है। यह सेमिनार श्रृंखला ऐसे ही एक प्रयास का परिणाम है।

›› ग्रामीण-शहरी क्षेत्रों में कमियों को दूर करने पर जोर

ग्रामीण विकास मंत्रालय के सचिव शैलेश कुमार सिंह और कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय के सचिव अतुल कुमार तिवारी ने अपने भाषण में ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में आर्थिक कमजोरियों को दूर करने के लिए एक समावेशी सामाजिक सुरक्षा ढांचे के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया।

दिल्ली

किसान गेहूं की बिजाई मशीन लेने के लिए सहायक कृषि अभियंता कार्यालय में करें संपर्क

करनाल, : अक्तूबर : कृषि उपनिदेशक वजीर सिंह ने बताया की कृषि विभाग द्वारा चलाई जा रही फसल अवशेष प्रबंधन योजना के तहत बिजाई के लिए हैप्पी सीडर मशीन निःशुल्क उपलब्ध करवाई जा रही है। जो किसान अपने खेत में गेहूं की बिजाई करना चाहते हैं, वे सहायक कृषि अभियंता कार्यालय में आकर बिजाई के लिए मशीन ले सकते हैं। किसान को अपना आधार कार्ड व सम्बंधित कृषि विकास अधिकारी/ खंड कृषि अधिकारी से अनुमति प्रमाण पत्र साथ लाना होगा। उन्होंने बताया कि फसल अवशेष प्रबंधन योजना के तहत जो किसान फसल अवशेष प्रबंधन का कार्य हैप्पी सीडर, सुपर सीडर, मल्चर, एम. बी. प्लो, जेटावेटर, जीरो ड्रिल मशीन, स्लैशर/शर्व मास्टर, हैरो, हे-रेक व बेलर द्वारा करता है उस किसान को प्रोत्साहन के रूप में 1 हजार रुपए प्रति एकड़ राशि दी जा रही है।

राज्य स्तरीय एथलेटिक्स (पुरूष तथा महिला) सीनियर वर्ग 2024 के लिए चयन ट्रायल 28 को

करनाल, अक्तूबर : जिला खेल अधिकारी सुधा भसीन ने बताया कि खेल विभाग हरियाणा द्वारा राज्य स्तरीय एथलेटिक्स (पुरूष तथा महिला) सीनियर वर्ग 2024 प्रतियोगिता का आयोजन करवाने का निर्णय लिया गया है। इन खेलों में भाग लेने वाले खिलाड़ियों का चयन ट्रायल 28 अक्तूबर को कर्ण स्टेडियम में प्रातः 9 बजे किया जाएगा। उन्होंने बताया कि राज्य स्तरीय एथलेटिक्स (पुरूष तथा महिला) सीनियर वर्ग 2024 में 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर, 1500 मीटर, 3000 मीटर लंबी बाधा दौड़ (पुरूष वर्ग), 2 किलोमीटर लंबी बाधा दौड़ (महिला वर्ग), 5000 मीटर, 10000 मीटर, 20 किलोमीटर वॉक (पुरूष वर्ग), 5 किलोमीटर (महिला वर्ग), 110 मीटर हर्डल (पुरूष वर्ग), 100 मीटर हर्डल (महिला वर्ग), 400 मीटर हर्डल (पुरूष वर्ग), 400 मीटर हर्डल (महिला वर्ग), लॉग जंप, ट्रिपल जंप, हाई जंप, पोल वॉल्ट, शॉर्ट पुट, डिस्कस थ्रो, हैंबर थ्रो, जैवलिन थ्रो, डेकाथन, हेप्टाथन, 4*100 मीटर रीले, 4*400 मीटर रिले, 4*100 मीटर मिक्स्ड रिले, 4*400 मीटर मिक्स्ड रिले खेल शामिल हैं।

चौधरी कर्म सिंह जाम्बा ने विधानसभा अध्यक्ष बनने पर स्पीकर हरविंदर कल्याण को दी बधाई

विधायक हरविंदर कल्याण को बधाई देते कर्म सिंह जाम्बा।

नीलोखेड़ी अक्तूबर : बाबा हरिदास श्रीकृष्ण गोपाल गऊशाला चेयरमैन एवम पूर्व सरपंच वरिष्ठ भाजपा नेता चौधरी कर्म सिंह जाम्बा ने घरौंडा से विधायक हरविंदर कल्याण को विधानसभा का अध्यक्ष बनाए जाने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर चौधरी कर्म सिंह जाम्बा ने लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमितशाह, लोकप्रिय मुख्यमंत्री नायब सैनी, हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बडौली, कैबिनेट मंत्री मनोहर लाल का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि हमारी बिरादरी में सर्वोच्च पद देकर केवल हमे ही सम्मान नहीं दिया इसके साथ साथ अपनी परम्परा को बनाए रखा है। सबका साथ सबका विकास वाली कार्यशैली ने ही इतना बड़ा मैंडेट प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि स्पीकर हरविंदर कल्याण अपनी कार्यशैली से काफी प्रभावित करने वाले है। स्पीकर हरविंदर कल्याण ने लोकसभा व विधानसभा के चुनाव में अपनी अहम भूमिका निभाते हुए सारथी का कार्य करते हुए बड़ी जीत दिलवाने का काम किया है। आज उसी का बहुत प्रभावित करने वाला फल मिला है। क्योंकि स्पीकर हरविंदर कल्याण बड़े ही माधुरभाषी व प्रखर बुद्धि के धनी है। इस बात को लेकर पूरे रोड़ समाज के साथ साथ पूरे समाज में भी खुशी की लहर है। रोड़ समाज ने जिस विश्वाश के साथ बीजेपी को अपना समर्थन दिया था। उसी अनुसार बीजेपी ने पूरी बिरादरी का मान बढ़ाया।

विद्यार्थियों को कैरियर में विकास एवं उद्यमिता कौशल के लिए किया प्रेरित

कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थी।

करनाल अक्तूबर : पंडित चिरंजीलाल शर्मा राजकीय महाविद्यालय, करनाल में आज 7.0 के अंतर्गत उद्यमिता एवं कैरियर अवसर में नवाचार विषय पर विशेषज्ञ सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें 90 से अधिक विद्यार्थी उपस्थित थे। इस सत्र में डा. सुनंदा ग्रोवर ने उद्यमिता विषय पर अपना व्याख्यान दिया तथा विद्यार्थियों को कैरियर में विकास एवं उद्यमिता कौशल के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य डॉ. रेखा त्यागी ने अपने विचारों से विद्यार्थियों को जागरूक किया। अध्यक्ष डॉ. सुभाष चंद्र ने विद्यार्थियों को इस प्रकार की गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया तथा संयोजक डा. नीतिका अरोड़ा एवं श्री कुलदीप सिंह मलिक ने वक्ता डॉ. सुनंत ग्रोवर का स्वागत किया। 7.0 के सदस्य श्री नवीन मोंगा ने कार्यक्रम के सफल आयोजन में सहयोग दिया।

किसान फसल अवशेष प्रबंधन अपनाएं, पर्यावरण को प्रदूषण से बचाएं : डा. दिव्या

करनाल, अक्तूबर : केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से वैज्ञानिक डा. दिव्या गुप्ता ने फसल अवशेष प्रबंधन हेतु किए जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया और किसानों से अपील की वह फसल अवशेषों को ना जलायें, इससे पर्यावरण प्रदूषित होता है। उन्होंने कहा कि वह भारत सरकार की विभिन्न फसल अवशेष प्रबंधन योजनाओं को अपना कर पराली का समुचित उपयोग कर सकते हैं। किसान फसल अवशेष प्रबंधन अपनाएं, पर्यावरण को प्रदूषण से बचाएं। इस मौके पर सहायक कृषि अभियंता कुलबीर सिंह ने भी किसानों से अपील करते हुए कहा कि वह पराली को ना जलाएं, अपितु हरियाणा सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा पराली प्रबंधन हेतु दी जा रही 1 हजार रुपए प्रति एकड़ की प्रोत्साहन राशि का लाभ उठाएं। किसानों को पराली प्रबंधन हेतु विभिन्न कृषि यंत्रों जैसे की सुपर सीडर, जीरो ड्रिल, हैप्पी सीडर, रोटावेटर, मल्चर, रिवर्सिबल प्लो, स्लैशर हेय-रेक, बेलर अपनाने पर विभाग द्वारा 1 हजार रुपए प्रति एकड़ की प्रोत्साहन राशि किसानों को दी जा रही है।

स्टॉक मार्केट में 10 करोड़ छोटे और मझोले निवेशकों की मेहनत की कमाई में हेराफेरी कौन कर रहा है?

दिल्ली। 27 अक्टूबर, 2024 भारत की स्वतंत्रता के 78 वर्षों में किसी भी सरकार ने हमारे लोकतांत्रिक संस्थानों की गरिमा को इस प्रकार नष्ट नहीं किया है, जैसा पिछले दशक में भाजपा सरकार ने किया है। इन संस्थानों की स्वतंत्रता हमारे लोकतंत्र की ताकत का मूल आधार है। फिर भी, इन संस्थानों में से एक - भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (रएइक), जिसे 1992 में संसद के अधिनियम द्वारा एक वैधानिक निकाय के रूप में स्थापित किया गया था - को इस सरकार ने बहुत ही गंभीर रूप से कमजोर कर दिया है। कांग्रेस पार्टी ने हमेशा रएइक की स्वतंत्रता और अधिकारों में हो रहे क्षरण को लेकर अपनी चिंताओं को सामने रखा है। अनेक प्रेस कॉन्फ्रेंसों के माध्यम से, हमने रएइक की चेयरपर्सन सुश्री माधबी पुरी बुच और उनके परिवार से जुड़े हितों के टकराव के कई मामलों का खुलासा किया है। इन गंभीर खुलासों ने भारत के 11.5 करोड़ पंजीकृत निवेशकों के विश्वास को झकझोर दिया है, जो एक पारदर्शी और निष्पक्ष वित्तीय माहौल बनाए रखने के लिए रएइक पर निर्भर करते आये है। इस सरकार ने भारत के निवेशकों को असुरक्षित छोड़ दिया है, जिससे उनके जीवन की बचत और उम्मीदों की रक्षा करने वाले संस्थान पर ही खतरा मंडरा रहा है। यह भी अत्यंत चिंताजनक है कि सेबी का नेतृत्व, जो निवेश क्षेत्र में पारदर्शिता बढ़ाने के उपायों की सार्वजनिक रूप से वकालत करता है, अपने स्वयं के कार्यों में इन मानकों का पालन करने में विफल रहा है। भारत के प्राथमिक विनियामकों में से एक द्वारा इस तरह का अनैतिक आचरण - और संभवतः कानूनी रूप से संदिग्ध व्यवहार - हमारे विनियामक वातावरण की स्थिरता के लिए एक गंभीर खतरा है। यह न केवल भारतीय निवेशकों के बीच अविश्वास को दशार्ता है, बल्कि संभावित विदेशी निवेशकों के लिए भी खतरे की घंटी बजाता है, जिससे भारत की विकास संभावनाएं धूमिल हो रही है। इन गंभीर आरोपों के मद्देनजर, लोक लेखा समिति (PAC) ने रएइक अधिकारियों, जिसमें सुश्री बुच भी शामिल हैं, को तलब किया था। हालांकि, उनकी निर्धारित उपस्थिति से एक घंटे पहले, सुश्री बुच ने एक आपात स्थिति का हवाला देते हुए उपस्थित होने में असमर्थता जताई। इस बीच, भाजपा सांसदों ने इस समन का विरोध किया। हमारा मानना है कि यह महज संयोग नहीं है। हमें लगता है कि सरकार सुश्री बुच की रक्षा कर रही है ताकि इस पूरे गठजोड़ में शामिल बड़े खिलाड़ियों को बचाया जा सके। कांग्रेस पार्टी संविधान और संस्थानों की स्वतंत्रता की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और सरकार के इन निकायों में घुसपैठ कर भ्रष्ट करने के प्रयासों के खिलाफ मजबूती से खड़ी है।

1. माधाबी बुच संसद की लोक लेखा समिति (पीएसी) के समक्ष सवालों का जवाब देने में क्यों अनिच्छुक हैं?
2. उसे पीएसी के प्रति जवाबदेह होने से बचाने की योजना के पीछे कौन है?
3. क्या करोड़ों छोटे-मंझोले निवेशकों की मेहनत की कमाई को खतरे में डालकर मोदी जी के प्रिय मित्र अडानी को फायदा पहुंचाने की कोई सोची-समझी साजिश है?

26 अक्टूबर 1947 जम्मू कश्मीर का भारत में विलय दिवस की शुभकामनाएं : खोसला

दिल्ली। प्रदेश नेशनल पैंथर्स पार्टी के अध्यक्ष राजीव जोली खोसला ने जम्मू कश्मीर के भारत के साथ 26 अक्टूबर 1947 को विलय दिवस की दी मुबारकबाद और कहां की 1947 से लेकर अब तक जम्मू कश्मीर में विवाद चल रहे हैं 5 अगस्त 2019 को मोदी सरकार द्वारा धारा 370 का पतन किया गया 2024 चुनाव में मोदी विरोधी पार्टी को विजय प्राप्त हुई और मुख्यमंत्री भी बना खोसला ने बताया कि इतिहास गवाह है महाराजा हरि सिंह जी ने किस प्रकार भारत के साथ विलय पत्र पर हस्ताक्षर किए !साल के दसवें महीने की 26 तारीख देश के ऐतिहासिक और भौगोलिक स्वरूप के निर्धारण में बहुत खास है। यह उन दिनों की बात है, जब 1947 में हिंदुस्तान पाकिस्तान के बंटवारे की आंच अभी ठंडी भी नहीं हुई थी। हर तरफ अफरा-तफरी और अनिश्चितता का माहौल था। ऐसे में हमसाया देश आक्रामक हो उठा और बंटवारे के बाद अस्तित्व में आए पाकिस्तान ने कश्मीर पर हमला कर दिया। परिस्थितियों को देखते हुए कश्मीर के राजा हरि सिंह ने 26 अक्टूबर, 1947 को अपने राज्य को भारत में मिलाने का फैसला किया। इस आशय के समझौते पर हस्ताक्षर होते ही भारतीय सेना ने जम्मू-कश्मीर पहुंचकर हमलावर पड़ोसी की सेना के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। इस लड़ाई में कश्मीर का कुछ हिस्सा पाकिस्तान के कब्जे में चला गया। कश्मीर आज तक दोनों देशों के रिश्तों में तल्खी की वजह बना हुआ है। मोदी सरकार के एम फैसला से सभी परेशान है जो भी फैसला हैं भारत हित में है हालांकि हिंदू मुस्लिम विवाद दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है हम सब भारत में रहने वाले हिंदू, मुस्लिम ,सिख इसाई को अपने धर्म से पहले राष्ट्र धर्म कब सोचना चाहिए जिससे भारत का और सभी का उत्थान कोई भी मुल्क नहीं चाहता कि भारत राखी करें यह हर भारतीय की कमजोरी का फायदा उठाते हैं हम सबको एकजुट होकर एकता दिखानी चाहिए जय हिंद जय भारत।

SDP कराज्य कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता

जामिया के कुलपति आरएसएस की विचारधारा से प्रभावित : एसडीपीआई

›› पत्रकारों को स्वतंत्र पत्रकारिता में मदद करेगी पार्टी: आईए खान

(अब्दुल हफीज)

नई दिल्ली। 26 अक्टूबर सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया ने आज निजामुद्दीन पश्चिम स्थित अपने राज्य कार्यालय में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। संगठन मंत्री इरफान अहमद ने सभी पार्टी नेताओं का परिचय कराया. इस मौके पर मीडिया को संबोधित करते हुए पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. आईए खान ने कहा कि आज हम अपना दर्द आपसे साझा करना चाहते हैं. उन्होंने कहा कि आज पार्टी पर सरकार की पैनी नजर है. हम कठिन परिस्थितियों में पार्टी को आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश का लोकतंत्र खतरे में है क्योंकि बीजेपी दंगा के जरिये सरकार बनाना चाहती है. उन्होंने कहा कि सरकार उन यूट्यूब चैनलों पर नकेल कसने की कोशिश कर रही है जो उसकी कमियों को उजागर करना चाहते हैं। दूसरी ओर गोदी मीडिया है जो लोकतंत्र के चौथे स्तंभ को रोज ढा रहा है। ऐसे में आपकी ईमानदार पत्रकारिता से हमें भी मदद मिल रही है. आईए खान ने उत्तर प्रदेश में पत्रकारों पर एफआईआर और मध्य प्रदेश में सरकार के खिलाफ खबर लिखने पर पत्रकारों की नग्न परेड पर अफसोस जताया. उन्होंने कहा कि सरकार हमें दबाने की कोशिश कर रही है, ऐसे हालात में भी हम अपनी आवाज उठा रहे हैं, हम गांधी के सिद्धांतों पर चलने वाले हैं. गांधी जी ने कहा था 'उमर की राजनीति लोकतंत्र की बुनियाद है.' उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार गांधी जी के विचारों पर नहीं चल रही है बल्कि राजनीतिक लाभ के लिए उनके नाम का इस्तेमाल कर रही है. उन्होंने वर्तमान स्थिति की तुलना देश के विभाजन के समय से करते हुए कहा कि उस समय विभाजन में हिंदू महासभा शामिल था जो बाद में आरएसएस के रूप में सामने आया। वे आज भी देश को उसी तरह धर्म के नाम पर बांटना चाहते हैं. हिंदू राष्ट्र का उनका सपना 1947 का है। आज वे अपने सपने को पूरा करने की ओर बढ़ रहे हैं. मुसलमानों के देश प्रेम के सवाल पर आईए खान ने कहा कि देशभक्ति इस्लाम का आधार है और लोग हमसे ही देश प्रेम के बारे में सवाल कर रहे हैं. जिन्होंने अंग्रेजों के साथ फूट डाली, गुप्त सूचनाएं साझा कीं, आज वे हमसे हमारे देश प्रेम के बारे में सवाल कर रहे हैं। पत्रकारों की आजादी पर उन्होंने कहा कि एसडीपीआई स्वतंत्र पत्रकारिता में पत्रकारों का पूरा समर्थन करेगी. उन्होंने आगे कहा कि केजरीवाल और केंद्र की मोदी सरकार की नजरें मुस्लिम मुद्दों से हट गई हैं. जामिया मिलिया इस्लामिया में नए कुलपति की नियुक्ति पर उन्होंने कहा कि संस्थानों पर एक खास विचारधारा वाले लोग कब्जा कर रहे हैं, एक एबीबीपी कार्यकर्ता को जामिया का वीसी बनाया गया है, जो विश्वविद्यालय में एक विशेष सोच को आगे बढ़ाएगा. उन्होंने वक्फ बोर्ड पर कहा कि दिल्ली वक्फ बोर्ड का कोई चेयरमैन नहीं है, लोगों को समय पर वेतन नहीं मिल रहा है. इसके अलावा आज दिल्ली में कई मदरसों और मस्जिदों को शहीद कर दिया गया और कई जगहें ऐसी हैं जहां मंदिर नहीं तोड़े गए. लेकिन मस्जिद या मदरसा को शहीद कर दिया गया. उन्होंने केजरीवाल पर हुए हमले की निंदा की और हमले को वैचारिक बताया. स्वतंत्र पत्रकारिता में पत्रकारों का समर्थन करने और चुनौतियों का सामना करने और उनके संस्थानों, विरासत, संपत्तियों और परंपराओं की दृढ़ता से रक्षा करने और मुसलमानों और अन्य समुदायों के बीच वक्फ और मदरसों के बारे में जागरूकता पैदा करने पर सहमति के साथ सम्मेलन संपन्न हुआ सम्मेलन में प्रदेश प्रभारी अब्दुल बारी और प्रदेश उपाध्यक्ष शाहीन कौसर आदि नेता शामिल थे।

योग के माध्यम से स्तन कैंसर के प्रति जागरूकता - अपोलो कैंसर सेंटर की एक पहल

नई दिल्ली, 26 अक्टूबर, 2024 झ अपोलो कैंसर सेंटर (ACC) के तत्वावधान में, अपोलो एथेनिया - भारत के प्रथम महिला स्वास्थ्य केंद्र, ने आज नेहरू पार्क, योग स्थल, चाणक्यपुरी, नई दिल्ली में स्तन कैंसर जागरूकता योग कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया। यह कार्यक्रम ACC के #TalkPink अभियान का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य स्तन कैंसर के खिलाफ लड़ाई में योग की महत्वपूर्ण भूमिका को उजागर करना था। यह जागरूकता पहल कैंसर रोगियों के कल्याण और चिकित्सीय देखभाल को एकीकृत करने की ACC की प्रतिबद्धता को दशार्ती है जिसका उद्देश्य विरोहण यात्रा में रोगियों की सहायता करना और लोगों को एक बेहतर कल के लिए समग्र जीवन जीने के लिए प्रेरित करना है। इस कार्यक्रम में 250 कैंसर रोगियों और 100 से अधिक डॉक्टरों सहित 800 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया और स्तन कैंसर के खिलाफ लड़ाई में समग्र विरोहण के महत्व को उजागर करने के लिए अनेक सर्वाइवर, चिकित्सा पेशेवर और कल्याण अधिवक्ता एक-साथ इस मंच पर आएं। जागरूकता बढ़ाने के अलावा, इस कार्यक्रम के जरिए प्रतिभागियों को अपने जीवन में योग जैसी एकात्मक कल्याण प्रथाओं के सकारात्मक प्रभाव को प्रदर्शित करने का एक मंच भी मिला। सत्र का उद्घाटन भारत में डेनमार्क के माननीय राजदूत महामहिम फ्रेडी स्वेन ने किया, जो इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे। उन्होंने कहा, "डेनमार्क में, हम कैंसर की देखभाल में समग्र स्वास्थ्य के महत्व को पहचानते हैं, जहाँ योग शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य दोनों को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। महिलाओं के स्वास्थ्य के लिए अपोलो एथेनिया द्वारा आयोजित स्तन कैंसर जागरूकता पहल को देखकर मुझे खुशी हुई। स्तन कैंसर से प्रभावित लोगों के लिए एक सहायक स्थान बनाने में श्री सौरभ बोथरा जी का सहयोग देखकर मुझे प्रेरणा मिली है। यह सभा स्वास्थ्य सेवा में एकात्मक दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने, समुदाय में विरोहण और आशा को बढ़ावा देने के लिए हमारी साझा प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण एक चेयर योग सत्र था, जिसे विशेष रूप से स्तन कैंसर के रोगियों और इसके सर्वाइवर्स के लिए तैयार किया गया था, जिसका नेतृत्व विश्व प्रसिद्ध योग विशेषज्ञ श्री सौरभ बोथरा ने किया। योग सत्र में कैंसर रोगियों के शीघ्र विरोहण और उनके भावनात्मक कल्याण को बढ़ावा देने में मदद के लिए सहज आसन और श्वसन व्यायाम कराए गए। स्तन कैंसर वैश्विक स्तर पर महिलाओं में होने वाला सबसे आम प्रकार का कैंसर है, जो सभी मामलों का 23% है। 2030 तक विश्व भर में स्तन कैंसर के मामले 2 मिलियन से पार होने का अनुमान है, जिसमें विकासशील देशों का महत्वपूर्ण योगदान होगा। भारत में, स्तन कैंसर के मामले कथित तौर पर पूर्वोत्तर और प्रमुख शहरों में अधिक पाए गए हैं। डॉ. गीता कदयाप्रथ, वरिष्ठ सलाहकार - ब्रेस्ट सर्जरी, अपोलो कैंसर सेंटर, ने कहा, "हम यहाँ इस चेयर योग कार्यक्रम के लिए इकट्ठा हुए हैं और हमारा उद्देश्य स्तन कैंसर और विरोहण बढ़ाने में योग की भूमिका के बारे में बातचीत करना है।

पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता मैं छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा

कॉलेज में छात्राओं को सम्मानित करते अतिथि।

करनाल अक्टूबर : कुमारी विद्यावती आनंद डीएवी महिला महाविद्यालय में गणित विभाग की ओर से पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बीएससी, बीए तथा एमससी गणित की 36 छात्राओं ने हिस्सा लिया। गणित जैसे शुष्क कहे जाने वाले विषय से संबंधित विद्यार्थियों ने भी अत्यंत सुरूचिपूर्ण एवं आकर्षक पोस्टर बनाए। कार्यक्रम की संयोजिका डा. श्वेता धवन ने महाविद्यालय की प्राचार्या मीनू शर्मा को हरियाली का प्रतीक पौधा भेंट कर स्वागत किया। पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता में नंदनी, भूमिका, तमन्ना ने प्रथम, तेजस्वी, मुस्कान व मानसी ने द्वितीय तथा पवनदीप, नैंसी व संगीता ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया। प्रतियोगिता में डा. मंजू सिंह व डा. सुषमा ठाकुर ने निर्णायक की भूमिका निभाई और प्राचार्या मीनू शर्मा ने विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के लिए सभी उपयुक्त दिशा निर्देश प्राचार्या मीनू शर्मा द्वारा दिए गए। संपूर्ण कार्यक्रम का सफल आयोजन गणित विभाग की प्रमुख डा. श्वेता धवन के मार्गदर्शन में मोनिला बंसल, मीनू कालरा, सिल्की पुरी, मंजू, दीपिका व अनीता द्वारा किया गया।

करवाचौथ मेहंदी का विरोध करने वालों के खिलाफ राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग में षिकायत पत्र

नई दिल्ली। 26 अक्टूबर 2024 करवाचौथ के पर्व पर गत दिनों 19 अक्टूबर 2024 को नई दिल्ली के करोलबाग क्षेत्र के बीडनपुरा के एल ब्लॉक मे मेंन रोड पर मुस्लिम महिलाएं हिन्दू महिलाओं को करवाचौथ की मेहंदी लगा रही थीं तभी वहां पर हिन्दू सेना के असमाजिक तत्व आए और मुस्लिम महिलाओं के द्वारा हिन्दू महिलाओं की मेहंदी लगाने का विरोध करने लगे यह असमाजिक तत्व मुस्लिम समुदाय के खिलाफ आपत्ती जनक टिप्पणिया करते हुए मुस्लिम महिलाओं को धमकाने लगे जिस कारण यह मुस्लिम महिलाएं देष की अमन व षांति के लिए चुपचाप वहां से चली गईं इस संबंध में आयोग की मुस्लिम एडवायजरी पैनल के सदस्य मो. रियाज ने राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के चेयरमेंन इकबाल सिंह लालपुरा को इन समाजिक तत्वों के खिलाफ षिकायत पत्र देते हुए कहा आखिर क्या कारण है यह असमाजिक तत्व देष में धार्मिक नफरत का बीज बोकर हिन्दू मुस्लिम व्यवसायिक साझेदारी को समाप्त करना चाहते हैं जबकि देष के सभी नागरिकों को एक दूसरे से रोजगार करने का संवेधानिक अधिकार है। मो. रियाज ने आयोग के चेयरमेंन से कहा ऐसे व्यक्तियों पर आयोग के द्वारा कड़ी कानूनी कार्यवाही कराई जाएं आयोग के चेयरमेंन इकबाल सिंह लालपुरा ने कहा गंगा जमनी संस्कृति हिन्दू मुस्लिम एकता भारत की पहचान है। असमाजिक तत्व कभी भी इस साझी विरासत को नफरत में नहीं बदल सकते ऐसे व्यक्तियों के खिलाफ आयोग द्वारा कड़ी कानूनी कार्यवाही कराई जाएगी ताकि भविष्य में इस तरह का नफरती माहौल ना बने।

रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता में दो गोल्ड मैडल जीत मायरा बनी स्टेट चैंपियन

कोच संय गोयल के साथ मायरा गांधी।

करनाल अक्टूबर। करनाल की बेटी मायरा गांधी ने रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप में अव्वल दर्जे का प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया है। एसजीएफआई द्वारा रोहतक में आयोजित हरियाणा स्कूल गेम रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप में मायरा गांधी ने दो गोल्ड मेडल जीत कर स्टेट चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। स्केटिंग कोच संजय गोयल ने बताया कि दीपक गांधी व रचना गांधी की बेटी मायरा गांधी दिल्ली पब्लिक स्कूल की छात्रा हैं। वह रोहतक में आयोजित एसजीएफआई स्टेट रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप में अंडर-11 आयु वर्ग में क्वाड में 500 मीटर व 1000 मीटर में गोल्ड मेडल जीत कर स्टेट चैंपियन बनी हैं। इससे पहले मायरा सीबीएसई जोनल स्केटिंग चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल जीत चुकी है। अन्य कई प्रतियोगिताओं में भी वह गोल्ड मेडल जीत चुकी हैं। संजय गोयल ने आशा व्यक्त की कि मायरा नैशनल लेवल पर मेडल जीत करनाल व हरियाणा का नाम रोशन करेंगी। वह स्केटिंग के साथ पढ़ाई में भी अव्वल रहती हैं। इधर मायरा गांधी ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता व स्केटिंग कोच संजय गोयल को दिया है। करनाल के खिलाडि?ों व खेल एसोसिएशनों ने मायरा गांधी को बधाई एवं भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

दून पब्लिक स्कूल के बच्चों ने पर्यावरण व स्वच्छता को बचाए रखते हेतू गांव में निकाली जागरूकता रैली

जागरूकता रैली निकालते विद्यार्थी।

इन्द्री, अक्टूबर : दून पब्लिक स्कूल मुखाला में स्कूल स्टाफ और स्कूल के सभी बच्चों द्वारा प्रदूषण नियंत्रण अभियान के तहत गांव की गलियों में पर्यावरण स्वच्छता और प्रदूषण से बचाव के लिए रैली निकाली गई जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और प्रदूषण नियंत्रण का संदेश जन जन तक पहुंचाया। इस मौके पर स्कूली बच्चों ने जन-जन को बताना है प्रदूषण मुक्त पर्यावरण बनाना है, पराली नहीं जलाना है पर्यावरण को बचाना है ओर जन-जन का नारा है स्वच्छ भारत हमारा है जैसे नारे लगाकर गांववासियों को पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने तथा प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए जागरूक किया। इस मौके पर स्कूल की प्रधानाचार्य श्रीमती अनु कंबोज ने बच्चों को बताया कि हमें अपने पर्यावरण की रक्षा करनी चाहिए। यह सभी के लिए एक अमूल्य उपहार है। अतः हमें अपने पर्यावरण की रक्षा करनी चाहिए, इसे साफ स्वच्छ बनाए रखना चाहिए। इस अवसर पर स्कूल के अध्यापक सुखदेव शर्मा,रविंदर शर्मा,राजेंद्र कंबोज,प्रमोद गोयत,राम रतन कंबोज,संदीप गर्ग,आशा शर्मा,नेहा शर्मा, शगुन, रोमा, रमा,गीता, मीना, पूजा, निशा, ऊषा, आरती, रजनी,महक,शगुन, विमल, पूनम, निशा,देवेंद्र कौर, सीमा, गुरमीत, रितिका,और मधु सहित कई अन्य मौजूद रहे।

समाधान शिविर : चौथे दिन 16 शिकायत कर्त्ताओं की हुई सुनवाई, 6 का मौके पर हुआ समाधान

शेष का निश्चित समयावधि में समाधान करने के दिए निर्देश

करनाल अक्तूबर। नगर निगम आयुक्त नीरज कादियान ने बताया कि आमजन की शिकायतों का मौके पर ही समाधान करने के मकसद को लेकर नगर निगम कार्यालय में बीती 22 अक्तूबर से समाधान शिविर लगाए जा रहे हैं। शुक्रवार को शिविर के चौथे दिन आए नागरिकों की सम्मान के साथ शिकायतें सुनी गई और उनका समाधान किया गया।उन्होंने जानकारी देते बताया कि समाधान शिविर में कुल 16 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 6 का मौके पर ही समाधान कर दिया गया और शेष शिकायतों का निश्चित समयावधि में समाधान को लेकर सम्बंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए गए हैं। शिविर में आने वाले आम आदमी को त्वरित समाधान दिया जाए। उन्होंने सभी शाखा प्रभारियों को भी आदेश दिए हैं कि समाधान शिविर में आई शिकायत का शीघ्र अति शीघ्र निपटान करवाया जाए।

चाय के खोखे में अज्ञात युवक ने लगाई आग, हजारों का नुकसान

लोक तंत्र की शान
प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा

हसनपुर। शनिवार को तहसील क्षेत्र के कस्बा उझारी में चाय के खोके में एक युवक द्वारा आग लगा दी गई जिससे खोखे में रखा हजारों रुपए का सामान जलकर नष्ट हो गया, घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया तथा लोगों ने जलते हुए धोखे की वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दी, वही पीड़ित ने अज्ञात युवक के खिलाफ आग लगाने और हजारों के नुकसान होने की सूचना पुलिस को दी है बता देते हैं कि कस्बा उझारी निवासी मोहल्ला मंसूरपुर निवासी मोहम्मद बासित जो अंबेडकर राजकिय इंटर कॉलेज के सामने संभाल हसनपुर मार्ग पर चाय की दुकान चलाते हैं शुक्रवार की शाम दुकान बंद कर-के रोजाना की तरह घर को चले गए, लेकिन शनिवार की सुबह लोगों ने चाय की दुकान में आग लगी देखकर मोहम्मद बासित को सूचना दी, जब तक मोहम्मद बासित मौके पर पहुंचे तब तक सारा सामान जलकर राख हो चुका था पीड़ित ने तने बताया कि उनके खोखे में चाय के पैकेट, सिगरेट की डिबिया, गुटके, अंडे की क्रिएट आदि सहित लगभग 40000 हजार से अधिक कीमत का सामान जलकर राख हो गया, मोहम्मद बासित ने अज्ञात युवक के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है, थाना सैद नंगली थाना अध्यक्ष रमेश सहरावत ने बताया कि तहरीर प्राप्त हुई है ,जांच की जा रही है तथा पुलिस पीड़ित की हर संभव मदद करेगी।

नाबालिग बच्ची के साथ दुष्कर्म करने का आरोपी अभियुक्त गिरफ्तार

(देवेंद्र शर्मा)

लखनऊ। थाना मोहनलालगंज दिनांक 25/10/24 को वादिनी कि पुत्री उम्र 05 वर्ष को गांव के ही एक बाबा जिसका नाम मैकूलाल पुत्र डला प्रसाद निवासी मोहनलालखेड़ा थाना मोहनलालगंज लखनऊ का है जिसने प्रार्थिनी की बेटी के साथ दुष्कर्म किया है। की सूचना पर तत्काल थाना मोहनलालगंज लखनऊ में मु०अ०सं० 498/2024 धारा 65 (2)/351(3)/352 BNS व 5'/5/6 पाक्सो एक्ट पंजीकृत किया गया था। साक्ष्य संकलन व विवेचना के क्रम में आज दिनांक 26/10/24 को उक्त अभियोग में नामित अभियुक्त मैकूलाल उपरोक्त को डेहवा तिराहे से गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजा गया, गिरफ्तार करने वाली टीम में U0उ0नि0 यशवंत सिंह, का0 अरूण कुमार,का0 विकास जायसवाल शामिल रहे।

रोटरी क्लब आकर्षण द्वारा दीपावली मेला आज

लोक तंत्र की शान
प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा

हसनपुर। नगर की समाजसेवी संस्था रोटरी क्लब आकर्षण हसनपुर द्वारा दीपावली महोत्सव 2024 का आयोजन रविवार यानी आज 6 बजे नगर के मैथिली गार्डन में आयोजित किया जा रहा है जिसमें विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं एवं चाट, खाने पीने के स्टॉल आदि सहित लकी ड्रा एवं बंपर ड्रा भी आयोजित किए जाएंगे इस संबंध में रोटेरियन आदेश अग्रवाल ने बताया कि दीपावली उत्सव की पूरी तैयारी कर ली गई है तथा दीपावली उत्सव/दीपावली मेला बहुत ही भव्य एवं आकर्षण के साथ आयोजित किया जाएगा, शनिवार को एक बैठक कर दीपावली मेले की तैयारी की जानकारी पत्रकारों को दी गई इस मौके पर मुख्य रूप से रोटेरियन आदेश अग्रवाल, रोटेरियन कुलभूषण सक्सेना, रोटेरियन लवकेश अग्रवाल उर्फ लब्बू, रोटेरियन तरुण अग्रवाल, रोटेरियन राजीव अग्रवाल सर्राफ, क्लब की अध्यक्षा रोटेरियन संगीता अग्रवाल, सचिव रोटेरियन डॉक्टर ऋचा गुप्ता, कोषाध्यक्ष रोटेरियन ऋतु सक्सेना, राहुल अग्रवाल, मोहित शर्मा, राजपुरुष अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

गन्ने के खेत में मचान पर लटका मिला 15 वर्षीय युवक का शव

लोक तंत्र की शान
प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा

हसनपुर /रहरा। शनिवार को रहरा थाना के एक गांव में एक युवक का शव खेत में बने मचान पर लटका हुआ मिला, जिसकी सूचना मिलते ही क्षेत्र में हड़कंप मच गया वही मौके पर पहुंचे परिजनों ने युवक की हत्या कर शव लटकाए जाने का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा कांटा, उधर सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया तथा पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, बता ते चले कि मामला रहरा थाना क्षेत्र के गांव नानई का है, नानई ग्राम निवासी 15 वर्षीय विक्की पुत्र सुरेंद्र सिंह जाटव अपने दादा-दादी के साथ रह रहा था तथा विक्की के मम्मी, पापा नोएडा में बड़े बेटे के साथ रहते हैं, बताया जा रहा है कि विक्की को गांव का ही एक युवक शाम के समय बुलाकर ले गया था, देर रात तक घर न लौटने पर विक्की की तलाश की गई जहां शनिवार की सुबह विक्की का शव गांव से 2 किलोमीटर दूरी पर स्थित गन्ने के खेत में बने मचान से फांसी के फंदे पर प्लास्टिक के रस्सी से लटका हुआ मिला, मचान पर शव मिलने की सूचना पर परिवार में कोहराम मच गया, मौके पर पहुंचे परिजनों ने जमकर हंगामा काटा और युवक की हत्या कर शव लटकाए जाने का आरोप लगाया, उधर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, वहीं घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट टीम में साक्षय जुटाए हैं, मृतक के चाचा कवेंद्र ने बताया कि मृतक तीन भाई बहनों में दूसरे नंबर का था तथा गांव में ही दादा-दादी के साथ रह रहा था, वही किशोर की मौत से मां मंजू देवी व परिवार वालों का रो, रो कर बुरा हाल है, वही परिजनों ने पुलिस से आरोपियों की जल्द ही गिरफ्तारी की मांग की है, परिजनों एवं ग्रामीणों ने पुलिस से स्पष्ट शब्दों में कहा है कि यदि हत्यारे जल्दी गिरफ्तार नहीं किए गए तो परिजन ग्रामीणओ संग रोड जाम करेंगे, वही मौके पर पहुंचे पुलिस क्षेत्राधिकारी दीप कुमार पंत ने परिजनों को जल्द ही हत्यारे की गिरफ्तारी का आश्वासन दिया है।

योगी सरकार की पहल, दीपावली पर चटख रंगों से जगमगाएंगे वनटांगिया गांव

लखनऊ/गोंडा, 26 अक्टूबर 2024। आदिवासी और वनवासी समाज को मुख्यधारा में लाने की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अनवरत प्रयासों का सकारात्मक प्रभाव दिखाई देने लगा है। स्वयं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हर साल वनटांगिया समाज के साथ दीपावली का पर्व मनाते हैं। वहीं योगी सरकार की ओर से एक नई पहल के तहत वनटांगिया दीपोत्सव 2024 के लिए वनटांगिया समुदाय के घरों और गांव को दीपावली के अवसर पर चटख रंगों और अल्पनाओं से सजाया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 'जीरो पॉवर्टी' मिशन के तहत, गोंडा के रामगढ़ और महेशपुर गांवों के वनटांगिया परिवारों के घरों की पेंटिंग कराई जा रही है। इस पहल का उद्देश्य न केवल इन ग्रामीण परिवारों को आत्मनिर्भर बनाना है, बल्कि उनके जीवन में उत्साह और त्योहारों की खुशी का वातावरण बनाना है।

घरों को नई पहचान दे रहीं लोक चित्रकला और अल्पनाएं

योगी सरकार की इस पहल के तहत घरों की दीवारों पर रंग-बिरंगी पेंटिंग्स और अल्पनाओं का काम किया गया है, जिसमें प्रमुख रूप से लाल, पीला, हरा और नीला जैसे चटख रंगों का उपयोग हुआ है।

इसके साथ ही दीवारों पर पारंपरिक लोक चित्रकला और अल्पनाओं से सजी सुंदर कलाकृतियां इन घरों को एक नई पहचान दे रही हैं। रामगढ़ वन टांगिया गांव के निवासी मनीराम और अनिल कुमार ने बताया कि पहली बार उनके घर इतने खूबसूरत और त्योहारों की खुशी से सजे-संवरे नजर आ रहे हैं। जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य केवल घरों को सुंदर बनाना नहीं था, बल्कि यह वनटांगिया समुदाय में स्वच्छता, सुंदरता और आत्मसम्मान की भावना को प्रोत्साहित करने के लिए थी। दीपावली का पर्व खुशियों और प्रकाश का प्रतीक है। प्रशासन की इस पहल के माध्यम से वनटांगिया समुदाय के परिवारों में उत्सव का एक नया रंग भरने का प्रयास किया गया है।

वनटांगिया परिवारों को योगी सरकार देगी उपहार

मुख्यमंत्री के निर्देश पर वनटांगिया दीपोत्सव के तहत 27 अक्टूबर को एक विशेष समारोह का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें वनटांगिया समुदाय के परिवारों को उपहार, कपड़े और दैनिक जीवन की अन्य आवश्यक वस्तुएं दी जाएंगी। इसके साथ ही, 24 और 25 अक्टूबर को विशेष स्वच्छता अभियान और स्वास्थ्य शिविर का आयोजन भी किया गया, जिसमें ग्रामीणों के लिए स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया और स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया है। इस नई पहल ने वनटांगिया परिवारों में उत्सव का नया रंग भर दिया है और योगी सरकार का यह कदम ग्रामीण जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है।

गोरखपुर में बनेगा विश्वस्तरीय रोइंग स्पोर्ट्स सेंटर: योगी

गोरखपुर, 26 अक्टूबर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के एक ऐलान से गोरखपुर में रोइंग स्पोर्ट्स सेंटर बनने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि रामगढ़ताल के समीप विश्व स्तरीय रोइंग स्पोर्ट्स सेंटर बनाने के लिए सरकार रोइंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (आरएफआई) को वाटर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में जगह उपलब्ध कराएगी। उन्होंने यह भी कहा कि प्रदेश की सभी बड़ी झीलों में वाटर स्पोर्ट्स की संभावनाओं को आगे बढ़ाने का प्रयास किया जाएगा। शनिवार को रामगढ़ताल में आयोजित 25वीं सब जूनियर नेशनल रोइंग चैंपियनशिप के समापन समारोह में खिलाड़ियों और उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश में रोइंग के क्षेत्र में असीम संभावनाएं हैं। जरूरत है प्रतिभाओं को तराशने की। हमारे रोइंग खिलाड़ी ओलंपिक और अन्य वैश्विक प्रतिस्पधाओं में प्रतिभाग कर मेडल जीत सकते हैं। रोइंग में प्रतिभाओं को तराशने के लिए सरकार रोइंग फेडरेशन ऑफ इंडिया के अनुरोध पर रोइंग स्पोर्ट्स सेंटर खोलने के लिए रामगढ़ताल के पास बने वर्ल्ड क्लास वाटर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में स्पेस देगी। साथ ही सेंटर को आगे बढ़ाने के लिए भी प्रदेश सरकार हर प्रकार का सहयोग देगी।

प्रदेश की अन्य बड़ी झीलों में भी तलाशेंगे रोइंग की संभावनाएं

मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी में कई प्राकृतिक झीलें हैं, वहां भी रोइंग की संभावनाओं को आगे बढ़ाने का प्रयास किया जाएगा।

सीएम योगी ने एशियन गेम्स और अंतरराष्ट्रीय स्तर की अन्य रोइंग स्पधाओं में पदक जीतने वाले यूपी के खिलाड़ियों लक्ष्मण अवार्डी और देवरिया के युवा कल्याण अधिकारी पुनीत बालियान, लक्ष्मण अवॉर्डी कुदरत अली, बुलंदशहर निवासी अरविंद सिंह, सुल्तानपुर निवासी मोहम्मद आजाद, हापुड़ निवासी लोकेश कुमार और संतकबीरनगर निवासी राजेश कुमार का जिक्र करते हुए कहा कि रोइंग के इन खिलाड़ियों ने प्रदेश का मान देश और दुनिया में बढ़ाया है।

समस्याओं का निस्तारण ना होने पर भारतीय किसान संघ करेगा आंदोलन: चंद्र प्रकाश शर्मा

लोक तंत्र की शान
प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा

अमरोहा। शनिवार को भारतीय किसान संघ की एक बैठक कृषि सभागार कक्ष अमरोहा में संपन्न हुई, जिसमें कृषि उपनिदेशक व अन्य विभाग के अधिकारियों ने कृषि संबंधी योजनाओं के बारे में किसानों को अवगत कराया, वहीं भारतीय किसान संघ में किसानों की समस्याओं के निस्तारण ना होने पर आंदोलन की चेतावनी दी, भारतीय किसान संघ के जिला अध्यक्ष चंद्र प्रकाश शर्मा ने किसानों की मुख्य समस्याएं बताई, जिसमें मांग की गई की गन्ने का मूल्य 500 रुपए प्रति कुंतल घोषित कर अक्टूबर के अंत तक चीनी मिल चालू की जाए, बिजली विभाग द्वारा किसानों के घरों के मीटर के बिल अत्यधिक आ रहे हैं जिन्हें ठीक कराया जाए तथा धान खरीद केंद्र पर किसानों के धानो की खरीद अति शीघ्र प्रारंभ कराई जाए, ग्राम मिजार्पुर डूंगर को जाने वाला पक्का मार्ग अत्यधिक क्षतिग्रस्त है जिसे ठीक कराया जाए, वही जिले से गुजर रही मध्य गंगा नहर में किसान हित को ध्यान में रखते हुए लगातार पानी छोड़ा जाए, साथ ही किसान क्रेडिट कार्ड पर लगाए जाने वाले अन्य चार्ज को खत्म करते हुए जिन किसानों के पास बाग लगी भूमि है उसे भी किसान क्रेडिट कार्ड की तरह सुविधा दी जाए, इस संबंध में चंद्र प्रकाश शर्मा ने बताया कि उपरोक्त समस्याओं का शीघ्र निस्तारण ना होने पर भारतीय किसान संघ सैकड़ो की संख्या में किसानों के साथ कलेक्ट्रेट पर पहुंचकर धरना प्रदर्शन को विवश होगा।

श्रद्धालुओं को होंगे भारत की पुरातन संस्कृति और वैभव के दर्शन

प्रयागराज, 26 अक्टूबर। महाकुंभ-2025 में जब श्रद्धालु आएंगे तो उन्हें भारत की संस्कृति और वैभव के दर्शन भी होंगे। योगी सरकार के सहयोग से इलाहाबाद/प्रयागराज संग्रहालय भव्य प्रदर्शनी लगाएगा। महाकुंभ में राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में बनने जा रहे विश्व के सबसे बड़े युगे-युगीन संग्रहालय का ट्रेलर देखने को मिलेगा।

लघु और आधुनिक चित्र कला का समृद्ध संग्रह

देश के चार राष्ट्रीय संग्रहालयों में एक प्रयागराज में स्थित है। संग्रहालय में विविध प्रकार के संग्रह हैं, जिनमें यथा मूर्तिशिल्प, मृण्मूर्ति, लघुचित्र कला, आधुनिक चित्र कला, पुरातात्विक वस्तु, मुद्राएं, अस्त्र-शस्त्र, वस्त्र, पाण्डुलिपि, फरमान आदि हैं। मूर्ति कला संग्रह में अशोक स्तम्भ शीर्ष (तीसरी सदी ई. पूर्व) 58 भरहुत स्तूप के (दूसरी सदी ई.पू.) कला शिल्प, जिसमें जातक कथाओं के दृश्य हैं, स्तम्भ, बड़ेर, तोरण पूर्व कला शिल्प वीथिका में प्रदर्शित हैं। मध्य कालीन मूर्ति शिल्प अनुभाग में वैष्णव, शाक्त, शैव और जैन मूर्तियां हैं। लघु चित्र कला और आधुनिक चित्र कला का समृद्ध संग्रह है।

डिजिटल प्रदर्शनी में नजर आएगा इतिहास

इलाहाबाद/प्रयागराज संग्रहालय के डिप्टी क्यूरेटर डॉ. राजेश मिश्रा ने बताया कि महाकुंभ-2025 में प्रदर्शनी के लिए संग्रहालय को योगी सरकार की ओर से स्थान उपलब्ध कराया जा रहा है। महाकुंभ में संग्रहालय की ओर से डिजिटल प्रदर्शनी लगाई जाएगी, जिसमें इतिहास से जुड़ी वस्तुओं का प्रदर्शन होगा। एक अमृत कलश भी बनाया जाएगा।

जनता की मदद में लापरवाही पर होगी कार्रवाई : मुख्यमंत्री

गोरखपुर, 26 अक्टूबर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जन समस्याओं के निस्तारण और पीड़ितों की मदद में विलंब या लापरवाही किसी भी दशा में नहीं होनी चाहिए। लापरवाही हुई तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाएगी। किसी पीड़ित की समस्या के निस्तारण में यदि कहीं भी कोई दिक्कत आ रही है तो उसका पता लगाकर समाधान कराया जाए। किसी स्तर पर जानबूझकर कर प्रकरण को लंबित रखा गया तो संबंधित की जवाबदेही तय की जाए। सीएम योगी ने यह निर्देश शनिवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता जनता दर्शन के दौरान लोगों की समस्याएं सुनने के दौरान दिए। मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने आयोजित जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने करीब 300 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने सभी को आश्वस्त किया कि किसी को भी चिंता करने या परेशान होने की आवश्यकता नहीं है। हर समस्या का वह प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित कराएंगे। इसे लेकर उन्होंने प्रशासन व पुलिस के अधिकारियों को मौके पर ही हिदायत दी कि जनता की समस्याओं का समयबद्ध, निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। कुछ प्रकरणों पर उन्होंने अफसरों को निर्देशित किया कि यह भी पता लगाएं कि यदि किसी को प्रशासन का सहयोग नहीं मिला है तो ऐसा क्यों और किन कारणों से हुआ। हर पीड़ित की त्वरित मदद की जाए।

हर पात्र को मिलेगा सरकारी योजनाओं का लाभ

उन्होंने जमीन कब्जाने की शिकायतों पर विधि सम्मत कठोर कदम उठाने का निर्देश दिया। आवास व अन्य जरूरतों की मांग को लेकर पहुंचे लोगों को मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि हर पात्र व्यक्ति को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिलेगा। उन्होंने अफसरों से कहा कि जो जरूरतमंद किन्हीं भी कारणों से आवास से वंचित रह गए हैं उन्हें पीएम या सीएम आवास योजना का आवास दिलाया जाए।

निखर-संवर रहे हैं कुंभ नगरी प्रयागराज के द्वादश माधव मंदिर

प्रयागराज, 26 अक्टूबर। संगम नगरी प्रयागराज की पहचान उसके धार्मिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक स्वरूप से है। योगी सरकार द्वारा 2019 के कुम्भ के दिव्य, भव्य और स्वच्छ आयोजन से मिली वैश्विक पहचान ने कुम्भ नगरी प्रयागराज में पर्यटन की अपार संभावनाओं के द्वार खोल दिए हैं। प्रयागराज में संगम के अतिरिक्त द्वादश माधव और पंचकोशी परिक्रमा के रूप में धार्मिक पर्यटन की पर्याप्त संभावनाएं मौजूद हैं। पर्यटन विभाग इन्हें तेजी से विकसित कर रहा है।

महाकुंभ के पूर्व द्वादश माधव का कायाकल्प

कुंभ नगरी प्रयागराज पौराणिक मंदिरों का शहर है। इसे तीर्थराज भी कहा जाता है। इन मंदिरों में भी द्वादश माधव कुम्भ नगरी की आध्यात्मिक पहचान है। इन द्वादश माधव के मंदिरों के कायाकल्प के लिए योगी सरकार का संकल्प धरातल पर उतर रहा है। यूपी राज्य पर्यटन विभाग इन बारह माधव के मंदिरों को पर्यटन के नक्शे में विशेष स्थान देने में लगा हुआ है। अपर कुंभ मेला अधिकारी विवेक चतुर्वेदी बताते हैं कि महाकुंभ के पूर्व द्वादश माधव के मंदिरों का पुनरोद्धार किया जा रहा है। कायाकल्प का कार्य समापन के निकट है और अंतिम चरण पर कार्य चल रहा है। इसका तकरीबन 85 फीसदी कार्य पूरा हो चुका है। कुल 12.34 करोड़ की लागत से इन प्राचीन पौराणिक मंदिरों को नव्य स्वरूप दिया जा रहा है।

प्राचीन संरचनाओं के संरक्षण के साथ सौंदर्यीकरण

महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र कुंभ क्षेत्र के अलावा प्रयागराज के प्राचीन मंदिर भी हैं, जिनके साथ यहां की पौराणिक मान्यता जुड़ी हुई है। मंदिरों के इस समूह में द्वादश माधव मंदिर समूह सर्वप्रथम है जिनकी मूल संरचना को संरक्षित रखते हुए उनका पुनरोद्धार हो रहा है। अपर कुंभ मेला अधिकारी विवेक चतुर्वेदी का कहना है कि इन मंदिरों में थीम पर आधारित प्रवेश द्वार, म्यूरल्स, रेड सैंड स्टोन से बने साइनजेज, सत्संग भवन, बैठने के लिए बेंचेस ,फ्लोरिंग, पेय जल की व्यवस्था, टॉयलेट्स बाउंड्री वॉल और ग्रीनरी का विकास किया गया है। परिसर में ट्री पेंटिंग के अलावा पेंट माय सिटी अभियान की धार्मिक और आध्यात्मिक प्रतीकों को भी चित्रित किया जाएगा।

त्योहारों से पहले व्यापारियों और नागरिकों के साथ पुलिस की विशेष बैठक

(देवेंद्र शर्मा)

लखनऊ हजरतगंज। थाने में संभ्रांत नागरिकों और व्यापारियों के साथ पुलिस की विशेष बैठक आयोजित -डीसीपी सेंट्रल समेत वरिष्ठ पुलिस अधिकारी और व्यापार मंडल के पदाधिकारी रहे मौजूद -सुरक्षा व भीड़ नियंत्रण के लिए व्यापारियों को पुलिस का सहयोग सुनिश्चित करने का आश्वासन - पुलिस और व्यापारियों के बीच संवाद, सीसीटीवी कैमरे और सुरक्षा उपायों पर विशेष चर्चा -त्योहार शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाने की अपील, हर समाधान के लिये पुलिस तत्पर।

अंबाला

सिक्ख सीनियर सैकेंडरी स्कूल में निकाली नशा मुक्ति पर आधारित रैली

रैली निकालते विद्यार्थी साथ प्रधानाचार्या सुखजिंदर कौर कीथ।

अंबाला छावनी : सिक्ख सीनियर सैकेंडरी स्कूल में शुक्रवार को नशा मुक्ति पर आधारित रैली निकाली गई। इस रैली में 11वीं तथा 12वीं कक्षा के लगभग 100 बच्चों ने भाग लिया। इस रैली का मुख्य लक्ष्य देश के लोगों को नशे से हो रही हानियों से अवगत करवाना था ताकि धूम्रपान आदि खतरनाक नशे के पदार्थों से लोग अधिक से अधिक दूरी बनाकर रखें ताकि देश के सभी नागरिक स्वस्थ रहें और हमारा एक स्वस्थ समाज बन सके। यह रैली स्कूल से लेकर बाजारों में घूमती हुई वापिस विद्यालयआई। विद्यालय की प्रधानाचार्या सुखजिंदर कौर कीथ ने बच्चों को बताया कि नशा एक ऐसा धीमा जहर है जो दिन प्रतिदिन प्रत्येक नशे से ग्रस्त व्यक्ति को खाता ही जा रहा है अतः प्रत्येक नौजवान को नशे की लत से परे रहना चाहिए। विद्यालय की उप प्रधानाचार्या मैडम रीटा शर्मा ने बच्चों को नशे से बढ़ती जा रही बीमारियों के बारे में अवगत करवाया। अतः हमें नशे का सेवन नहीं करना चाहिए बल्कि दूसरों को भी इसकी हानियां बताते हुए इससे सचेत करना चाहिए। इस रैली में विद्यालय की 12वीं वाणिज्य संकाय की अध्यापिका बबीता कल्याण का भी विशेष योगदान रहा।

साहा-कालपी व साहा शहजादपुर मार्ग फोरलेन की घोषणा पर जताया आभार

मुख्य मंत्री हरियाणा नायब सैनीं के साथ मोनिका कालड़ा।

मुलाना, अक्तूबर : भाजपा के वरिष्ठ नेत्री एवं प्रदेश कार्यकरिणी सदस्य महिला मोर्चा मोनिका कालड़ा ने सभी हल्का वासियों को बधाई देते हुए कहा कि हम सब बहुत भाग्यशाली हैं कि दूसरी बार अंबाला जिला सीएम सिटी बना है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी के शपथ लेने की महज 6 दिन के बाद ही कई वर्षों से अटके हुए साहा-कालपी मार्ग व साहा-शहजादपुर मार्ग के फोरलेन होने की मंजूरी मिल गई है। इसके लिए हम सभी मुख्यमंत्री नायब सैनी का बहुत-बहुत धन्यवाद करते हैं और आभार व्यक्त करते हैं। मार्ग फोरलेन होने से लोगों का सफर सुगम व कम समय में तय होगा । जिससे हजारों लोगों को फायदा होने जा रहा है। हमें आशा है कि भाजपा की डबल इंजन की सरकार में मुलाना हल्के में विकास की गति बुलेट ट्रेन से भी ज्यादा होगी और मुलाना हल्के के रुके हुए सभी विकास कार्य जल्द पूरा होंगे।

रोहतक टोल प्लाजा पर शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा का किया गया स्वागत

रोहतक मंगल कमल में सदस्यता अभियान कार्यशाला में पहुंचे शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा

रोहतक सुखविन्दर सोही

रोहतक। शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा के रोहतक दौरे के दौरान उनका रोहतक टोल प्लाजा पर भाजपा पदाधिकारीयों व कार्यकताओं के द्वारा स्वागत किया गया। महीपाल ढांडा रोहतक भाजपा कार्यालय मंगल कमल में सदस्यता अभियान कार्यशाला की बैठक में हिस्सा लेने के लिए रोहतक जा रहे थे,उनके रोहतक टोल पहुँचने पर उनका बुके देकर सैंकड़ो कार्यकताओं ने स्वागत किया,उसके बाद उन्होंने रोहतक भाजपा कार्यालय में सदस्यता अभियान की कार्यशाला में हिस्सा लिया जहाँ पहुँचने पर भाजपा पदाधिकारियों ने उनका फूल मालाओं से स्वागत किया, महीपाल ढांडा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार इसलिए बनी है क्योंकि भाजपा की अपनी जनकल्याणकारी नीतियां हैं भाजपा ने जो काम किया है वह अपने आप में ऐतिहासिक हैं चाहे वह किसानों के लिए हो या युवाओं के लिए। भाजपा सरकार के पिछले 10 साल के कार्यों को देखकर ही जनता ने तीसरी बार हरियाणा में फिर से भाजपा की सरकार चुनी है जो जनहित के लिए काम कर रही है उन्होंने कहा कि देशभर में सदस्यता अभियान

1 सितंबर से शुरू हो चुका है लेकिन जम्मू-कश्मीर ,हरियाणा, महाराष्ट्र और झारखंड जैसे चुनावी राज्यों में सदस्यता अभियान चुनाव के बाद चलाया जाना था अब क्योंकि हरियाणा के चुनाव संपन्न हो गए हैं इसके चलते अब यह सदस्यता अभियान शुरू किया जा रहा है भाजपा ने पूरे हरियाणा में 50 लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा है अब प्रदेश स्तर पर कार्यशाला आयोजित की जा रही हैं जिसमें प्रदेश के नेताओं को सदस्यता अभियान के लिए बताया जा रहा है इसके बाद 28-29 अक्टूबर को जिला स्तर पर कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा,उसके बाद मंडल सत्र पर कार्यशाला आयो।

खालसा कालेज की छात्राओं ने एमएससी कंप्यूटर साइंस के परिणामों में किया बेहतरीन प्रदर्शन

प्रधान स. कंवरजीत सिंह प्रिंस ने कॉलेज पहुंचने पर किया सम्मानित

करनाल सुखविन्दर सोही

करनाल। गुरु नानक खालसा कॉलेज करनाल में एमएससी कंप्यूटर साइंस विभाग की विद्यार्थियों ने मेरिट में स्थान बनाकर एक बार फिर कॉलेज का नाम रोशन किया है। इस बारे में जानकारी देते हुए कॉलेज की प्राचार्य प्रो. शशी मदान ने बताया कि एमएससी कंप्यूटर साइंस द्वितीय सेमेस्टर की छात्रा गुरसिमरनजीत कौर ने 82 प्रतिशत अंक प्राप्त करते हुए कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। प्राचार्य ने बताया कि वही छात्रा रेनू ने 80.15 प्रतिशत अंकों के साथ विश्वविद्यालय में चौथा स्थान, इशिका खोखर ने 78 प्रतिशत अंकों के साथ विश्वविद्यालय में आठवां स्थान तथा कीर्ति ने 76.3

प्रतिशत अंकों के साथ विश्वविद्यालय में नौवां स्थान प्राप्त किया है। कॉलेज प्रबंधन समिति के प्रधान सरदार कंवरजीत सिंह प्रिंस तथा उप प्रधान सरदारनी कंवरप्रीत कौर ने कॉलेज पहुंचने पर मेरिट में आए विद्यार्थी छात्राओं का स्वागत किया। सरदार कंवरजीत सिंह प्रिंस ने कहा कि कॉलेज पूर्व सांसद, स्पीकर, मंत्री एवं पूर्व प्रधान स्वर्गीय सरदार तारा सिंह जी के दिखाए मार्ग पर चलते हुए निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि मेरिट में आने वाली छात्राओं को हर संभव सहायता उपलब्ध करवाई जाएगी। इस अवसर पर डॉ जुझार सिंह, प्रो. गुरप्रीत कौर, प्रो. रितु शर्मा तथा प्रो. कनिका उपस्थित रहे।

पटाखों का ध्वनि, वायु प्रदूषण के साथ ही स्वास्थ्य पर भी पड़ता है गंभीर प्रभावः डॉ आरपी सैनी

करनाल। सुखविंदर सोही

करनाल। डीएवी पीजी कॉलेज के एनएसएस प्रकोष्ठ और एनसीसी विंग के संयुक्त तत्वाधान में दीवाली पर पटाखे न जलाने के लिए संदेश देने हेतु रैली निकाली गई। जिसको कॉलेज प्राचार्य डॉ. रामपाल सैनी ने हरी झंडी देकर रवाना किया। विद्यार्थियों की यह रैली कॉलेज से चलकर, बस स्टैंड, डॉ.भीमराव अंबेडकर चौंक और रैडक्रॉस से होते हुए कॉलेज में पंहुची जहां कॉलेज प्राचार्य ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि दीवाली का त्यौंहार खुशियों और रोशनी का प्रतीक है जिसे हमें शांति और स्वच्छता के साथ मनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि दीवाली पर हमें खुद भी यह प्रण लेना चाहिए कि हम पटाखे न जलाकर दीपों की रोशनी से दीवाली मनाएगें और दूसरों को

भी प्रेरित करेंगे। डॉ. आरपी सैनी ने कहा कि पटाखों से न केवल वायु और ध्वनि प्रदूषण होता है, बल्कि इससे स्वास्थ्य पर भी गंभीर प्रभाव पड़ता है। डॉ. सैनी ने जोर देते हुए कहा कि हमें पर्यावरण की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मिट्टी के दीपकों और सजावटी फूलों से अपने घरों को सजाकर इस त्यौंहार को मना सकते हैं। प्राचार्य डॉ. रामपाल सैनी ने कहा कि पटाखे जलाने से होने वाले वायु और ध्वनि प्रदूषण के नकारात्मक प्रभावों के बारे लोगों को जागरूक करना था। विद्यार्थियों ने अपने हाथों में तख्ती पर लिखे बैनर और पोस्टर उठाए हुए थे। डॉ. आरपी सैनी ने कहा कि वर्तमान समय के परिदृश्य को देखते हुए पर्यावरण की रक्षा करना आज के समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि हमारे विद्यार्थियों द्वारा पराली न जलाने और पटाखे न जलाने जैसे ज्वलंत मुद्दों जागरूक करना पर्यावरण को साफ रखने प्रयास सराहनीय है। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. बलराम शर्मा ने कहा कि समाज के हर व्यक्ति को अपने।

रविवार को कुरुक्षेत्र करनाल और घरौंडा में होगा विधानसभा अध्यक्ष हरविंदर कल्याण का जबरदस्त स्वागत

करनाल सुखविंदर सोही

हरियाणा। विधानसभा के नवनियुक्त अध्यक्ष हरविंदर कल्याण रविवार 27 अक्टूबर को अपने विधानसभा क्षेत्र घरौंडा में पहुंचेंगे लेकिन इससे पहले करनाल और कुरुक्षेत्र में उनका ठहराव होगा जहां लोग उनका भव्य स्वागत करेंगे इस बीच कई स्थानों पर उनके स्वागत में कार्यक्रम रखे गए हैं आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि नवनियुक्त विधानसभा अध्यक्ष 27 अक्टूबर को सबसे पहले कुरुक्षेत्र के पेराकीट टूरिस्ट कंपलेक्स पर रुकेंगे जंहा उनके आगमन को लेकर भव्य स्वागत कार्यक्रम रखा गया है। इसके बाद वह सुबह 10:30 बजे के आसपास नीलोखेड़ी के काली माता मंदिर रोड स्थित लोगों से मुलाकात करेंगे। इसके बाद वह 11:00 बजे के आसपास करनाल में आएंगे और फिर सीधे अपने मधुबन स्थित कल्याण फार्म हाउस पर जाएंगे। सूत्रों के मुताबिक नवनियुक्त विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण सुबह करीब 11 करनाल के लघु सचिवालय में अधिकारियों की बैठक लेंगे। बताया जा रहा है कि घरौंडा में उनके फार्म हाउस पर उनके भव्य स्वागत की तैयारी की जा

रही है। इसके अलावा उनके विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ता उनके आगमन को लेकर अच्छे खासे उत्साहित हैं। बता दें कि विधानसभा अध्यक्ष चुने जाने के बाद हरविंदर कल्याण 27 अक्टूबर को पहली बार करनाल और घरौंडा का दौरा करेंगे। इस बीच कई स्थानों पर उनका भव्य स्वागत होगा।

दिवाली के अवसर पर जीवनधारा वृद्धाश्रम में फलों, मिठाई, दीये और मोमबत्तियां की वितरित

दिवाली के अवसर पर वृद्धाश्रम में वृद्ध जानो के साथ खुशी मानते।

अंबाला शहर, अक्तूबर : देव समाज कॉलेज फॉर गर्ल्स अबाला शहर में एन एस एस विभाग की ओर से दिवाली के अवसर पर जीवनधारा रेड क्रॉस वृद्धाश्रम गए। एन एस एस वॉलंटियर्स ने नृत्य,गायन और कविता गायन द्वारा सबका बहुत मनोरंजन किया और उनमें फलो,मिठाई,दिये एवं मोमबत्तियों का वितरण भी किया। कार्यक्रम का संयोजन एन एस एस प्रभारी प्रोफेसर पूनम रानी द्वारा किया गया। प्रोफेसर शुभदा ठाकुर,प्रोफेसर जसप्रीत कौर और प्रोफेसर नीतिका बजाज भी साथ रहे। वृद्ध जन वालंटियर्स से मिलकर बहुत खुश हुए और उन्होंने वालंटियर्स को अपना आशीर्वाद दिया और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।रेड क्रॉस के संचालक मनोज सैनी और सुनीता सैनी (वार्डन) ने भी कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना पूरा सहयोग दिया।

जीएमएन कॉलेज में डिजी दिवाली उत्सव

दिवाली उत्सव कार्यक्रम के दौरान रंगोली बनाते हुए विद्यार्थी

अंबाला छावनी, अक्तूबर : जीएमएन कॉलेज में कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त के दिशा निदेर्शानुसार कंप्यूटर एप्लीकेशन एवं मैनेजमेंट विभाग द्वारा कॉलेज परिसर में डिजी दिवाली उत्सव का सफल आयोजन किया। यह उत्सव ग्रीन दिवाली पर आधारित रहा जिसमें रंगोली, दीया सजावट, ई-कार्ड और रील मेकिंग जैसे 5 सांस्कृतिक और तकनीकी कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन प्रतियोगिताओं में लगभग 50 प्रतिभागियों ने जोरों शोरों से भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ एम बी ए विभाग की विभागाध्यक्ष डा. भारती सुजान के उद्घाटन भाषण से हुई और साथ ही कंप्यूटर अनुप्रयोग विभाग की डीन डॉ. प्रबलीन कौर एवं विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो श्याम रहेजा ने कॉलेज प्राचार्य डॉ रोहित दत्त का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। पूरे कार्यक्रम में सफल संचालन में प्रो योगिता बख्शी, प्रो प्रियंका वर्मा एवं प्रो कमलप्रीत कौर. प्रो कवीश नायक एवं डा. गीता कौशिक ने अहम भूमिका निभाई। कॉलेज प्राचार्य ने प्रतिभागियों और विजेताओं को अपने ज्ञान के शब्दों से प्रबुद्ध किया और सभी को पटाखों रहित प्रदूषण मुक्त हरित दिवाली मनाने के लिए प्रोत्साहित किया।

केपीएके महाविद्यालय में दीपावली मेले का आयोजन

अंबाला शहर , अक्टूबर : के पी ए के महाविद्यालय में प्रधानाचार्या रेखा गोयल भागी की अध्यक्षता में दीपावली मेले का आयोजन किया गया। मेले में विभिन्न खेलों जैसे रिंग गेम,डाट गेम,बिंदी गेम आदि का आयोजन किया गया। मेले में विद्यार्थियों द्वारा गीत,नृत्य आदि की प्रस्तुतियां भी दी गई। विद्यार्थियों द्वारा रामायण पर आधारित लघु नाटिका की प्रस्तुति दी गई।सभी ने मेले का खूब आनंद उठाया। विद्यालय के चेयरमैन अनिल गुप्ता ,मैनेजर डा0 विकास कोहली ने सभी को दीपावली की शुभकामनाएं दीं।

साजिश रचने वाले अधिकारियों को चुनाव आयोग बर्खास्त करे : वीरेश शांडिल्य

- शांडिल्य ने अनिल विज की हत्या की साजिश को बताया प्रशासनिक आतंकवाद, भेजी ईसीआई को शिकायत

अंबाला, अक्तूबर : एंटी टेरोरिस्ट फ्रंट इंडिया व विश्व हिन्दू तख्त प्रमुख वीरेश शांडिल्य ने भारत के चुनाव आयोग से अंबाला के उन अधिकारियों को बर्खास्त करने की मांग की जिन्होंने विधानसभा चुनावों में हरियाणा के पूर्व गृह मंत्री व वर्तमान में सातवीं बार विधायक और हरियाणा सरकार में बिजली, परिवहन व श्रम मंत्री अनिल विज को मरवाने की साजिश रची। वीरेश शांडिल्य ने इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया सहित भारत के राष्ट्रपति व देश के गृह मंत्री को पत्र लिख कर कहा कि हरियाणा केपूर्व गृह मंत्री और वर्तमान कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने मीडिया में खुलासा किया कि उन्हें चुनावों में प्रशासन द्वारा मरवाने की साजिश रची गई जो आरोप गंभीर हैं और चुनाव आयोग को इस पर शांत नहीं बैठना चाहिए क्योंकि चुनावों की घोषणा के बाद इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया आचार संहिता लगा देता है उसके बाद सारा प्रशासन चुनाव आयोग के अधीन निष्पक्ष काम करता है लेकिन अनिल विज की उन जन सभाओं में असामाजिक तत्वों ने प्रशासन की शह पर हमले किए जबकि अनिल विज के मुताबिक उन्होंने चुनाव आयोग से लिखित अनुमति ली हुई थी लेकिन जिला प्रशासन ने उनकी जनसभाओं में सुरक्षा का कोई इंतजाम नहीं किया जो एक बड़ी साजिश है। एंटी टेरोरिस्ट फ्रंट इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेश शांडिल्य ने इसे प्रशासनिक आतंकवाद बताया और सीधे चुनाव आयोग को अधिकारियों ने चुनौती दी और निष्पक्ष चुनाव करवाने की बजाए किसी पार्टी का एजेंट बनकर प्रशासन ने काम किया जो उच्च स्तरीय जांच का विषय है। एफआईआर दर्ज कर उन प्रशासनिक अधिकारियों को बर्खास्त करें जो अनिल की विधानसभा चुनावों में हत्या की साजिश रचवा रहे थे एंटी टेरोरिस्ट फ्रंट इंडिया इसको लेकर जनहित याचिका दायर करेगी।

अंबाला जिला में स्वच्छ अंबाला थीम पर आधारित चलाया जाएगा विशेष अभियान : पार्थ गुप्ता

अंबाला जिला उपायुक्त कार्यालय में जिला प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते जिला उपायुक्त पार्थ गुप्ता।

- 26 अक्तूबर से 15 नवंबर तक जारी रहेगा स्वच्छ अंबाला थीम अभियान

अंबाला शहर, अक्तूबर,अंबाला जिले को स्वच्छ व सुंदर बनाने के लिए स्वच्छ अंबाला थीम के आधार पर एक विशेष अभियान चलाया जाएगा। यह अभियान 26 अक्तूबर से 15 नवंबर तक विशेष तौर पर जारी रहेगा। उपरोक्त जानकारी जिला उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने दी। वहीं उन्होंने कहा कि इस अभियान के तहत गांव और शहर के वार्डों को स्वच्छ बनाने पर विशेष फोकस रखा जाएगा। इस स्वच्छ अंबाला थीम के तहत जो ग्राम पंचायत ब्लॉक स्तर पर सबसे ज्यादा प्लास्टिक बेस वेस्ट मैटिरियल एकत्रित करेगी, उस ग्राम पंचायत के विकास के लिए एक लाख रुपए अनुदान राशि दी जाएगी। उपायुक्त पार्थ गुप्ता शुक्रवार को उपायुक्त कार्यालय के सभागार में शहर को स्वच्छ व अंबाला जिले को स्वच्छ और सड़कों को गड्ढा मुक्त करने के विषय को लेकर अधिकारियों की एक बैठक को संबोधित करते हुए सभी एसडीएम, नगर निगम, नगर परिषद, सभी की सहमति से 26 से 15 नवंबर तक चलने वाले विशेष स्वच्छता अभियान का थीम स्वच्छ अंबाला रखा गया। जिसके तहत अंबाला जिला को स्वच्छ बनाने का खाका तैयार किया गया है। इस मुहिम में सभी सरपंच, पंच, पार्षद और आम नागरिक को साथ जोडना है। इस मौके पर एडीसी अपराजिता, एसीयूटी रवि मीणा, एसडीएम दर्शन कुमार, एसडीएम अश्वनी मलिक, एसडीएम सतेंद्र सिवाच, एसडीएम शाश्वत सांगवान, डीडीपीओ दिनेश कुमार आदि अधिकारी उपस्थित थे।

चोरी के मामले में पंजोखरा पुलिस ने 1 आरोपी को गिरफ्तार कर 1 दिन रिमांड पर लिया

अंबाला शहर, अक्तूबर : पंजोखरा पुलिस ने चोरी के दर्ज एक मामले में आरोपी को गिरफ्तार कोर्ट के समक्ष पेश किया। जहां पुलिस ने कोर्ट के आदेशों पर आरोपी को 1 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार इस मामले से संबंधित शिकायतकर्ता अभिषेक निवासी सुभाष कॉलोनी अंबाला ने बीते 24 अगस्त को थाना पंजोखरा साहिब पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई थी, जिसमें बताया गया था कि 18 से 21 अगस्त की रात्रि में किसी अज्ञात ने उसके घर में घुस कर बिजली फिटिंग की तारे, एसी तांबा पाईप व अन्य सामान चोरी कर लिया है। इसी शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई प्रारंभ कर दी थी। इस मौके पर मामले की जांच कर रहे पुलिस अधिकारी ने बताया कि चोरी के मामले में गत दिवस आरोपी विजय कुमार उर्फ बंटी निवासी गांव टुंडला जिला अंबाला को गिरफ्तार किया

चोरी करने के मामले में पकड़ा गया आरोपी पंजोखरा पुलिस के साथ।

गया है। बरहाल आरोपी 1 दिन के पुलिस रिमांड पर है। रिमांड के दौरान आरोपी से चोरी से संबंधित पूछताछ की जाएगी, वहीं चोरी किया गया सामान भी बरामद किया जाएगा।

28 को राजीव गांधी खेल स्टेडियम सेक्टर-10 में जिला स्तरीय महिला व पुरुष एथलेटिक्स टीम के लिए जाएंगे ट्रायल

ाबाला शहर, अक्तूबर : जिला खेल अधिकारी राजबीर सिंह रंगा ने कहा कि हरियाणा खेल विभाग की तरफ से राज्य स्तरीय पुरुष व महिला एथलेटिक्स सीनियर वर्ग की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाना है। इस प्रतियोगिता के लिए जिला स्तर की टीमों का चयन किया जाएगा। इसके लिए 28 अक्तूबर को सुबह 8 बजे राजीव गांधी खेल स्टेडियम सेक्टर-10 अंबाला शहर में महिला व पुरुष खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। इस मौके पर जिला खेल अधिकारी ने कहा कि जिला स्तरीय महिला व पुरुष सीनियर वर्ग की एथलेटिक्स टीम में जगह बनाने के लिए खिलाड़ी निर्धारित तिथि में राजीव गांधी खेल स्टेडियम में ट्रायल प्रक्रिया में भाग ले सकते है। इन ट्रायलों के लिए खिलाड़ी प्रशिक्षक तेजवीर सिंह से भी संपर्क कर सकते हैं।

इस ट्रायल में शामिल होने वाले खिलाड़ी आधार कार्ड, पासपोर्ट साईज फोटो अपने साथ लेकर आएगें। उन्होंने बताया कि खिलाडियों के 100, 200, 400, 800, 1500, 3000, 5 हजार मीटर, 10 हजार मीटर, 110 मीटर हर्डल, 20 किलोमीटर वॉक, 400 मीटर हर्डल, लोंग जम्प, ट्रीपल जम्प, हाई जम्प, पोलो वाट, शॉट पुट, डिस्कस थ्रो, हैमर थ्रो, जैवलिन थ्रो, डकैतलैन, 100 मीटर गुणा 4 रिले व मिक्स रिले तथा 400 गुणा 4 मिक्स रिले व रिले प्रतियोगिताओं के लिए ट्रायल लिए जाएगें।

दिव्यांग छात्रों के लिए छात्रवृत्ति आवेदन के लिए पोर्टल शुरू

अंबाला शहर, अक्तूबर : जिला समाज कल्याण अधिकारी सुरजीत कौर ने कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 में नेशनल स्कोलरशिप पोर्टल पर दिव्यांग छात्रों द्वारा छात्रवृत्ति के लिए आवेदन के लिए पोर्टल शुरू कर दिया है। जिसकी पोस्ट मैट्रिक तथा टॉप क्लास योजना के तहत आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 अक्तूबर है। इसके साथ ही प्री मैट्रिक योजना के तहत आवेदन करने की अंतिम तिथि 15 अक्तूबर से बढ़ाकर 31 अक्तूबर कर दी गई है। अधिकारी सुरजीत ने बताया कि हरियाणा राज्य में नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर 18 अक्तूबर तक प्री मैट्रिक योजना के तहत ऑनलाईन प्रणाली से केवल 25 आवेदन व पोस्ट मैट्रिक के तहत 37 व टॉप क्लास के अंतर्गत केवल 4 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जोकि बहुत कम हैं। इसलिए जिले के जिला शिक्षा अधिकारी व जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी से अपील की जा रही है कि वह शिक्षण संस्थानों में दिव्यांग छात्रों से नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल पर आवेदन करें, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों को इस योजना का लाभ मिल सके।

पुलिसकर्मी दिन-रात समूचे समाज की सुरक्षा के लिए अपनी जान की परवाह किए बिना निभाते हैं अपना फर्ज : सृष्टि गुप्ता

- पुलिस डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल में पुलिस के शहीद जवानों के सम्मान में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिता में बच्चों ने लिया भाग

अंबाला शहर, अक्तूबर : अंबाला शहर के पुलिस डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल में पुलिस के शहीद जवानों के सम्मान में भाषण प्रतियोगिता व पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा छठी से 12वीं कक्षा के बच्चों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिताओं में बच्चों ने बहुत ही सुंदर पेंटिंग के माध्यम से अपने-अपने विचार व्यक्त किए। सभी बच्चों ने पेंटिंग की कला के माध्यम से वीर जवानों के सुंदर चित्र बनाते हुए उन्हें याद किया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंची अंबाला एएसपी सृष्टि गुप्ता का स्कूल के स्टाफ सदस्यों व प्राचार्य डॉ.

पुलिस डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम के दौरान बच्चों को पुरस्कृत करते मुख्यातिथि एएसपी सृष्टि गुप्ता व प्राचार्य डॉ. विकास कोहली।

विकास कोहली द्वारा भव्य अभिनंदन किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि व प्राचार्य कोहली ने बच्चों द्वारा बनाई गई विभिन्न प्रकार की पेंटिंग का निरीक्षण किया, जहां मुख्य अतिथि सृष्टि गुप्ता ने बच्चों द्वारा बनाई गई पेंटिंग की खूब सराहना करते हुए कहा कि पुलिसकर्मी दिन-रात समूचे समाज की सुरक्षा के लिए अपनी ड्यूटी करते हैं और अपनी जान की परवाह किए बिना अपना फर्ज निभाते है। इस दौरान चाहे कोई त्यौहार हो या कोई पारिवारिक कार्य वह हमेशा पहले अपनी ड्यूटी को महत्वता देते हैं। हमें सभी वीर शहीदों को नमन करना चाहिए, जिन्होंने देश की सुरक्षा के लिए अपना बलिदान दिया है। उन्होंने बच्चों को कहा कि अपने अधिकार के साथ-साथ अपने कर्तव्यों का ज्ञान होना भी बहुत जरूरी है। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. विकास कोहली ने पुलिस के शहीद जवानों को याद करते हुए बच्चों को बताया कि देश और समाज की सेवा में कार्यरत पुलिस के वीर जवान हमें सुरक्षित माहौल दे रहे हैं। कार्यक्रम के अंत में प्रतियोगिताओं में विजेता रहे बच्चों को मुख्यातिथि ने प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। जिसमें भाषण प्रतियोगिता में बाजी मारने वाले 7वीं कक्षा के भरत प्रथम स्थान पर रहे, इसी प्रकार द्वितीय नूर 8वीं कक्षा, तृतीय स्थान पर हरसिमरत 8वीं कक्षा के बच्चे रहे। इसी तरह पेंटिंग प्रतियोगिता में 11वीं कक्षा से प्रथम वैष्णवी, द्वितीय मिलन 12वीं कक्षा, तृतीय भूमिका 12वीं कक्षा के रहे, छठी कक्षा से प्रथम माही, द्वितीय अनहद व 7वीं कक्षा से पूर्वांशी तृतीय स्थान पर विजेता रही।

आईआईटी के इंजीनियरों तथा छात्रों ने हाथ कागज इकाइयों का अवलोकन किया

■ कालपी-उरई

हस्त निर्मित कागज को नई तकनीक से संवारने के लिए आईआईटी के इंजीनियरों के द्वारा प्रयास तेज कर दिए गए हैं।

शुक्रवार को कालपी के हैंड मेड पेपर के निर्माण की विधि को देखने हेतू तथा उसमें तकनीक देकर उचाईयो तक पहुचाने हेतू आई आई टी कानपुर के इंजीनियरों की टीम ने कालपी की औधोगिक इकाइयों का दौरा किया तथा उत्पादन का विस्तार से अवलोकन किया।

आई आई टी के प्रोफेसर सत्यकीरे,डॉ मोनिका , डॉ वत्सला मिश्र, अंकुश शर्मा के नेतृत्व में अध्ययन रत बीटेक के 50 छात्रो ने हाथ कागज औधोगिक इकाइयों में हाथ कागज बनने का पूरा प्रोसेस देखकर आश्चर्य व्यक्त किया। प्रोफेसर सत्यकी रे ने बताया कि हाथ कागज उद्योग को और विकसित करने हेतु हमारी टीम नई तकनीक आप लोंगो को प्रदान करेगी। उत्तर प्रदेश सरकार की भी यही कोशिश है कि हैंड मेड पेपर की विक्री पूरे विश्व मे हो।उत्तर प्रदेश हाथ कागज निर्माता समित के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार तिवारी ने अपनी टीम के साथ सभी इंजीनियर का स्वागत किया। विनीत गुप्ता की औधोगिक इकाई में पूरी टीम ने प्रत्येक उत्पादन को देखकर उधमी विनीत से जानकारी ली।

इस दौरान इंडस्ट्री एरिया में कई हांथ कागज औधोगिक इकाइयों का अवलोकन किया।

विद्युत संविदा कर्मी करंट लगने से बुरी तरह झुलसा

■ कोंच

विद्युत उपकेंद्र नदीगांव में काम कर रहा संविदा कर्मी करंट से बुरी तरह झुलस गया। विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने तत्काल उसको अस्पताल में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे झांसी मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया। शुक्रवार की सुबह नदीगांव क्षेत्र के सिकंदरपुर विद्युत उपकेंद्र परिसर में लगी मशीनों की साफ-सफाई और अन्य चेकिंग संविदा कर्मी रामकेश पटेल उम्र 33 वर्ष पुत्र शिवराम निवासी ग्राम अखनीबा कर रहा था। पैनल की बिजली आउटगोइंग सप्लाई बंद थी लेकिन इनकमिंग चार्ज थी जिसका ध्यान रामकेश ने नहीं रखा और वह करंट की चपेट में आ गया। उसका एक हाथ व चेहरा बुरी तरह झुलस गया। घटना की सूचना मिलते ही उसको तत्काल कोंच अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने उसे झांसी मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया। अस्पताल में उपखंड अधिकारी अनुरुद्ध कुमार मौर्य, अवर अभियंता अमन पांडे, अवर अभियंता अंकित साहनी, टीजीटू आतिफ, उज्ज्वल तिवारी के अलावा तमाम संविदाकर्मी पहुंचे।

संक्षिप्त समाचार

कार की टक्कर से युवक गंभीर रूप से घायल

जालौन-उरई। बाइक से जा रहे युवक को कार चालक ने अनियंत्रित होकर टक्कर मार दी। हादसे में बाइक चालक घायल हुआ। बाइक चालक की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सालाबाद निवासी रामगोपाल ने पुलिस को बताया कि वह 22 अक्टूबर को किसी काम कें चलते जालौन आया था। शाम को काम निपटाकर वह वापस अपने गांव जा रहा था। जब वह छहपुला के आगे पुलिया के पास पहुंची तभी पीछे से आ रहे कार चालक ने अनियंत्रित होकर उसकी बाइक में टक्कर मार दी और वहां से भाग निकला। कार की टक्कर लगने से वह बाइक समेत सड़क पर गिरकर घायल हो गया और बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी कार व उसके चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

बाइक चोर गिरफ्तार, बाइक बरामद

जालौन-उरई। भाभी का इलाज कराने आए युवक की बाइक सीएचसी से चोरी हुई थी। पुलिस ने चोरी की बाइक समेत एक चोर को पकड़कर न्यायालय में पेश किया है। गोहन थाना क्षेत्र के ग्राम जजुआपुर निवासी संगम सिंह मंगलवार को अपनी भाभी के इलाज के लिए उन्हें लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जालौन आए थे। अस्पताल परिसर में बाइक खड़ी कर वह भाभी को दिखाने के लिए डॉक्टर के पास चले गए। कुछ समय बाद वापस लौटने पर बाइक वहां नहीं मिली। बाइक चोर ने उसकी बाइक चोरी कर ली थी। जिसकी सूचना उसने कोतवाली में दी थी। अस्पताल परिसर में लगे सीसीटीवी फुटेज में बाइक ले जाते हुए युवक की तस्वीर कैद हो गई थी। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने युवक की पहचान कराई। जिसकी पहचान भूपेंद्र कुमार निवासी कछोरन के रूप में हुई। शुक्रवार की सुबह पुलिस को सूचना मिली कि युवक बाइक को कहीं बाहर बेचने की फिराक में लौना रोड पर ले जा रहा है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी भूपेंद्र को गाय माता मंदिर के पास चोरी की बाइक समेत पक? लिया। जिसे न्यायालय में पेश किया गया।

23 कार्टर समेत शराब तस्कर गिरफ्तार

जालौन-उरई। अवैध रूप से बेचने के लिए ले जा रहे 23 क्वार्टर समेत एक व्यक्ति को छिरिया मलकपुरा चौकी पुलिस ने पकड़कर उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। छिरिया मलकपुरा चौकी प्रभारी राजकुमार पांडेय को सूचना मिली कि इकहरा के पास एक व्यक्ति अवैध रूप से शराब बेचने के लिए ले जा रहा है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने वहां से निकल रहे संदिग्ध व्यक्ति कल्लू उर्फ सुरेश निवासी ग्राम भंगा थाना माधौगड़ को रोककर जब उससे पूछतांछ की तो वह बहाने बनाने लगा। पुलिस ने जब उसके झोले की तलाशी ली तो उसमें 23 क्वार्टर शराब के बरामद हुए। पूछतांछ में उसने बताया कि वह शराब बेचने के लिए ले जा रहा था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

अंधाधुंध हो रही बिजली कटौती से जलापूर्ति लड़खड़ाई

जालौन-उरई । दीपावली के पर्व को लेकर घरों में सफाई का काम चल रहा है। ऐसे में लोगों को बिजली व पानी की आवश्यकता पड़ रही है। लेकिन नगर में अंधाधुंध हो रही बिजली कटौती के जलापूर्ति लड़खड़ा गई है। बिजली की अंधाधुंध कटौती से जनता परेशान हैं। सरकार के तमाम प्रयासों के बाद भी नगर को 20 घंटे बिजली आपूर्ति नहीं मिल पा रही है। दीपावली के पर्व पर अंधाधुंध कटौती चल रही है। दिन और रात में थोड़ी थोड़ी देर में घंटों बिजली गायब हो रही है। अंधाधुंध कटौती के कारण घरों में चल रही सफाई के लिए पानी नहीं मिल पा रहा है। सफाई के काम के दौरान बिजली, पानी न मिलने के कारण लोग परेशान हो रहे हैं और उनमें नाराजगी पनप रही है। मजे की बात यह है कि बिजली कटौती का कोई समय निर्धारित नहीं है। समय निर्धारित न होने से लोगों को अधिक दिक्कत हो रही है। उपभोक्ता सुनील कुमार त्रिपाठी, प्रदीप कुमार परिहार, मनोज रिछारिया, राजकुमार ने जिलाधिकारी से मांग की है। दीपावली के पर्व को देखते हुए नगर को 24 घंटे बिजली आपूर्ति कराई जाए। जिससे घर में चल रही साफ सफाई और रंगाई पुताई का काम समय से पूरा हो सके। बिजली पानी व्यवस्था ठीक न होने से घर में चल रहे काम प्रभावित हो रहे हैं और महिलाओं को सफाई करने में परेशानी हो रही है।

तालाब पर अवैध कब्जा की एसडीएम से शिकायत की

कोंच। नदीगांव विकास खंड के ग्राम सिकरी बुजुर्ग में स्थित सरकारी तालाब की जगह पर अवैध कब्जा कर लिए जाने की शिकायत कर ग्रामीणों ने एसडीएम से कार्रवाई किए जाने की मांग की है। गांव के निवासी इंद्रपाल सिंह, कुलदीप, हरीमोहन, लालजी, देवेंद्र, ठाकुर प्रसाद, छोटे, रामवीर, ब्रजकिशोर आदि ने एसडीएम ज्योति सिंह को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि गांव में गाटा संख्या 107 क्षेत्रफल 0.1130 हेक्टेयर जगह सरकारी अभिलेखों में तालाब की भूमि दर्ज है। इस भूमि पर कुछ ग्रामीणों ने प्रधान की मदद से अवैध रूप से कब्जा कर लिया है। शिकायतकर्ताओं ने मामले को लेकर एसडीएम से कार्रवाई किए जाने की मांग की है।वही एसडीएम ने ग्रामीणो को जांच कर कार्रवाई का भरोसा दिया।

ग्राम प्रधान ने लगाया ग्राम पंचायत अधिकारी पर कमीशन मांगने का आरोप

कोंच। प्रधान ने ग्राम पंचायत अधिकारी पर कमीशन मांगने जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं। मामला नदीगांव विकास खंड की ग्राम पंचायत पचीपुरा खुर्द का है जिसमें प्रधान ने बीडीओ से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।गांव के प्रधान राजीव कुमार ने ग्राम पंचायत अधिकारी मोहित सचान पर तमाम गंभीर आरोप लगाते हुए बीडीओ को शिकायती पत्र दिया है जिसमें प्रधान ने ग्राम पंचायत अधिकारी पर आरोप लगाया कि यह विकास कार्यों पर ध्यान नहीं दे रहे हैं और गौवंश का अलग से खाता भी नहीं खुलवा रहे हैं। हर काम के एवज में अपना कमीशन मांगते हैं और विरोध करने पर अभद्र व्यवहार करते हैं। इस समय ग्राम पंचायत में कच्चा कार्य चल रहा है लेकिन श्रमिकों का भुगतान नहीं हो पा रहा है। पूरे मामले को लेकर प्रधान ने बीडीओ से कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत हुआ आयोजन

391 नवविवाहित वर-वधु को उनके सुखद जीवन के लिए आर्शीवाद दिया

■ उरई

जनपद में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत आज कालपी रोड स्थित नवीन गल्ला मण्डी में विधि विधान के साथ मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ0 घनश्याम अनुरागी, विधान परिषद सदस्य रमा निरंजन, विधायक माधौगड़ मूलचंद्र निरंजन, जिलाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी उर्विज दीक्षित, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक डॉ0 दुर्गेश कुमार, मुख्य विकास अधिकारी राजेन्द्र कुमार श्रीवास, समाज कल्याण अधिकारी सहित जिला स्तरीय अधिकारियों ने कुल 391 नवविवाहित वर-वधु को उनके सुखद जीवन के लिए आर्शीवाद देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की, साथ ही विवाह कार्यक्रम में आए हुए जोड़ों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत गरीब परिवार की पुत्रियों का विवाह कराया जाता है। यह योजना बहुत ही लाभकारी सिद्ध हो रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री तथा मुख्यमंत्री द्वारा केन्द्र/राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न लाभपरक/जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पहुँचे। महिलाओं को स्वावलंबी एवं आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया जा रहा है तथा उनको रोजगार मुहैया कराया जा रहा है।

विधायक माधौगड़ ने कहा कि प्रदेश सरकार की मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना से समाज के अन्तिम छोर पर खड़े गरीब व्यक्ति तक लाभ पहुच रहा है। इसके अलावा इस विवाह समारोह में सभी लोगो का आपसी सामंजस्य एक-दूसरे के प्रति लगाव को दर्शाता है। जिसके तहत जनपद के विभिन्न धर्म तथा समुदाय के लोगों ने समारोह में हिस्सा लिया। उन्होंने योजना की तारीफ करते हुए कहा कि सामजिक समरसता की दिशा में यह योजना वरदान साबित होगी। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत गरीब एवं असहाय परिवारों की पुत्रियों का विवाह कराया जा रहा है।

विधान परिषद सदस्य रमा निरंजन ने कहा कि सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत सभी समुदाय एवं धर्मों के रीति रिवाजों के अनुसार व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि पहले के समय में लड़कियों की शादी करना माता पिता के लिये एक बढ़ी जिम्मेदारी का कार्य होता था। जिसके लिये गरीब परिवारों को कर्ज तक लेना पड़ता था। जिससे उनकी आर्थिक स्थिति कमजोर हो जाती थी। समाज के हर पहलू को देखते हुए शासन द्वारा विभिन्न योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित किया जा रहा है। आज जनपद में कुल 391 जोड़े का विवाह किया गया है।

जिला समाज कल्याण अधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत सभी धर्मों व सभी वर्गों के जोड़ो का विवाह होता है, इसमे कुल धनराशि रू0 51000/- प्रति जोड़ा है, जिसमे कन्या के खाते में रू0 35000/- व उपहार सामग्री रू0 10000 दिए जाते है। उन्होंने कहा कि उपहार सामग्री में 01 जोड़ी चांदी की पायल व बिछिया, 01 ट्राली बैग, 01 प्रेशर कुकर, 51 पीस स्टील डिनर सेट, 02 साड़ी ब्लाउज सहित, 02 पेटीकोट, 01 पैंट शर्त, पगड़ी, फेटा, चुनरी, 01 दीवाल घड़ी, 01 किग्रा0 मिठाई है। उन्होंने कार्यक्रम में आये हुए मा0 जनप्रतिनिधिगण व जिला स्तरीय अधिकारियों का आभार व्यक्त कर नवविवाहित वर-वधु को आशीर्वाद देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

एसडीएम ने सरकारी धान खरीद केंद्र का निरीक्षण किया और आवश्यक निर्देश दिए

■ जालौन-उरई

नवीन गल्ला मंडी में इस समय धान की आवक अधिक हो रही है। व्यवस्थाओं को देखने के लिए एसडीएम ने नवीन गल्ला मंडी का समेत सरकारी धान खरीद केंद्र का निरीक्षण किया और आवश्यक निर्देश दिए।

इस समय धान की सीजन चल रहा है। क्षेत्र में धान की अच्छी पैदावार हुई है और किसान अपना धान लेकर मंडी में पहुंच रहे हैं। हालांकि कॉमन ग्रेड की पैदावार इस क्षेत्र में कम होने से सरकारी धान खरीद केंद्र पर अभी कम ही किसान पहुंच रहे हैं। वहीं प्राइवेट व्यापारियों के पास जमकर किसान पहुंच रहे हैं। प्रतिदिन सैंकड़ों की संख्या में किसान मंडी में पहुंच रहे हैं। ऐसे में मंडी में व्यवस्थाओं को देखने के लिए एसडीएम विनय मौर्य नवीन गल्ला मंडी परिसर में पहुंचे। जहां सरकारी धान खरीद केंद्र पर उन्होंने खरीद को लेकर जानकारी ली। केंद्र प्रभारी अवनींद्र कुमार ने बताया कि केंद्र पर अभी तक 36 क्विंटल धान की खरीद हुई है। इसके बाद उन्होंने गल्ला मंडी परिसर में व्यवस्थाओं को लेकर भी निरीक्षण किया। उन्होंने अधीनस्थों को निर्देश दिए कि किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या न आए इसका ध्यान रखें। मंडी मूं प्रतिदिन जो किसान अपने ट्रैक्टरों पर धान लेकर पहुंच रहे हैं। उन्हें व्यवस्थित खड़ा कराएं। ताकि जाम आदि की स्थिति न बनने पाए।

किसानों का किसी भी प्रकार से उत्पीड़न न हो इसका ध्यान रखें। ट्रैक्टर खाली होने के बाद उन्हें बाहर भेज दिया जाए ताकि मंडी परिसर में अनावश्यक भीड़ भाड़ न रहे। इस मौके पर केंद्र प्रभारी अवनींद्र कुमार, राजेश कुमार, धर्मेंद्र, कल्लू आदि मौजूद रहे।

108 सुंदरकांड पाठ का हुआ आयोजन

जालौन-उरई। शुक्ल पुष्य नक्षत्र के मौके पर शुक्रवार को उरई मार्ग स्थित श्रीवीर बालाजी हनुमानजी मंदिर पेट्रोल पंप पर सामुहिक 108 सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। सुबह से ही बढ़ी संख्या में मंदिर में भक्त पहुंचे और सामूहिक सुंदरकांड का पाठ किया। सुंदरकांड का पाठ करने वालों में पुजारी कमलेश महाराज, रामकरन सेंगर, लवकुश राजावत, अंजनी श्रीवास्तव, कृष्णपाल सिंह सेंगर, लोकेंद्र चौबे, संजीव पचौरी, गंगाराम गुप्ता, रामकरण भदौरिया, पूनम, वर्षा, मनोज, प्रमोद, ब्रजेश, राकेश, अनुराग आदि भक्तों ने सहयोग किया। अंत में सभी भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया।

बकरियां चोरी मामले में अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

■ कालपी-उरई

स्थानीय नगर के एक मोहल्ले में दोपहर को सार्वजनिक स्थल से मोटरसाइकिल सवार अज्ञात व्यक्तियों के द्वारा तीन बकरियों को चोरी करके ले जाने के मामले में महिला पशुपालक के द्वारा कोतवाली कालपी में मुकदमा दर्ज कराया गया है।

उक्त घटना को लेकर पीड़ति पशु पालका धर्म कुमार पत्नी प्रेम शंकर निवासिनी मोहल्ला निकासा कस्बा कालपी ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए अवगत कराया है कि दिनांक 24- 10 - 2024 की दोपहर को प्रार्थिनी की तीन बकरियां मोहल्ले में थी। तथा प्रारथिनी आराम करने लगी। इसी दौरान मोटर साइकिल में लाद कर अज्ञात बदमाश तीनों बकरियों को ले गये ।

पड़ोसियों के द्वारा यह जानकारी दी गई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने अज्ञात व्यक्तियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर विवेचना उपनिरीक्षक रणधीर सिंह को सौंप दी है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नागेंद्र कुमार पाठक के मुताबिक इस मामले में पुलिस गंभीरता से जुटी है।उन्होंने उम्मीद जताई कि जल्द ही मामले का पर्दाफाश कर दिया जाएगा।

तेलू कांड- इलाज के दौरान 18 दिन बाद एक और मौत

कोंच। तहसील क्षेत्र के ग्राम बरोदा कलां में हुए तेलू कांड के 18 दिन बाद एक और मौत हो गई है। इस तेलू भोज प्रकरण में यह पांचवीं मौत है, इससे पहले चार और जानें तेलू कांड में जा चुकी हैं। एक दिन पहले झांसी से छुट्टी कराकर घर लौटी 69 वर्षीय महिला ने दम तोड़ दिया है। गांव में फिर से मातम का माहौल है।

बीते 7 अक्टूबर को कैलिया थाना क्षेत्र के ग्राम बरोदा कलां में साहब सिंह पुत्र हरिप्रकाश अहिरवार के यहां तेलू भोज का आयोजन किया गया था। तेलू खाकर 77 लोग बीमार हुए थे। जिसमें एक किशोर सहित चार लोगों की मौत पहले ही हो चुकी थी, जबकि शुक्रवार की सुबह फूल कुंवर अहिरवार उम्र 69 वर्ष पत्नी स्व. चन्नीलाल निवासी बरोदा कलां की मौत हो गई। कैलिया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताया गया कि बुधवार को ही महिला झांसी मेडिकल से छुट्टी कराकर घर लौटी थी। मौत के बाद घर मे कोहराम मचा हुआ है ।

खाद की वितरण व्यवस्था के लिये एसडीएम ने वावाई सहकारी समिति का किया निरीक्षण

■ कालपी-उरई

किसानों को उर्वरक की उपलब्धता तथा वितरण व्यवस्था की हकीकत को परखने के लिए उपजिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह ने वावाई की सहकारी समिति का औचक निरीक्षण किया। तथा जिम्मेदारों को आवश्यक निर्देश दिए।

जिला प्रशासन के निर्देश पर शीर्ष अधिकारियों को सहकारी समितियां से उर्वरक की बिक्री की निगरानी की जा रही हैं। इसी को दृष्टिगत रखते हुए उपजिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह ने वावई में स्थित बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति बी पैक्स लिमिटेड का निरीक्षण किया गया तथा उर्वरक की बिक्री देखी। उपजिलाधिकारी ने सहकारी समिति में उर्वरक की बिक्री के अभिलेखों की जांच की तथा निर्देश दिए के किसानों को सरलता पूर्वक खाद का वितरण किया जाए किसी भी प्रकार की गड़बड़ी पाई जाने पर प्रभावी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

अधिकारियों ने व्यापारियों के साथ बैठक कर समस्याओं को सुना

■ कोंच

दीपोत्सव त्योहार को लेकर पुलिस के अधिकारियों ने व्यापारियों के साथ बैठक कर व्यवस्थाओं पर चर्चा की जिसमें व्यापारियों ने अपने सुझाव रखे और अधिकारियों ने अपनी बात रखी। सीओ अर्चना सिंह ने कहा, दुकानदार भारी कैश लेकर तभी निकलें जब पुलिस को सूचना देकर बुला लें और पुलिस अपने साथ लेकर जाएं। अधिकारियों ने बताया कि त्योहार बाद अतिक्रमण हटाओ अभियान तेजी से चलाया जाएगा। रामगंज बाजार में सीओ अर्चना सिंह,प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार राय व पालिका अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने व्यापारियों के साथ बैठक कर दीपावली त्योहार के मद्देनजर बाजार में ग्राहकों की भीड़भाड़ को लेकर चर्चा की। सीओ ने बताया कि बाजारों में सुरक्षा की दृष्टि से एवं दुकानदारों व ग्राहकों की परेशानियों को देखते हुए बैरियर लगाए जा रहे हैं। मोबाइल पुलिस पार्टी, महिला कांस्टेबिल व सादा वर्दी में भी पुलिस की ड्यूटी लगाई जा रही है। इसके अतिरिक्त पुलिस के अधिकारी भी लगातार गश्त पर रहेंगे। पालिकाध्यक्ष ने कहा कि बाजारों की साफ सफाई के लिए पालिका की टीमें भी लगाई जा रही हैं। पालिका प्रशासन व्यापारियों की हर संभव मदद के लिए तैयार है। किसी को कोई परेशानी हो तत्काल फोन कर बताएं। दुकानदारों ने समस्या बताते हुए कहा कि पालिका कार्यालय के बगल में खुदे पड़े नाले में मिट्टी डलवा कर भरवाया जाए। बाजार में आने वाले वाहनों को बैक होने में दिक्कत हो रही है। पुलिस अधिकारियों व पालिकाध्यक्ष ने दुकानदारों से सुझाव लिए। व्यापारियों व पुलिस के अधिकारियों के साथ हुई बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि त्योहार को देखते हुए बाजार में चलने वाले अतिक्रमण अभियान अब दीपावली बाद चलाया जाए, अतिक्रमणकारी स्वयं ही अतिक्रमण हटा लें ताकि उनका किसी तरह का नुकसान न हो। इस दौरान सतीश अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, विनोद लोहई वाले, संदीप अग्रवाल, कमलेश गिरवासिया, वीरेंद्र मिठया, कल्लू कनकने, संजय मित्तल, अंशू अग्रवाल, गुल्ली इकड़या, रामशरण अग्रवाल, करुणानिधि शुक्ला, राममोहन राठौर, दौलत तुसेले आदि मौजूद रहे।

विदेश समाचार

पाक: सुरक्षाबलों ने 10 आतंकवादी किए ढेर

पंजाब। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने तहरीक ए तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) गिरोह के 10 आतंकियों को मार गिराया है। जिसके बारे में पाकिस्तानी पुलिस ने बताया कि पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में पुलिस और आतंकवादियों के बीच भीषण गोलीबारी हुई, जिसके बाद कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान समूह के कम से कम 10 आतंकवादियों को मार गिराया। इसके साथ ही इस मामले में सीटीडी के प्रवक्ता ने कहा कि 10 से 15 आतंकवादियों की मौजूदगी की खुफिया रिपोर्ट के आधार पर मियांवाली शहर के पहाड़ी मालाखेल इलाके में एक गुप्त अभियान चलाया गया।

लिंक्डइन पर 2815 करोड़ रुपये का जुर्माना

न्यूयॉर्क। यूरोपीय नियामकों ने डाटा गोपनीयता नियम उल्लंघन को लेकर लिंक्डइन पर 31 करोड़ यूरो (लगभग 2,815.91 करोड़ रु.) जुर्माना लगाया है। आयरलैंड के डाटा संरक्षण आयोग ने पाया कि कंपनी यूजर्स का निजी डाटा बगैर उनकी मंजूरी के जुटा रही थी। आयोग के डिप्टी कमिश्नर ग्राहम डॉयल के मुताबिक, कानूनी आधार के बगैर निजी डाटा की प्रोसेसिंग करना यूरोपीय संघ में डाटा सुरक्षा के अधिकार का साफ और गंभीर उल्लंघन है।

चेक पोस्ट पर हमले में 4 सुरक्षाकर्मियों की मौत

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में आतंकवादियों द्वारा चेक पोस्ट पर किए गए हमले में कम से कम चार सुरक्षाकर्मियों की मौत हो गई और 20 से अधिक घायल हो गए। पुलिस अधिकारी ने बताया कि डेरा इस्माइल खान जिले के दरबान इलाके में चेकपोस्ट पर हमले के बाद हुई गोलीबारी में सुरक्षाकर्मी मारे गए। अधिकारी ने बताया कि हमले के तुरंत बाद सैनिकों की एक नई टुकड़ी घटनास्थल पर पहुंची।

श्रीलंका: इजराइली पर्यटकों पर हमले की आशंका

कोलंबो। भारत की खुफिया एजेंसी ने श्रीलंका को इजराइली पर्यटकों पर हमला होने की आशंका जताते हुए सूचना दी। इसके बाद श्रीलंका ने तीन संदिग्धों को गिरफ्तार किया है। उनसे पूछताछ की जा रही है। श्रीलंका के सार्वजनिक सुरक्षा मंत्री विजिथा हेराथ ने बताया कि भारत की ओर से श्रीलंकाई पुलिस को अरुगम खाड़ी के पूर्वी तट सर्फिंग रिसोर्ट में इजराइली पर्यटकों पर हमला होने की आशंका जताने की सूचना दी गई। इसके बाद पुलिस ने तीनों श्रीलंकाई नागरिकों को गिरफ्तार कर लिया। उनसे पूछताछ की जा रही है कि क्या उनकी योजना इजराइली पर्यटकों को निशाना बनाकर हमला करने की थी।

इमरान खान की दोनों बहनों को मिली जमानत

इस्लामाबाद। आतंकवाद विरोधी अदालत (एटीसी) इस्लामाबाद ने आज पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री और पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के संस्थापक इमरान खान की दोनों बहनों अलीमा खान और उज्मा खान को जमानत प्रदान कर दी। दोनों को इस माह की शुरुआत में राजधानी इस्लामाबाद की डी चौक में धारा 144 के उल्लंघन के आरोप में गिरफ्तार किया गया था।

फिलीपींस में तूफान ट्रामी ने मचाई तबाही, 33 की मौत

मनीला। फिलीपींस के मनीला के दक्षिण में स्थित बटांगस प्रांत में ऊष्णकटिबंधीय तूफान 'ट्रामी' के कारण 33 लोगों की मौत हो गई है, जिनमें से अधिकांश की मौत भूस्खलन के चलते हुई। बटांगस के पुलिस प्रमुख कर्नल जैसिंटो मालिनाओ जूनियर ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भूस्खलन और बाढ़ के कारण कुल मौतों की संख्या 33 हो गई है। 'ट्रामी' तूफान शुक्रवार को उत्तर-पश्चिमी फिलीपींस में आया था। मालिनाओ ने बताया कि तालीसे शहर के झील किनारे स्थित क्षेत्र से 11 अन्य ग्रामीण लापता हैं। इस दौरान एक ग्रामीण की पत्नी और बच्चा भी लापता हैं। बचावकर्मियों ने खोजबीन के दौरान सिर और पैर का एक हिस्सा बरामद किया है, जो संभवतः लापता महिला और बच्चे का है। मालिनाओ ने कहा कि मूसलाधार बारिश के कारण अपनी पत्नी और बच्चे को खोने वाला ग्रामीण पूरी तरह टूट गया है और वह सदमे में है।

अंतर्राष्ट्रीय दबाव और आपूर्ति की कमी की बढ़ती चिंता

गाजा में इजराइल ने फिर की भीषण बमबारी; 38 की मौत, कई घायल

एजेंसी, गाजा

इजराइल गाजा में लगातार हमास के आतंकियों को निशाना बना रहा है। गाजा पट्टी में स्थित खान यूनिस में शुक्रवार की सुबह इजराइल ने भीषण बमबारी की है। इजराइल की तरफ से किए गए इस हमले में 38 लोगों की मौत हो गई है। गाजा के स्वास्थ्य अधिकारी ने इस बारे में जानकारी दी है। गाजा में युद्ध विराम के लिए अंतरराष्ट्रीय दबाव और आपूर्ति की कमी की बढ़ती चिंताओं के बावजूद इजराइल की तरफ हमले लगातार जारी हैं। शुक्रवार की सुबह यह हमला ऐसे समय में किया गया जब इजराइल की सेना लेबनान और गाजा में सैन्य कार्रवाई को और गति दे रही है। इजराइल की सेना अब तक हमास के कई कमांडरों को ढेर कर चुकी और यह अभी थमा नहीं है। इजराइल को एक बार फिर बड़ी कामयाबी मिली है। इजराइल की सेना ने कहा है कि उसने हमास के एक कमांडर को मार गिराया है। मारा गया कमांडर बीते साल सात अक्टूबर को दक्षिणी इजराइल पर हमले में शामिल था। खास बात यह है कि यह कमांडर गाजा पट्टी में यूएन सहायता एजेंसी के लिए भी काम करता था।

यूएन के लिए काम करता था हमास का कमांडर

इजराइली सेना की ओर से कहा गया है कि उसने हमास के कमांडर मोहम्मद अबू इतिवी मारा गया है। अबू इतिवी इजराइली नागरिकों की हत्या और अपहरण में शामिल था। सेना ने यह भी कहा कि अबू इतिवी हमास के सेंट्रल कैंप ब्रिगेड की अल बुरीज बटालियन में नुखबा कमांडर था जो साथ ही कर्मचारी भी था।

पत्रकारों के गेस्टहाउस पर हमला

दूसरी ओर, दक्षिण-पूर्वी लेबनान में पत्रकारों के ठहरने वाले गेस्टहाउस पर इजराइल ने हमला बोला। इस हमले में तीन मीडियाकर्मियों की मौत हो गई। एसोसिएटेड प्रेस की तस्वीरों से साफ है कि विभिन्न मीडिया आउटलेट्स द्वारा किराए पर ली गई इमारत हमले में पूरी तरह से ढह चुकी है। प्रेस लिखी हुई कारें हमले के बाद धूल और मलबे से ढकी हुई थीं। इस्राइली सेना की ओर से हमले से पहले किसी तरह की कोई चेतावनी जारी नहीं की। समाचार नेटवर्क और लेबनानी राजनेताओं के प्रतिनिधियों ने इजराइल पर युद्ध अपराध और जानबूझकर पत्रकारों को निशाना बनाने का आरोप लगाया।

हमले में 3 पत्रकारों की गई जान

बेरूत स्थित पैन-अरब अल-मायादीन टीवी ने हमले के बाद जारी बयान में कहा कि हमले में उसके दो पत्रकार प्रसारण तकनीशियन मोहम्मद रिदा और कैमरा ऑपरेटर घासन नजर की मौत हो गई है। लेबनान के हिज्बुल्लाह समूह के अल-मनार टीवी की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि हमले में उसके कैमरा ऑपरेटर विसम कासिम की भी मौत हुई है। यह हमला उस समय हुआ, जब वे कवरेज के लिए इलाके में रह रहे थे। अल-मायादीन के निदेशक घासन बिन जिद्दो ने आरोप लगाया पत्रकारों के आवास वाले परिसर पर इजराइली हमला जानबूझकर किया गया था और यह उन लोगों पर लक्षित था जो इसके सैन्य हमले के तत्वों को कवर कर रहे थे।

तुर्किए ने किया इराक और सीरिया पर हमला सभी मुस्लिम देश चुप

बड़ा सवाल– तुर्किए को आतंकियों पर हमले का हक है तो इजराइल ने भी वही किया था

एजेंसी, येरूशलम

तुर्किए में हुए आतंकी हमले के बाद वहां की सेना ने इराक और सीरिया के खिलाफ सबसे बड़ी कार्रवाई कर दी है। बताया जा रहा है कि तुर्किए की सेना ने दोनों ही देशों में एयर स्ट्राइक को अंजाम दिया है। कुल 59 आतंकियों को मौत के घाट उतारा गया है। ऐसा दावा है कि तुर्किए ने इस कार्रवाई में कुर्दिस्तान वर्कर्स पार्टी के दो बड़े सरगनाओं को भी मार गिराया है।असल में तुर्किए ने कुछ इनपुट मिलने के बाद उत्तरी सीरिया और इराक में हवाई हमले किए। उस कार्रवाई में उसे बड़ी सफलता मिली है। एक तरफ पीकेके के 29 आतंकियों को तो इराक में मारा गया तो वही 18 को सीरिया में मौत के घाट उतारा गया। अब तुर्किए जिसे जवाबी कार्रवाई बता रही है, सीरिया में उसे लेकर विवाद छिड़ गया है। सीरियन डेमोक्रेटिक फोर्स का कहना है कि तुर्किए के हमले में 12 आम नागरिकों की मौत हुई है।

तुर्किए की इस कार्रवाई पर संयुक्त राष्ट्र संघ, इस्लामिक देश, अल

जजीरा और इस्लामी संस्थाओं की चुप्पी से साबित होता है कि ये लोग सिर्फ गैर मुस्लिम देशों की ही कार्रवाइयों पर बयान जारी करते हैं लेकिन जब कोई मुस्लिम देश हमला करता है तो सब चुप्पी साध लेते हैं। इसे दोगली नीति ही कहा जा सकता है। तुर्किए ने इराक और सीरिया में भारी बमबारी करके डेढ़ सौ से ज्यादा कुर्द मुसलमानों को मार डाला है। कुर्द इलाके के स्कूल अस्पताल रिफाइनरी पॉवर प्लांट सब नष्ट कर दिया। लेकिन पूरे दुनिया में कोई भी एरडोगन को या तुर्की को कुछ नहीं बोल रहा है, सब चुप हैं, आखिर क्यों ? लेकिन इजराइल अगर आतंकियों का सफाया करता है तो सब विलाप करने लगते हैं। यदि तुर्किए को आतंकवादियों पर कार्रवाई करने का अधिकार है तो इजराइल को भी आतंकवादियों पर कार्रवाई करने का अधिकार है।

ट्रंप पर पूर्व मॉडल ने लगाए छेड़छाड़ के आरोप

हाथ, कमर... मुझे हर जगह ट्रंप ने छुआ था

एजेंसी, न्यूयॉर्क

अमेरिका में राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए मात्र 10 दिनों का समय शेष है। भारतीय मूल की कमला हैरिस और डोनाल्ड ट्रंप के बीच कड़ा मुकाबला है। इस बीच डोनाल्ड ट्रंप पर एक पूर्व मॉडल ने छेड़छाड़ के आरोप लगाए हैं। मॉडल स्टेसी विलियम्स ने आरोप लगाया है कि 1990 के दशक की शुरुआत में ट्रम्प टॉवर में पूर्व राष्ट्रपति ने उनके साथ इस घटना को अंजाम दिया था। स्टेसी विलियम्स ने सीएनएन को दिए गए एक इंटरव्यू में सार्वजनिक रूप से इस घटना के बारे में बताया है। उन्होंने कहा कि वह ट्रंप से जेफरी एपस्टीन के जरिए मिलीं थीं। एपस्टीन 1993 में उन्हें ट्रंप से मिलाने के लिए लेकर गया था। उस समय वह 20 साल की थीं और एपस्टीन को डेट कर रही थीं। ट्रंप टॉवर पहुंचने पर पूर्व



राष्टपति ने उन्हें छूकर उनका स्वागत किया। पूर्व मॉडल ने आरोप लगाया कि उस समय डोनाल्ड ट्रंप ने उनके निजी अंगो को भी छुआ। उस समय मैं हतप्रभ रह गई, मेरी समझ में नही आ रहा था कि मेरे साथ क्या हो रहा है। उस समय ट्रंप और एपस्टीन आपस में बातें कर रहे थे, जबकि ट्रंप के हाथ मेरे ऊपर ही थे। मैं उस समय शायद मुस्कुराने की कोशिश कर रही थी, जैसे कि आप किसी भी सामाजिक स्थिति में रहते हैं। लेकिन यह मेरे लिए बेहद बुरा अनुभव था। यह मेरे जीवन के सबसे अजीब पलों में से एक था।

ट्रंप की ओर से मिला पोस्टकार्ड

विलियम्स ने यह भी कहा कि उन्हें ट्रंप की ओर से एक पोस्टकार्ड मिला। जोकि कूरियर के जरिए उनकी मॉडलिंग एजेंसी को दिया गया था। इसमें पाम बीच की तस्वीर थी जिसमें उनके मार-ए-लागो रिसॉर्ट को दिखाया गया था। वहीं, विलियम्स के कुछ दोस्तों ने भी इस घटना के बारे में बात की है। तीनों ने कहा कि उसने उन्हें 2006, 2015 और 2018 में ट्रंप और एपस्टीन के साथ हुई घटना के बारे में बताया था।

वोटिंग से 10 दिन पहले हैरिस को झटका, राष्ट्रीय स्तर पर सर्वे, ट्रंप को बढ़त के संकेत

अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव में अब मात्र दो सप्ताह ही बचे हैं और इससे पहले डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार कमला हैरिस को करारा झटका लगा है। अब एक नए सर्वे में डोनाल्ड ट्रंप ने कमला हैरिस पर राष्ट्रीय स्तर पर मामूली ही सही लेकिन बढ़त हासिल की है। ये दावा वॉल स्ट्रीट जर्नल के एक नए सर्वेक्षण में किया गया है। पोलटिको की नई रिपोर्ट के मुताबिक, पांच नवंबर को राष्ट्रपति पद के चुनाव से पहले आए इस सर्वेक्षण में जीत के मामले में डोनाल्ड ट्रंप अब कमला हैरिस से करीब दो प्रतिशत आगे निकल गए हैं। इसमें डोनाल्ड ट्रंप की जीत का अनुमान अब 48 प्रतिशत है वहीं, कमला हैरिस के जीतने की संभावना अब केवल 45 फीसदी ही है। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि रिपब्लिकन पार्टी और डेमोक्रेटिक पार्टी के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवारों के बीच राष्ट्रीय स्तर पर कांटे की टक्कर है।

ढाका की अदालत ने सुनाया फैसला

पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया 42 लोगों की मौत के मामले में बरी

एजेंसी, ढाका

ढाका की एक अदालत ने पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया और तीन अन्य के खिलाफ 2015 में दर्ज मामले को रद्द कर दिया। यह मामला बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के धरने-प्रदर्शन के दौरान 42 लोगों के मारे जाने से जुड़ा था। अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट जियादुर रहमान ने यह आदेश दिया। समाचार एजेंसी 'बांग्लादेश संगबाद संस्था' के मुताबिक, अदालत ने पुलिस की रिपोर्ट को स्वीकार करते हुए यह फैसला सुनाया। मामले में तीन अन्य आरोपी बीएनपी के स्थायी समिति के सदस्य बैरिस्टर रफीकुल इस्लाम मिया, ढाका विश्वविद्यालय के पूर्व उप कुलपति प्रोफेसर इमाजुद्दीन अहमद और बीएनपी अध्यक्ष के पूर्व सलाहकार शमशेर मोबिन चौधरी थे। यह मामला दो

2 फरवरी 2015 को जनानेत्री परिषद के अध्यक्ष ए.बी. सिद्धीक की ओर से दायर किया गया था। बाद में अदालत ने गुलशन पुलिस थाने को आदेश दिया कि वह शिकायत दर्ज करे और जांच करे। इस साल 21 सितंबर को जांच अधिकारी ने अपनी रिपोर्ट सौंपी, जिसमें आरोपों को झूठा पाया गया। पिछले महीने बीएनपी की अध्यक्ष खालिदा जिया को पांच अलग-अलग-मामलों में बरी किया गया।

ट्रूडो बोले– नहीं दूंगा पद से इस्तीफा

अप्रवासियों की संख्या में कटौती करेगा कनाडा

एजेंसी, ओट्वा

कनाडा की ट्रूडो सरकार ने अपने आव्रजन नियमों में एक बार फिर सख्ती करने का ऐलान किया है। पीएम जस्टिन ट्रूडो ने हाल ही में ऐलान किया है कि कनाडा 2025 से अप्रवासियों की संख्या को कम करेगा। उन्होंने कहा कि हम इसकी योजना बना रहे हैं। इसके मुताबिक, हम अगले तीन सालों में अप्रवासियों की संख्या कम कर देंगे, इसके चलते अगले दो सालों में यहां जनसंख्या

वृद्धि कम होगी। जस्टिन ट्रूडो से पत्रकारों ने पूछा था कि क्या वे 28 अक्तूबर के बाद भी पीएम पद पर बने रहेंगे? इस पर ट्रूडो ने साफ तौर पर कहा- हां। दरअसल लिबरल पार्टी के सांसदों ने पीएम पद छोड़ने पर फैसला करने के लिए जस्टिन ट्रूडो को 28 अक्तूबर तक का समय दिया है। कनाडा की राष्ट्रीय सांख्यिकी एजेंसी ने कहा कि देश की जनसंख्या 2023 से 2024 तक 3.2 प्रतिशत बढ़ी है, जो 1957 के बाद सबसे बड़ी वार्षिक वृद्धि है।

जियोफिजिकल रिसर्च लेटर्स में प्रकाशित रिपोर्ट में सामने आई जानकारी

आसमान में हीरे की धूल के छिड़काव से कम होगी धरती की गर्मी

एजेंसी, ज्यूरिख

औद्योगीकरण के बाद भले ही दुनिया के हर क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव देखने को मिले हैं। हालांकि, इसका एक नकारात्मक प्रभाव हमारे पर्यावरण के ऊपर पड़ा है। कार्बन उत्सर्जन बढ़ने के कारण पृथ्वी का औसत तापमान लगातार बढ़ रहा है, जिसका बुरा असर धरती के दोनों ध्रुवों पर देखने को मिल रहा है। आर्कटिक ग्लेशियर चार गुना ज्यादा तेजी से गर्म हो रहा है, जिसके चलते समुद्र के जलस्तर में बढ़ोतरी हो रही है। इन सब के अलावा दुनियाभर के मौसम चक्र में भी अप्रत्याशित बदलाव देखने को मिल रहे हैं। कहीं पर सूखा पड़ रहा है, तो कहीं पर तबाही मचा देने वाली बारिश हो रही है। इस बीच, वैज्ञानिकों ने एक अध्ययन में ग्लोबल वार्मिंग से निपटने के लिए अनोखा तरीका सुझाया है। वैज्ञानिकों का मानना है कि धरती के ऊपरी वायुमंडल में हर साल लाखों टन हीरे की धूल का छिड़काव करने से धरती को ठंडा रखने में मदद मिल सकती है।

वैज्ञानिकों ने हीरे का ही सुझाव क्यों दिया

शोधकर्ता एस .के . केस्लिन ने बताया कि हीरे के कण सूर्य के प्रकाश व गर्मी को परावर्तित करने में सबसे ज्यादा प्रभावी थे। वायुमंडल में लंबे वक्त तक रह सकते थे। साथ ही रासायनिक रूप से निष्क्रिय होने से वे अम्लीय बारिश बनाने के लिए प्रतिक्रिया नहीं कर सकते। अध्ययन में आगे कहा गया है कि विमान के जरिए हीरे की धूल को वायुमंडल में छोड़ा जाएगा। सूरज की किरणे इनसे टकराएंगी और अंतरिक्ष में लौट जाएंगी। इस प्रक्रिया से धरकी को गर्म होने से बचाया जा सकता है।

इस प्रक्रिया में सबसे बड़ी चुनौतियां क्या हैं : विशेषज्ञ बताते हैं कि इस प्रक्रिया में सबसे बड़ी चुनौती खर्च की होगी। सिंथेटिक हीरे के उत्पादन और वितरण पर अनुमानित खर्च 16,816 लाख करोड़ रुपये होगा। इसका मतलब है कि यह वैश्विक अर्थव्यवस्था का दोगुना है। इसके अलावा, हीरे की धूल के छिड़काव से प्राकृतिक प्रक्रियाओं में बड़े पैमाने पर दखल से अप्रत्याशित नतीजे देखने को मिल सकते हैं।

जलवायु विज्ञानी सैंड्रो वाटियोनी ने किया नेतृत्व

वैज्ञानिकों का यह सुझाव किसी फिल्म की कहानी की तरह लग सकता है। लेकिन उनको लगता है कि यह काम कर सकता है। दरअसल, जलवायु वैज्ञानिकों, मौसम विज्ञानियों और पृथ्वी वैज्ञानिकों की एक संयुक्त टीम ने अध्ययन किया। उनका यह अध्ययन 'जियोफिजिकल रिसर्च लेटर्स' में प्रकाशित हुआ है। इस टीम का नेतृत्व जलवायु विज्ञानी सैंड्रो वाटियोनी ने किया। वैज्ञानिकों का कहना है कि वैश्विक तापमान तेजी से बढ़ रहा है। हम पहले ही महत्वपूर्ण बिंदु पर पहुंच चुके हैं। सिर्फ कार्बन उत्सर्जन घटाकर इस पर नियंत्रण संभव नहीं है। अध्ययन में वायुमंडल में एरोसोल इंजेक्ट करके गर्मी घटाने का समाधान दिया गया है। इस प्रक्रिया को जियोइंजीनियरिंग कहा जाता है।

संपादकीय

दुष्कर्म के बढ़ते मामले

महिलाओं के लिए क्या देश का कोई भी हिस्सा सुरक्षित नहीं है? जिस रफ्तार से रेप की घटनाएं बढ़ रही हैं, वे सोचने पर मजबूर करती हैं कि क्या भारत रेप कैपिटल बनने वाला है। कोई दिन नहीं जाता, जब देश के किसी कोने से रेप की कई घटनाए रिपोर्ट न होती हों। जो घटनाएं रिपोर्ट नहीं होती, वे कितनी होंगी कहना मुश्किल है। घटना मध्य प्रदेश के रीवा की है। युवा दंपती रीवा पहाड़ी पर घूमने गए थे। उनके साथ अमानवीय व्यवहार किया गया। आरोपियों ने पहले पति के साथ मारपीट की और उसे बंधक बना लिया फिर महिला के साथ दरिंदगी की और उसका वीडियो बना लिया। बाद में दोनों को छोड़ दिया और कहा कि अगर किसी को इस घटना के बारे में बताया तो वीडियो वायरल कर दिया जाएगा। दंपती ने दूसरे दिन पुलिस को सूचना दी। इस घटना विद्रूप पहलू यह है कि पुलिस चार दिन तक मामले को दबाए बैठी रही। घटना 21 अक्टूबर की है। चूंकि रीवा में 23 अक्टूबर को रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव के आयोजन था। इसमें मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, कई मंत्री सहित देशभर से उद्योगपतियों को आना था। इनके सामने अपनी साख बचाने के लिए दो दिन तक पुलिस इस मामले को छिपाये रही। 21 को यह घटना हुई और 22 को पीड़ित दंपती ने थाने में पहुंचकर शिकायत दर्ज करवाई। अब दो दिन बाद पूरा मामला सामने आया। इस मामले में अभी तक किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है। 100 से अधिक लोगों और संदिग्धों को पकड़ा गया है। जांच जारी है। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का नारा खूब दिया जाता है, लेकिन इस पर अमल कितना दिया जाता है, यह इससे पता चलता है कि रेप की घटनाओं में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। मध्य प्रदेश में हालत कुछ ज्यादा ही खराब है। मध्य प्रदेश सरकार एक योजना लेकर आई है। इस योजना तहत उन नाबालिग लड़कियों को चार हजार रुपये महीना देगी, जो दुष्कर्म की वजह से गर्भवती हो जाएंगी। ये कैसी योजना समझ से बाहर है। लड़कियों को सुरक्षा देने के बजाए, उनकी अस्मत का सौदा चार हजार रुपये में किया जा रहा है। क्या यह शर्मनाक नहीं है? एनसीआरबी के डेटा के अनुसार भारत में हर घंटे 3 महिलाओं का रेप होता है। 2012 में निर्भया रेप केस से पहले रेप के लगभग 25 हजार मामले हर साल दर्ज किए जाते थे। मगर 2013 के बाद से इन केसों की तादाद बढ़नी शुरू हो गई। 2022 में देशभर में 31,516 रेप के केस दर्ज हुए थे। ये आंकड़े डरावने नहीं हैं?

बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का नारा खूब दिया जाता है, लेकिन इस पर अमल कितना दिया जाता है, यह इससे पता चलता है कि रेप की घटनाओं में बढ़ोतरी हो रही है।

पाठकवाणी

आधुनिकता के साथ चलना समय की मांग

समय के साथ ही बदलाव से ही वर्तमान परिस्थितियों में कायम रहा जा सकता है। बदलाव से जिन्होंने किनारा किया वह अपने आप अप्रासंगिक भी हो गए। एक समय तो डाक तार विभाग भी इन्हीं हालात में था, लेकिन अब नये तौर तरीकों से वह फिर प्रासंगिक बनता जा रहा है। कूरियर के बाद ड्रोन सुविधा निश्चित तौर पर विभाग की खस्ता हालत को सुधारने में मददगार साबित होगी। चिट्ठी पत्री, मनी ऑर्डर आदि पर लोगों की निर्भरता इंटरनेट और सोशल मीडिया के बाद खत्म सी हो गई है। इसके लिए डाक तार विभाग की लेट लतीफी और अव्यवस्था भी पूरी तरह जिम्मेदार रही है। डाक सामग्रियों की खत्म होती बिक्री और सीमित उपभोक्ताओं के चलते विभाग ने आधुनिकता में लौटना स्वीकार किया है तो उसकी माली हालत में भी बदलाव आने लगा है। निजी करियर के मुकाबले स्पीड पोस्ट की सेवा काफी हद तक विभाग को उसकी अहमियत लौटने में मददगार साबित हुई है। सरकारी सुविधा होने से लोगों की विश्वसनीयता भी उसमें बढ़ी है जबकि निजी कंपनियों की सेवाओं के किस्से आम बात हैं। इसी से प्रोत्साहित होकर डाक विभाग से अब ड्रोन से पार्सल सुविधा की पहल अरुणाचल प्रदेश से होने जा रही है जो पायलट प्रोजेक्ट का हिस्सा है। फिलहाल प्राइवेट कंपनियों के ड्रोन के जरिए इसकी शुरुआत की जा रही है।

-अमृतलाल मारू 'रवि', इंदौर

कुछ खास



मैं छह बार विधानसभा में रहा हूं और चार बार लोकसभा में रहा हूं। मैं पहली बार एक्टिंग स्पीकर के बारे में सुन रहा हूं। हमेशा से प्रो-टेम स्पीकर रहा है। यानी आप अस्थायी हैं। आप पूरे दिन के लिए स्पीकर हैं। यह स्पीकर की कुर्सी का अपमान है। इसे बदला जाना चाहिए।

-भूपेंद्र सिंह हुड्डा, कांग्रेस विधायक

आज का ट्वीट

''हरियाणा के चरखी दादरी में गोमांस खाने के शक में साबिर मलिक को पीट पीट कर मार दिया गया था। अब लैब रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि मीट बीफ का नहीं था। अब आठ लोगों को गिरफ़्तार किया गया है।''

-कविश अजीज

घट रहे युवा, बढ़ रहे बुजुर्ग

शाहीन सबा

देश में युवाओं और बुजुर्गों के बीच बढ़ती दूरी से जुड़ी अभी हाल ही में प्रकाशित चार रिपोर्टस गौरतलब हैं। लगभग सभी रिपोर्ट में देश में बुजुर्गों की तेजी से बढ़ती आबादी का आंकलन किया गया है। इन सभी रिपोर्ट ने केंद्र सरकार का भी ध्यान खींचा है। इनमें पहली रिपोर्ट भारतीय और अंतरराष्ट्रीय शोधकर्ताओं के द्वारा किए गए अध्ययन से सामने आई है। उनका यह अध्ययन प्लोस वन नामक जर्नल में प्रकाशित हुआ है। प्रकाशित ऑकड़े बताते हैं कि आज देश का हर चैथा बुजुर्ग न्यूरोकाग्निटिव डिसऑर्डर से पीड़ित है। यानि इस रोग से पीड़ित लोग स्मृति लोप,भाषा का ठीक से प्रयोग न करना,सोचने-समझने व निर्णय लेने की क्षमता कमजोर हो जाना तथा अपने दैनिक कामों में समस्या का अनुभव करने जैसी समस्याओं से जूझ रहे हैं।

दूसरी रिपोर्ट एसबीआई से जुड़ी है। इस रिपोर्ट में साफ अंकित है कि 2011 के बाद होने वाली देश की जनगणना में रिकॉर्ड कमी आने की पूरी संभावनायें हैं। परन्तु फिर भी भारत दुनिया के अन्य देशों की तुलना में सबसे युवा देश बना रहेगा। इस रिपोर्ट में यह भी अंकित है कि भारत की कामकाजी आबादी की औसत आयु 2021 में 24 वर्ष के मुकाबले 2024 में बढ़कर इसके 28-29 वर्ष होने की संभावना है। तुलनात्मक रुप से देखें तो आज चीन की कामकाजी औसत आयु 39.5 साल है। वहीं यूरोप में यह 42 साल,उत्तरी अमेरिका में 38 साल तथा एशिया में यह 32 साल है। वैश्विक स्तर पर यह औसत आयु 30.4 वर्ष रिकॉर्ड की गयी है। रिपोर्ट साफ करती है कि 1951 में देश की जो आबादी 36 करोड़ थी,2024-25 में उसके 142 करोड़ रहने का अनुमान लगाया गया है।

इसी रिपोर्ट का दूसरा पहलू बुजुर्गों की आबादी से जुड़ा है। यह रिपोर्ट संकेत देती है कि शून्य से चौदह साल वालों की आबादी में तेजी से गिरावट आ रही है। 1991 में इनकी जो आबादी 36.4 करोड़ थी, वह 2024 में घटकर 34 करोड़ होने की सभावना है। यानि 1991 में इनकी जो हिस्सेदारी 37 फीसदी थी, 2024 में वह घटकर मात्र 24.3 फीसदी पहुंच रही है। इसी प्रकार 60 साल से अधिक उम्र के लोगों की आबादी विगत ढाई दशक में दोगुनी हो गई। अर्थात 2001 में बुजुर्गों की यह आबादी जो 7.9 करोड़ थी, 2024 में बढ़कर वह 15 करोड़ के आस-पास पहुंच रही है। इस प्रकार बुजुर्गों की यह आबादी कुल जनसंख्या की 10.7 फीसदी बैठती है। इनमें 7.7 करोड़ पुरुष तथा 7.3 करोड़ महिलाओं की गणना की गई है। कामकाजी आबादी को लेकर भी यह रिपोर्ट दोहराती है कि 2001 में जो कामकाजी आबादी 58.6 करोड़ थी ,2024 में इसके 91करोड़ रहने की तीव्र संभावनायें हैं। अब आने वाले समय में देश की कुल आबादी में 67 फीसदी हिस्सेदारी कामकाजी लोगों की होगी।

इस संदर्भ में तीसरी रिपोर्ट मैन एंड वीमेंन के नाम से केंद्र सरकार के सांख्यिकी मंत्रालय से संबधित है। यह रिपोर्ट बताती है कि 2036 तक बच्चों और किशोरों की आबादी में तेजी से गिरावट दर्ज होगी। दूसरी ओर बुजुर्गों और मध्यम उम्र के लोगों की संख्या बढ़ेगी। रिपोर्ट बताती है कि 2021 में आबादी में 15 वर्ष से कम उम्र के लोगों की हिस्सेदारी 26.2 फीसदी थी, लेकिन 2026 में इसमें 5-6 फीसदी की गिरावट आएगी और यह घटकर 20.6 फीसदी रह जाएगी। निश्चित ही किसी आयुवर्ग में यह सबसे बड़ी गिरावट होगी। इसी प्रकार मध्य आयुवर्ग को देखने से ज्ञात होता है कि 2021 में 35-49 आयुवर्ग की आबादी में उनकी हिस्सेदारी 19.1 फीसदी रही है। परंतु 2026 में इस आयुवर्ग का प्रतिशत बढ़कर 23 फीसदी हो जाएगा। अर्थात इस आयुवर्ग में लगभग 4 फीसदी की बढ़ोत्तरी होगी। इस रिपोर्ट में तीसरा प्रमुख बदलाव बुजुर्गों की आबादी से जुड़ा है। आंकड़े बताते हैं कि वर्तमान की आबादी में 60 वर्ष से अधिक आयुवर्ग के लोगों का प्रतिशत 9.5 है, जिसमें 4.4 फीसदी की बढ़ोत्तरी की गणना की गई है। इस प्रकार 2036 में बुजुर्ग लोगों की आबादी बढ़कर 13.9 फीसदी हो जाएगी।

चौथी रिपोर्ट सयुंक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए) की भारत प्रमुख एंड्रिया वोजनार के एक साक्षात्कार में दिए गए बयान से जुड़ी है। उन्होंने अपनी चिंता व्यक्त करते हुए स्पष्ट कहा है कि भारत में अगले 25 वर्षों में देश की आबादी में 60 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों की संख्या 20.8 फीसदी पर पहुंच जाएगी। अर्थात देश में हर पांचवा व्यक्ति बुजुर्ग की श्रेणी में होगा। यूएनएफपीएकी रिपोर्ट के अनुसार 2024-2050 के बीच कुल आबादी 18 फीसदी ही बढ़ेगी, मगर वृद्ध जनसंख्या में 134 फीसदी तक की बढ़ोतरी होगी। इस रिपोर्ट में यह भी खुलासा हुआ है कि 2022-2023 तक बुजुर्ग आबादी 14.9 करोड़ यानि यह कुल आबादी का 10.5 फीसदी हिस्सा था। यह अनुपात बताता है कि यहां 100 कामकाजी लोगों पर 16 वृद्धजन निर्भर रहे हैं। देश की आबादी में जिस प्रकार बुजुर्गों की आबादी लगातार बढ़ रही है, उससे देश में कामकाजी युवाओं और वृद्धजनों के बीच एक संतुलन बिगड़ने की संभावना प्रबल हो रही है।

देश की आबादी में जिस प्रकार बुजुर्गों की आबादी लगातार बढ़ रही है, उससे देश में कामकाजी युवाओं और वृद्धजनों के बीच एक संतुलन बिगड़ने की संभावना प्रबल हो रही है। किसी भी देश को महान वहां के रहने वाले लोग बनाते हैं और यही लोग आगे चलकर उस महान देश के महत्वपूर्ण नागरिक बन जाते हैं।

किसी भी देश को महान वहां के रहने वाले लोग बनाते हैं और यही लोग आगे चलकर उस महान देश के महत्वपूर्ण नागरिक बन जाते हैं। परंतु भारत जैसे संस्कृति संपन्न देश के बुजुर्ग नागरिक उपेक्षित जीवन जीने के लिए मजबूर हैं। अमेरिका और यूरोप की बातें करें तो साफ पता लगता है कि वहां चुनाव में किसी भी राजनैतिक दल में इतना साहस नहीं हैं कि वे वहां के वरिष्ठ नागरिकों की अनदेखी कर सकें। यूरोप और अमेरिका का बजटीय ढांचा देखने पर पता लगता है कि वहां एक बड़ा हिस्सा इन बुजुर्गों के सामाजिक व आर्थिक कल्याण पर खर्च होता है। देखने में आया है कि अमेरिका, कनाडा, यूरोप और एशिया के विभिन्न देशों में आम नागरिकों को श्रेष्ठ चिकित्सीय सुविधाएं मिलने से वहां की औसत आयु 80 वर्ष को भी पार कर गई है। इसी कारण वहां की सरकारें वरिष्ठ नागरिकों की सुविधाओं का खास ध्यान रख रही हैं। इसमें कोई संदेह नहीं कि इन वरिष्ठ नागरिकों के पास एक लंबा कौशल और अनुभव है। परंतु हमने उन्हें निरर्थक एवं अनुपयोगी समझकर अपनी सामाजिक पूंजी से अलग कर दिया है। आज आवश्यकता इस बात की है कि जहां सरकारों के द्वारा उनकी पेंशन राशि में बढ़ोतरी हो, वहीं रेल व हवाई यात्रा में छूट तथा स्वास्थ्य सेवाओं में विस्तार और एक न्यूनतम जीवन जीने की सुलभता के साथ-साथ उनकी सामाजिक-आर्थिक सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम हों।

यह बात सच है कि जो समाज व राष्ट्र अपने वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान करता है, वह वर्तमान के साथ सुनहरे भविष्य के लिए भी अपनी सामाजिक पूंजी को सहेजकर रखता है। इन रिपोर्टस का सच यह है कि 2047 तक हम जिस विकसित भारत की कल्पना कर रहे हैं, वह वरिष्ठ नागरिकों के बढ़ते संख्यात्मक बल से जुड़े लंबे अनुभव और अपने युवाओं की कार्यात्मक ऊर्जा व शक्ति के मध्य सिनर्जी अर्थात दोनों के मध्य सहक्रिया के सेतु पर संतुलित पदचापों से ही 2047 के भारत का स्वरूप निखरकर सामने आएगा।

साइबरवर्ल्ड

सब प्रायोजित तरीके से हो रहा है

हम लोगों के दिमाग से गोदी मीडिया और गोदी मीडिया में लिखने वाले बड़े-बड़े लेखक हद से ज्यादा खेलते हैं। ये चुनाव परिणाम के बाद चुनावों का विश्लेषण के नाम पर नई धारणाएं हमारे दिमाग में थोपते हैं। ये विश्लेषण ना करके एक नई धारणा थोपते हैं, जो किसान, कमेरे, पिछड़ों, अपलसंख्यकों वर्ग को बांटने की होती है, ताकि जब सरकार बन जाए तो ये वर्ग एकजुट होकर जरूरी मुद्दे पर कभी विरोध ना कर पाएं। कोई बड़ा जातीय वर्ग बाकियों का नेतृत्व ना कर पाए। इस प्रकार से ये वर्ग को टारगेट करते हुए इस प्रकार से विश्लेषण करते हैं कि भारतीय जनमानस के दिमाग में वो बातें किसी कोने में फिट हो जाती हैं। उन्हें लगता है कि फिर तो हमारे साथ बहुत बड़ा नुकसान कर दिया जाएगा। अब हरियाणा चुनाव परिणाम के बाद ये सब किया जा रहा है, पहले किसान सिर्फ जाट तो नहीं है, सब हैं, फिर ये किसान बिलों का विरोध जाट कर रहे हैं, बाकी तो नहीं कर रहे हैं। फैलाया गया, यही पहलवानों के समय हुआ। पर इतना होते हुए भी हरियाणा के धरातल पर और ग्रामीण स्थानों में ऐसा जाट 52 अन्य कहीं नहीं था। चुनावों में ऐसा कहीं नहीं दिखा था। तो फिर ये चुनाव परिणाम के बाद दूसरे राज्य में बैठे दूसरी स्वर्ण जातियों के लोग विश्लेषण करते हुए ये क्यों लिख रहे हैं कि जाट 52 अन्य के कारण कांग्रेस हारी! क्या कांग्रेस और जाट पर्यायवाची है? ये सब एक प्रायोजित तरीके से हो रहा है, ताकि हुड्डा और वीरेंद्र सिंह जैसे नेताओं के कमजोर किया जाए, कांग्रेस में दूसरा कोई नया नेता आएगा तब तक बहुत समय लगेगा। मैं कोई हुडा समर्थक नहीं हूं, क्योंकि इस चुनाव में हुडा से कई गलतियां हुई है। बागी कांग्रेसियों को मनाने की जुर्रत हुडा ने नहीं की। मूल बात पर आते हुए मैं अच्छे से देख पा रहा हूं कि महाराष्ट्र में भी बीजेपी ये सब करेगी। पहले तो मराठा आरक्षण को मांगने वालों को अलग करना। ओबीसी विभाजन वाले मुद्दे को हवा देना। एससी विभाजन को हवा देगी। रही सही कसर औवेसी और प्रकाश अंबेडकर से पूरी करवाई जाएगी। खेल इस प्रकार खेला जाएगा। ये कांग्रेस को सोचना है कि जातीय जनगणना और आरक्षण की सीमा बढ़ाने वाले मुद्दे को जमीन पर उतार कर हर वर्ग को कैसे एकजुट रखती है।

-जगदीश भामदु की फेसबुक वॉल से

अमृतवाणी

चित्र और सोच

एक चित्रकार के मन में विचार आया कि मैं गांव की महिला का सुंदर, सहज और स्वाभाविक चित्र बनाऊं। उसका मानना था कि शहर की महिलाओं की सुंदरता कृत्रिम होती है। कृत्रिम साधनों की एक मोटी परत, चेहरे की स्वाभाविक सुंदरता को ढंक लेती है। गांव का चक्कर लगाने पर उसे एक युवती दिखाई दी, जिसके चेहरे पर प्राकृतिक सुंदरता थी, प्रकृति का वह सजीव रूप थी। उसने उस तरुणी का चित्र बनाया और उसे एक प्रदर्शनी में लगा दिया। प्रदर्शनी में कला के पारखी लोग आए। चित्रों की नीलामी शुरू हुई। उस ग्रामीण बाला के चित्र ने सहज ही लोगों का ध्यान खींच लिया। अंततः वह चित्र दस लाख रुपये में बिक गया। जिस गांव की वह युवती थी, वहां अकाल पड़ा। भूखे मरने की नौबत आ गई, तो लोग गांव छोड़कर शहर की ओर भागने लगे। रोजी-रोटी की तलाश में वह युवती भी अपने परिजनों के साथ शहर में आ गई और संयोग से वहीं आकर उसने आश्रय लिया, जहां वह चित्र प्रदर्शनी लगी थी। प्रदर्शनी के बाहर निकलते लोग उसी चित्र की चर्चा कर रहे थे, जो दस लाख रुपये में बिका था। पंडाल के एक कोने में दुबककर बैठी उस युवती ने अपने चित्र को देखा, तो उसकी आंखों में आंसू आ गए कि कैसी विडंबना है! उसका चित्र दस लाख रुपये में बिक रहा है और उसको खाने के लिए दस रुपये भी कोई देने वाला नहीं है। आशय यह कि प्रतिबिंबों की दुनिया जहां होती है, वहां ऐसा ही होता है। वास्तविकता को ओझल नहीं होने दिया जाना चाहिए। अगर ऐसा होता है, तो वास्तविकता सामने नहीं आती।

तीखी नजर

स्कूटर रखने की भी तमीज होती है

अख्तर अली

कमीज की तरह तमीज भी कई प्रकार की होती है। व्यवहार की तमीज, व्यापार के तमीज, भाषा की तमीज, रिश्तों की तमीज, आदि आदि। कुछ लोग जब बोलते हैं तो उनके लहजे में से तमीज टपकती है और कुछ लोग जब तक बोलते नहीं, तभी तक उनकी तमीज बरकरार रहती है। श को स बोलना भाषा की बदतमीजी और अधिक मुनाफा कमाना व्यापार में की गई बदतमीजी है। तमीज के जो बहुत से प्रकार हैं, उनमें स्कूटर रखने की तमीज भी शामिल है। जितनों के पास स्कूटर हैं, उन सब में स्कूटर रखने की तमीज भी हो यह जरूरी नही है। बाजार में स्कूटर मिलता है तमीज नही मिलती।

उन्हें स्कूटर खरीदना आ गया, चलाना आ गया, मोड़ना आ गया, रोकना आ गया, लेकिन खड़ा करना नहीं आया। अपनी स्कूटर हमेशा दूसरे के घर के सामने खड़ा करते हैं। दूसरे के घर जाते हैं, तो तीसरे के घर के सामने खड़ा करते हैं। किसी कार्यक्रम में जाते हैं तो स्कूटर आड़ी-तिरछी, टेढ़ी-मेढ़ी कैसी भी खड़ी करेंगे, पर सीधी कभी नही रखेंगे। देख समझ कर पहले से अनुशासित खड़ी गाड़ियों के सामने अपना स्कूटर इस तरह खड़ा करेंगे कि जब तक वे अपनी गाड़ी नहीं हटा लेते तब तक वह चार लोग भी अपनी गाड़ी नहीं निकाल सकते। गाड़ी गलत पार्क करने में ही इन्हें मजा आता है। यह उनकी जिद है। इस मामले में वो किसी की नहीं सुनते सिवाय पत्नी के, उसमें भी शर्त यह है कि पत्नी दूसरे की होनी चाहिए।

स्कूटर खड़ा करने से उत्पन्न होने वाला इनका उपद्रव दिन ब दिन यूक्रेन पर होने वाले हमले की तरह बढ़ते ही जा रहा है। जिसके घर के सामने खड़ा किया है, वह जाने बाकी सब अपने घर में मजे से हैं। ये दूसरे के घर के सामने अपना स्कूटर रखे, तो ठीक लेकिन कोई इनके घर के सामने अपना स्कूटर रख दे तो ये इस्राइल का रूप धर लेते हैं। इनकी हरकत देख लोग कहने लगे हैं कि अभी ड्राइविंग लाइसेंस उन्हें दिया जाता है, जिसे जिसे गाड़ी चलाना आता है। इस नियम में परिवर्तन कर लाइसेंस उन्हें ही देना चाहिए, जिन्हें गाड़ी खड़ा करना भी आता हो।

कोई इन्हें रोके टोके तो ये बुलडोजर नीति की मुद्रा धारण कर लेते हैं। इनकी बहनें इनका पक्ष लेकर कहती हैं-बढ़ती उम्र के कारण भैय्या चिड़चिड़े हो गए हैं। उनकी पत्नी का कहना है मैं तो दोहरी मार झेल रही हूं, घर के बाहर वायु प्रदूषण अंदर आयु प्रदूषण। वह तो गनीमत समझो, अमेरिका को इनकी जिद की जानकारी नहीं है, वरना वह इनके पक्ष में खड़ा होकर स्कूटर की रक्षा हेतु हथियार बेचने के जुगाड़ में लग जाता और पूरा मोहल्ला तबाह करने की सामग्री की पहली खेप रवाना हो जाती। लोगों ने सुन रखा है कि जब अत्याचार बढ़ जाता है, तब एक ऐसी शक्ति का आगमन होता है जो पापी का नाश कर प्रेम और शांति की स्थापना करती है। एक दिन ऐसा कोई आएगा जो इनकी स्कूटर की सीट फाड़, क्लच वायर नोच पूरा पेट्रोल बहा देगा।

नजरिया

कांग्रेस की उदारता भाजपा के लिए चिंता

दिलीप कुमार पाठक

महाराष्ट्र में 288 सीटों पर 20 नवंबर को विधानसभा चुनाव होना है। महायुति में सीटों के बंटवारे पर सहयोगी दलों के साथ सहमति पहले ही बन चुकी है। अब महा विकास अघाड़ी की बारी है। हालांकि महा विकास आघाडी ने 85-85-85 सीटों का फार्मूला निकाला था, बाकी बची हुई सीटों पर कांग्रेस लड़ना चाहती है, लेकिन उद्धव ठाकरे कांग्रेस को पूरी सीटें देना नहीं चाहते। वक़्त कोई भी हो सहयोगी दलों के साथ सीटों का बंटवारा बिल्कुल भी आसान नहीं होता। राजनीति पल-पल बदलती है, खासकर राजनीति नंबरों पर ही टिकी हुई होती है। हरियाणा की जीती हुई बाजी हारने के बाद कांग्रेस को महाराष्ट्र में बेहद कम सीटों पर संतुष्ट होना पड़ रहा है। जबकि महाराष्ट्र में भी कांग्रेस खासी मजबूत स्थिति में है।

जिस महाराष्ट्र में कभी कांग्रेस अपने दम पर सरकार चलाती थी, अब स्थिति ऐसी हो गई है कि गठबंधन के सहारे चलना कांग्रेस की मजबूरी बन गई है। पिछले कई चुनावों में शरद पवार के साथ मिलकर कांग्रेस लड़ती रही है, जबकि अब तो शरद पवार और कांग्रेस के साथ उद्धव ठाकरे भी आ गए हैं। हालांकि ज़्यादा मजबूत सहयोगियों के साथ अपनी महत्वाकांक्षाओं को सीमित करना ही पड़ता है। यही गठबंधन धर्म है जो कांग्रेस निभाती हुई दिख रही है। जो तात्कालिक हरियाणा हार की कीमत है जो महाराष्ट्र में चुकानी पड़ रही है। यही कीमत है जो हर बार कांग्रेस चुकाती है सिर्फ और सिर्फ. अपने क्षेत्रीय नेताओ के कारण जो खुद ही सब कुछ हासिल करना चाहते हैं। कहां तो कांग्रेस हरियाणा विधानसभा चुनाव में जीतकर महाराष्ट्र के महा विकास आघाडी में बड़े भाई की भूमिका चाहती थी, लेकिन अब ऐसा होता नहीं दिख रहा। हरियाणा हार-जाने के बाद कांग्रेस को भाजपा से सीधी टक्कर में बेहद कमजोर माना जा रहा है, कांग्रेस हरियाणा में भाजपा से सीधे टक्कर में थी। यही कारण है कि हरियाणा हारने के बाद कांग्रेस को निधाना बनाया गया है। यही कारण है ये भी है कि शरद पवार-संजय राउत कांग्रेस के साथ अच्छी खासी बार्गेनिंग करके फायदा उठा रहे हैं। जबकि कांग्रेस की उदारवादी सोच भाजपा के लिए चिंता का सबब बनी हुई है। हालांकि कांग्रेस विधानसभा चुनाव में लोकसभा वाला शानदार प्रदर्शन नहीं दोहरा पा रही है। हरियाणा इसका एक बड़ा उदाहरण है, जहां पर जीती हुई बाजी पार्टी ने गंवाई है।

कांग्रेस के लिए महाराष्ट्र में एक राहत की बात यह जरूर है कि महाराष्ट्र में कांग्रेस किसी एक लोकल नेता पर निर्भर नहीं है। जैसे राजस्थान में अशोक गहलोत और सचिन पायलट को लेकर विवाद था, हरियाणा में हुड्डा बनाम शैलजा की जंग थी।

अगर महाराष्ट्र की बात करें तो कांग्रेस ने 2024 के लोकसभा चुनाव में 16 सीटों पर चुनाव लड़ा जिसमें बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 13 सीटें जीती हैं, यहां भी 11 सीटों पर उसने बीजेपी प्रत्याशी को मात दी थी। अतः अब संदेश देने का प्रयास हो रहा है कि बीजेपी को हराने में सिर्फ कांग्रेस सक्षम है। ऐसे में पार्टी को अगर फिर महाराष्ट्र में अपनी स्थिति मजबूत करनी है उसे हर कीमत पर अपने पारंपारिक वोटबैंक को मजबूत करना होगा। यानी कि पार्टी को दलित, मुस्लिम और आदिवासी वोटरों को अपने पाले में लाने के लिए भरपूर कोशिश करनी चाहिए। जिस तरह से इस बार के लोकसभा चुनाव ने मराठवाड़ा के मराठा आंदोलन ने कांग्रेस के पक्ष में हवा बनाई, फिर कुछ वैसा ही कमाल पार्टी को करना पड़ेगा। स्थानीय मुद्दों को आगे लेकर चलना होगा।

महाराष्ट्र में 85 सीटों पर लड़ने वाली कांग्रेस महाराष्ट्र में अपना सीएम नहीं बना पाएगी, अब तो यही लग रहा है। चूंकि पिछली बार कुछ ऐसी परिस्थितियां बनीं कि सीएम पद तो उद्धव ठाकरे को दे दिया गया था, क्योंकि समय की डिमांड कुछ ऐसी ही थी। अब जाहिर है कि कांग्रेस इस बार महाराष्ट्र में बड़े भाई की भूमिका में नहीं है, यही कारण है कि कांग्रेस महाराष्ट्र में वैसी नहीं दिख रही जैसी कांग्रेस कभी होती थी। महाराष्ट्र में भाजपा-कांग्रेस दोनों एक दूसरे को रोकने के लिए अपनी महत्वाकांक्षाओं की बलि दे रहीं हैं, जहां बेहद कम सीटों वाले शिंदे को भाजपा ने सीएम बना दिया था। जबकि कांग्रेस ने अपने सिद्धांतों से समझौता करते हुए उद्धव ठाकरे को सीएम बना दिया था। देखा जाए तो हर राज्य का चुनाव दूसरे राज्यों से अलग होता है, सभी के मुद्दे अलग होते हैं। भाजपा महाराष्ट्र को हरियाणा की तरह जीतना चाहती है, जबकि महाराष्ट्र एवं हरियाणा में कुछ फर्क है, जो कांग्रेस के लिए राहत की बात हैं। दरअसल कांग्रेस पार्टी हर बार आपसी खींचतान अंदरुनी कलह, गुटबाजी में अव्वल रही है, कांग्रेस में अनुशासन की भारी कमी दिखती रही है, जबकि भाजपा अपनी अंदरुनी मामलों को पहले ही निपटा लेती है। कांग्रेस की अंदरुनी कलह भाजपा के लिए हमेशा फायदे का सबब होती रही है। हरियाणा, राजस्थान, मध्य प्रदेश इसके ताजा उदाहरण हैं।

हालांकि कांग्रेस के लिए महाराष्ट्र में एक राहत की बात यह जरूर है कि महाराष्ट्र में कांग्रेस किसी एक लोकल नेता पर निर्भर नहीं है। जैसे राजस्थान में अशोक गहलोत और सचिन पायलट को लेकर विवाद था, हरियाणा में हुड्डा बनाम शैलजा की जंग थी। एमपी में कमलनाथ की मनमानी थी। लेकिन महाराष्ट्र में तो उसके अलग-अलग इलाकों में अलग स्थानीय नेता सक्रिय रूप से काम कर रहे हैं। उदाहरण के लिए लातूर में अमित देशमुख, गढ़चिरौली और चंद्रपुर में विजय वडेट्टीवार, भंडारा में नाना पटोले अपनी उपस्थिति दर्ज करवाते हैं, महाराष्ट्र में कांग्रेस नेताओं की अंदरुनी कलह जैसी कोई स्थिति नहीं है जबकि अभी सीएम बनने-बनाने की बात अभी दूर की बात है, क्योंकि अभी महा विकास आघाडी चुनाव लड़ने पर फोकस करना चाहेगी। महाराष्ट्र में कांग्रेस पार्टी का अपने नेताओं पर अंकुश पार्टी के लिए एक अच्छा संकेत है, जबकि भाजपा के लिए एक चिंता का विषय बना हुआ है, क्योंकि भाजपा के लिए जीत की राहें यहीं से बनना शुरू होती हैं।

न्यूजीलैंड ने पूणे टेस्ट पर बनाई पकड़

मिचेल सेंटनर ने झटके सात विकेट, भारत को पहली पारी में 156 रन पर समेटा



न्यूजीलैंड ने दूसरी पारी में पांच विकेट खोकर बनाए 198 रन, कुल बढ़त 301 रन की

● पुणे, वार्ता

मिचेल सैंटनर (सात विकेट) की घातक गेंदबाजी के बाद कप्तान टॉम लेथम (86) रनों की जूझारू पारी की बदौलत न्यूजीलैंड ने दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन शुक्रवार को भारत को पहली पारी में 156 के स्कोर पर समेट कर दूसरी पारी में पांच विकेट पर 198 रनों के साथ 301 की बढ़त हासिल कर मैच पर अपनी मजबूत पकड़ बना ली हैं।

दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी कप्तान टॉम लेथम और डेवन कॉन्वे की सलामी जोड़ी ने सधी हुई शुरुआत की। 10वें ओवर में वॉशिंगटन सुंदर ने डेवन कॉन्वे (17) को पगबाधा आउट कर भारत को पहली सफलता दिलाई। इसके बाद आर अश्विन ने विल यंग (23) को पगबाधा आउट कर पवेलियन भेज दिया। रचिन रविंद्र (09), डैरिल मिचेल (18) तथा टॉम लेथम (86) को वॉशिंगटन ने अपना शिकार बनाया। दिन का खेल समाप्त होने के साथ न्यूजीलैंड ने 53 ओवर में पांच विकेट के नुकसान पर 198 रन बना लिए थे और उसकी कुल बढ़त 301 रन हो गई है। टॉम ब्लंडल (नाबाद 30) और ग्लेन फिलिप्स (09) रन क्रीज पर थे। भारत की ओर आज के हीरो भी वॉशिंगटन सुंदर रहे। उन्होंने 19 ओवर में 56 रन देकर चार विकेट लिए। वहीं आर अश्विन को एक विकेट मिला। इससे पहले न्यूजीलैंड ने भारत पहली पारी में 156 के स्कोर पर समेटते हुए 103 रनों की बढ़त हासिल कर ली थी। गुरुवार के एक विकेट पर 16 रन से आगे खेलते हुए भारत को शुक्रवार को शुभमन गिल (30) के रूप में पहला झटका लगा। इसके बाद अगले बल्लेबाज विराट कोहली (01) रन बनाकर पवेलियन लौट गये। न्यूजीलैंड के स्पिनरों की कसी हुई गेंदबाजी के सामने भारत ने यशस्वी जायसवाल (30), सरफराज खान (11) और ऋषभ पंत (18) भी बड़ी पारी खेलने में नाकाम रहे। आर अश्विन (04) रन बनाकर आउट हुए। भोजनकाल तक भारत ने सात 107 के स्कोर पर अपने सात विकेट गवां दिए थे। लगातार गिरते विकेटों के बीच रवींद्र जडेजा ने 46 गेंदों पर (38) रनों की जूझारु पारी खेली। उनके आउट होने के बाद अगले बल्लेबाज आकाश दीप (06) रन बनाकर आउट हुए। निचलेक्रम में बल्लेबाजी के लिए आए वाशिंगटन सुंदर ने नाबाद 18 रन की पारी खेली। भारतीय टीम 45.3 ओवर में 156 के स्कोर पर सिमट गई। न्यूजीलैंड की ओर से मिचेल सैंटनर 19.3 ओवर में 53 रन देकर सात विकेट लिए। ग्लेन फिलिप्स को दो विकेट मिले।

स्कोर बोर्ड

न्यूजीलैंड पहली पारी : 259 रन

भारत पहली पारी	रन	गेंद	4	6
यशस्वी का मिचेल बो फिलिप्स	30	60	4	0
रोहित शर्मा बो साउदी	00	9	0	0
शुभमन गिल पगबाधा बो सैंटनर	30	72	2	1
विराट कोहली बो सैंटनर	01	9	0	0
ऋषभ पंत बोल्ड फिलिप्स	18	19	2	0
सरफराज का ओरूर्क बो सैंटनर	11	24	1	0
रवींद्र जडेजा पगबाधा सैंटनर	38	46	3	2
अश्विन पगबाधा बो सैंटनर	04	5	0	0
वॉशिंगटन सुंदर नाबाद	18	21	2	1
आकाश दीप बोल्ड सैंटनर	06	5	0	1
बुमराह पगबाधा बो सैंटनर	00	3	0	0

अतिरिक्त : 00 रन

कुल : 45.3 ओवर में 156 रन पर ऑलआउट

विकेट पतन: 1-1, 2-50, 3-56, 4-70, 5-83, 6-95, 7-103, 8-136, 9-142, 10-156

गेंदबाजी	ओवर	मेडन	रन	विकेट
टिम साउदी	6	1	18	1
विलियम ओरूर्क	3	2	5	0
एजाज पटेल	11	1	54	0
मिचेल सैंटनर	19.3	1	53	7
ग्लेन फिलिप्स	6	0	26	2

न्यूजीलैंड दूसरी पारी	रन	गेंद	4	6
टॉम लेथम पगबाधा बो सुंदर	86	133	10	0
डेवन कॉन्वे पगबाधा बो सुंदर	17	25	2	0
विल यंग पगबाधा बो अश्विन	23	28	2	0
रचिन रविंद्र बो सुंदर	09	13	1	0
मिचेल का जायसवाल बो सुंदर	18	23	2	0
टॉम ब्लंडल नाबाद	30	70	2	0
ग्लेन फिलिप्स नाबाद	09	29	1	0

अतिरिक्त : 06 रन

कुल : 53 ओवर में पांच विकेट पर 198 रन

विकेट पतन: 1-36, 2-78, 3-89, 4-123, 5-183

गेंदबाजी	ओवर	मेडन	रन	विकेट
रवि अश्विन	17	1	64	1
वॉशिंगटन सुंदर	19	0	56	4
रवींद्र जडेजा	11	1	50	0
जसप्रीत बुमराह	6	1	25	0

अजय रावत के दो गोलों से जीता फ्रेंड्स यूनाइटेड

नई दिल्ली : वेटरन अजय रावत के दो गोलों की मदद से फ्रेंड्स यूनाइटेड ने हिदुस्तान एफसी को 2- 1 से हरा कर तीसरी डीएसए प्रीमियर लीग में पूरे अंक अर्जित किए। अंबेडकर स्टेडियम पर खेले गए दिन के दूसरे मुकाबले में तरुण सांघा उलट फेर करते करते चूक गई। पहली प्रीमियर लीग की विजेता वाटिका एफसी जैसे तैसे तरुण सांघा के चंगुल से बच पाई। एक समय दो गोलों की बढ़त लेने के बाद तरुणसंघा से चूक हुई और मुकाबला 3-3 से बराबर रहा। तरुण सांघा के गोल अबॉय सिह(2) और अविजित नसकर ने किए। वाटिका के गोल प्लेयर ऑफ द मैच अभिषेक बॉक्सला, अर्जुन शरीन और अमिताभ रावत ने बांटे। फ्रेंड्स यूनाइटेड और हिंदुस्तान के मध्य खेल गया मैच उतार चढ़ाव वाला रहा। हालांकि हिदुस्तान को पहला गोल जमाने का श्रेय मिला लेकिन अनुभवी खिलाड़ियों से सजे फ्रेंड्स ने जल्दी ही यूनाइटेड होकर दनादन दो गोल ठोक डाले। हिंदुस्तान को 11 वें मिनट में रोनाल्डो ने बढ़त दिलाई। लेकिन अजय ने क्रमश: 22 और 37 मिनट में गोल जमा कर प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब पाया। वाटिका और तरुणसंघा के बीच खेले गए मैच में उलट फेर नहीं हो पाया क्योंकि अंतिम 15 मिनट में वाटिका ने गजब का जुझारूपन दिखाया और दो बेहतरीन गोलों से लाज बचा ली।

मतदाता जागरूकता का हिस्सा बनेंगे धौनी

रांची : झारखंड मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने बताया कि मशहूर क्रिकेटर महेंद्र सिंह धौनी विधानसभा चुनाव में निर्वाचन आयोग के जागरूकता कार्यक्रम स्वीप का हिस्सा बनेंगे। इस आशय का पत्र उन्होंने निर्वाचन आयोग को दिया है। निर्वाचन आयोग उनकी तस्वीर का उपयोग स्वीप के कार्यक्रमों में करेगा। वहीं मतदाताओं को अधिकाधिक संख्या में मतदान के लिए प्रेरित करनेवाली उनकी अपील का उपयोग मतदान प्रतिशत बढ़ाने में होगा। उन्होंने बताया कि महेंद्र सिंह धौनी मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड के कार्यालय से जुड़ कर मतदाता जागरूकता अभियान में सहयोग करेंगे। कहा, नामचीन शख्सियत के जुड़ाव से मतदाता जागरूकता अभियान को बल मिलेगा। वह शुक्रवार को निर्वाचन सदन, धुर्वा में पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि वह शुक्रवार को हजारीबाग और रामगढ़ के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में भ्रमण किये और स्वीप की गतिविधियों का अवलोकन किया। इस दौरान स्वीप कार्यक्रम में कुछ त्रुटियां मिलीं, जिनके अविलंब निराकरण के निर्देश दिये गये। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को प्रथम चरण के चुनाव के लिए नामांकन की अवधि खत्म हो गई है। नामांकनों की स्क्रूटनी 28 अक्टूबर को होगी।

सार संक्षेप

बीड बिलिंग से उड़े तीन विदेशी, हेलीकॉप्टर से रेस्क्यू

शिमला : हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले के प्रसिद्ध पैराग्लाइडिंग स्थल बीड़ बिलिंग से उड़ान भरने वाले तीन विदेशी पैराग्लाइडर पायलट कुल्लू जिला में फोजल की ऊंची पहाड़ियों में फंस गए। जानकारी के अनुसार, ये तीनों पायलटों में से एक ब्रिटेन, दूसरा न्यूजीलैंड और तीसरा ऑस्ट्रेलिया का नागरिक है। दिशा भटकने के कारण वे करीब 15 फीट की ऊंचाई पर फंस गए थे। एक पायलट को चोट लगने का भी समाचार है। रेस्क्यू टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पायलटों को निकालने के लिए एक हेलीकॉप्टर की मांग की, जिसके बाद फंसे हुए पायलटों को सुरक्षित बचा लिया गया। पायलटों की स्थिति स्थिर बताई जा रही है। बीड़ बिलिंग में आगामी पैराग्लाइडिंग वर्ल्ड कप की तैयारियां भी जोरों पर हैं। यह वर्ल्ड कप दो से नौ नवंबर तक आयोजित किया जाएगा, जिसमें दुनिया भर के 32 देशों से 150 पायलटों ने भाग लेने के लिए आवेदन किया है। इसमें भारत के 25 पायलट भी शामिल हैं। खास बात यह है कि अब तक करीब 10 महिला पायलटों ने भी इस प्रतियोगिता में रुचि दिखाई है। बीड़ बिलिंग एक बार फिर पैराग्लाइडिंग के रोमांच और जोखिम को दर्शा रहा है, जहां दुनियाभर के पायलट अपनी उड़ानों का कौशल दिखाने के लिए तैयार हैं। रेस्क्यू ऑपरेशन को अटल बिहारी वाजपेयी पर्वतारोहण संस्थान की टीम ने अंजाम दिया।

वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया ने एक रन जोड़ कर रिकार्ड आठ विकेट गवाएं

पर्थ (ऑस्ट्रेलिया) : वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया की टीम तस्मानिया के खिलाफ हुए मुकाबले में मात्र एक रन जोड़ने के साथ ही अपने आठ विकेट गवां कर विकेटों के पतन का नया रिकॉर्ड बना दिया है। वाका के मैदान पर खेले गए इस मैच में वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया की टीम 20.1 में मात्र 53 रन बना कर ऑलआउट हो गई। तस्मानिया की ओर से बो वेबस्टर ने अपने छह ओवर के स्पेल में 17 रन देकर छह विकेट लिए। वहीं वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया के छह बल्लेबाज शून्य पर आउट हुए। वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया ने एक समय 16 ओवर में 52 रन पर दो विकेट गंवाए थे। लेकिन इसके बाद जो हुआ, वह ऐतिहासिक था। 28 गेंदों के अंदर वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया ने 8 विकेट खो दिए। इस दौरान मात्र एक रन बना वह भी वाइड के जरिए आया। वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया 53 रनों पर ऑल आउट हो गई।

अगले साल होने वाले राष्ट्रीय खेल 2025 की मेजबानी करेगा उत्तराखंड

नई दिल्ली : उत्तराखंड अगले वर्ष 25 जनवरी से 14 फरवरी तक होने वाले राष्ट्रीय खेल के 38वें संस्करण की मजबानी करेगा। राष्ट्रीय खेल 2025 में 38 खेलों में पदक प्रतियोगिताएं होंगी और 10 हजार से अधिक एथलीट, अधिकारी और कोच अलग-अलग राज्यों और सेवाओं जैसी संस्थागत टीमों से हिस्सा लेंगे। भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी उषा ने कहा कि हमें खुशी है कि नेशनल गेम्स उत्तराखंड में हो रहे हैं, जो इस बड़े आयोजन के लिए उत्साहित और प्रतिबद्ध है। नेशनल गेम्स ऑफ इंडिया एक ओलंपिक-स्टाइल मल्टी स्पोर्ट स्पर्धा है।

सऊद शकील का शतकीय पारी से पाक ने इंग्लैंड पर कसा शिकंजा

● रावपिंडी, वार्ता

सऊद शकील (134), साजिद खान (48) और नोमान अली (45) की शानदार बल्लेबाजी के दम पर पाक ने तीसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन 344 के स्कोर के साथ ही इंग्लैंड के दूसरी पारी में 24 के स्कोर पर तीन विकेट झटकर मैच पर अपना पकड़ बना ली है।

पाकिस्तान ने तीन विकेट पर 73 रन से आगे खेलना शुरु किया। शोएब बशीर ने कप्तान शान मसूद (26) को आउट कर इंग्लैंड को दिन की पहली सफलता दिलाई। इसके बाद मोहम्मद रिजवान (25) को रेहान अहमद ने पवेलियन भेज दिया। आगा सलमान (एक),आमेर जमाल (14) को भी रेहान ने अपना शिकार बनाया। ऐसे संकट के समय नोमान अली (45) ने सऊद शकील के साथ आठवें विकेट के लिए 88 रनों की साझेदारी कर पाकिस्तान को संकट से उबारने का काम किया। नोमान अली को शोएब बशीर ने आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये साजिद खान भी पिच पर जमे रहे। गस ऐटकिंसन ने सऊद शकील (134) को आउट किया। साजिद खान (48) रन बनाकर नाबाद रहे। पाकिस्तान ने 344 रन बनाकर पहली पारी के आधार पर 77 रनों की महत्वपूर्ण बढ़त हासिल की। दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड शुरुआत बेहद खराब रही और उसने एक के बाद एक 24 के स्कोर तक अपने तीन विकेट गवां दिए। पांचवें ओवर में बेन डकेट (12), छठें ओवर में जैक क्रॉली (दो) और आठवें ओवर में ऑली पोप (एक) रन बनाकर आउट हुए। दिन का खेल समाप्त होने के समय जो रूट (पांच) और हैरी ब्रूक (तीन) रन बनाकर क्रीज पर थे।

अभिमन्यु, हर्षित और नितिश को मौका

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए भारतीय टीम घोषित, साउथ अफ्रीका के खिलाफ टी-20 टीम का भी ऐलान

मुंबई, वार्ता : ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर गावस्कर सीरीज के लिए भारतीय टीम का ऐलान कर दिया गया है। भारतीय टीम को अगले महीने ऑस्ट्रेलिया का दौरा करना है, जहां टीम पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलेगी।

भारत ने बॉर्डर-गावस्कर टेस्ट सीरीज के लिए 18 मेंबर्स स्क्वॉड में अभिमन्यु ईश्वरन, हर्षित राणा और नितिश कुमार रेड्डी को चुना है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ यह पांच मैचों की सीरीज का पहला मैच 22 नवंबर से पर्थ में खेला जाएगा। वहीं, साउथ अफ्रीका के खिलाफ टी-20 सीरीज के लिए टीम इंडिया का ऐलान हो गया है। टीम इंडिया 3 साल बाद ऑस्ट्रेलिया में टेस्ट सीरीज खेलने जा रही है। 22 नवंबर से पर्थ में पहला मैच और 6 दिसंबर से एडिलेड में दूसरा मैच खेला जाएगा। टीम इंडिया ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 2014 के बाद से कोई भी टेस्ट सीरीज नहीं हारी है। टीम ने इस दौरान विराट कोहली की कप्तानी में 2 सीरीज जीतीं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए भारत की टीमः रोहित शर्मा (कप्तान), जसप्रीत बुमराह (उप-कप्तान), यशस्वी जयसवाल, अभिमन्यु ईश्वरन, शुभमन गिल, विराट कोहली, केएल राहुल, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), सरफराज खान, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर) , रविचंद्रन अश्विन, रवींद्र जडेजा, मोहम्मद सिराज, आकाश दीप, प्रसिद्ध कृष्णा, हर्षित राणा, नितिश कुमार रेड्डी, वॉशिंगटन सुंदर। रिजर्वः मुकेश कुमार, नवदीप सैनी, खलील अहमद।

साउथ अफ्रीका के खिलाफ 4 टी-20 मैचों के लिए भारत की टीमः सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), रिंकू सिंह, तिलक वर्मा, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, रमनदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, रवि बिश्नोई, अर्शदीप सिंह, विजयकुमार वैशाक, आवेश खान, यश दयाल।

पहलवानों ने पेश की मेडल की दावेदारी

चौधरी चरण सिंह विवि में कुश्ती प्रतियोगिता देखने पहुंचे खेल प्रेमी

मेरठ

चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के खेल मैदान पर 23 अक्टूबर से चल रही 68वीं राष्ट्रीय विद्यालयी कुश्ती प्रतियोगिता अंडर-19 के बालिका वर्ग तीसरे दिन 53, 57, 62 और बालकों के 61, 70 व 79 किलोग्राम भारवर्ग की फ्रीस्टाइल बाउट हुई। विजेता खिलाड़ियों को मेरठ के क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी अतिरिक्त प्रभार के साथ संयुक्त रूप से मुख्य अतिथियों ने मेडल प्रदान करके सम्मानित किया। इस दौरान यूपी, हिमाचल, हरियाणा, राजस्थान महाराष्ट्र, दिल्ली आदि राज्यों के खिलाड़ियों ने दमखम के साथ मेडल की दावेदारी पेश की।

माध्यमिक शिक्षा विभाग के निर्देशन में हो रही कुश्ती प्रतियोगिता के तीसरे दिन बालिकाओं के वर्ग 53 किलो भार में तकनीकी आधार पर महाराष्ट्र की शिवानी कर्चे ने 11-0 से स्वर्ण, हरियाणा की दिव्या ने रजत पदक, दिल्ली की भावना बावल और उत्तर प्रदेश की माला यादव ने अंकों के आधार पर 9 अंकों से बढ़त बनाकर कांस्य पदक प्राप्त किया बालिका वर्ग 57 किलो भार में संजीवनी ढाणे ने स्वर्ण, हिमाचल प्रदेश की हर सीता ने रजत, उत्तर प्रदेश की अनु यादव ने तथा हरियाणा की तन्नु जितेंद्र ने कांस्य पदक प्राप्त किया। बालिका वर्ग 62 किलो भार में महाराष्ट्र की अपेक्षा पाटिल ने स्वर्ण तथा हरियाणा की जानवी बलजीत ने रजत , पंजाब की असप्रीत कौर और राजस्थान की युक्ति कुमार ने कांस्य पदक प्राप्त किया। बालक वर्ग में 61 किलोग्राम भार में हरियाणा के साहिल हुड्डा ने स्वर्ण, दिल्ली के मोहित कुमार ने सिल्वर, राजस्थान के योगेश गुर्जर और उत्तर प्रदेश के सुंदरम यादव ने कांस्य पदक प्राप्त किया। बालक वर्ग 70 किलो भार में हरियाणा के अंश कुमार ने स्वर्ण, महाराष्ट्र के सुमित कुमार ने रजत, उत्तर प्रदेश के हिमांशु एवं दिल्ली के रिंकू हथवाला ने कांस्य पदक प्राप्त किया। बालक वर्ग 79 किलो भार में हरियाणा के अंकित छौक्कर ने तकनीकी आधार पर 13-0 से स्वर्ण, दिल्ली के अनुज सिंह ने रजत पदक प्राप्त किया। इसी प्रकार महाराष्ट्र के पृथ्वीराज बोंके ने 10-0 से कांस्य पदक तथा उत्तर प्रदेश के सौरभ यादव ने अंकों के आधार पर 6-0 से कांस्य पदक प्राप्त किया। पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में कैंट के विधायक अमित अग्रवाल एवं विशिष्ट अतिथि अर्जुन अवार्डी अलका तोमर का संयुक्त शिक्षा निदेशक ओंकार शुक्ल, उप शिक्षा निदेशक माध्यमिक शिक्षा ज्योति प्रसाद, जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश कुमार, सहजिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. पारुल वर्मा, कृष्ण कुमार, डॉ. सुशील कुमार, डॉ. मेघराज सिंह द्वारा अंग वस्त्र तथा माला द्वारा स्वागत सम्मान किया गया। शुक्रवार के कार्यक्रम में ऑब्जर्वर समीर देव वर्मा, तकनीकी निदेशक राम आशीष, ऑफिशियल डेलीगेट सुरेश उपाध्याय, जूहरी में रामशरण यादव, यशवंत सिंह, जयप्रकाश एवं रवि, कोच जबर सिंह सोम, महाखेल से दिनेश कल स्वापिल, गणेश यादव, विशाल राठौर, दीपक, कार्यक्रम के सफल संचालन में सुषमा यादव, डॉ. नीरा तोमर, डॉ. गौरव पाठक, प्रशांत चौधरी, डॉ. नीलम, अनिल कुमार, डॉ. अंशु श्रीवास्तव, डॉ. नारायण शरण, रेनू आदि का विशेष सहयोग रहा।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक सैयद ज़की हैदर के लिए इरानीयन आर्ट प्रिंटर्स 1534 कासिमजान स्ट्रीट दरियागंज नई दिल्ली 11006 से मुद्रित कराकर, 2684 गली काले खां कूचा चलान दरियागंज नई दिल्ली 02 से प्रकाशित किया।
संपादक : सैयद ज़की हैदर- हैड ऑफिस :- एफ19/4 सेकेंड फ्लोर नफीश रोड जामिया नगर दिल्ली- 110025., सम्पर्क सूत्र :- 9911371802, 9810383593
जितेन्द्र कुमार बिस्वाल ब्यूरो चीफ उड़ीसा/ गोविंद कनोडिया/ पटना/ सैय्यद यूसुफ अली नक़वी-पॉलिटिकल एडिटर। ई-मेल:- dailyloktantra@gmail.com

किसी भी प्रकार के विवाद हेतु निपटारे के लिए केवल दिल्ली न्यायालय ही मान्य होगी।
नोट- किसी भी समाचार/आलेख पर दावा प्रति दावा/आपत्ति समाचार प्रकाशन के 15 दिनों के अन्तराल तक ही मान्य होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित आलेख से संपादक/प्रकाशक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

क्षेत्रीय कार्यालय अनवार मंजिल नया टोला गंज नंबर 01 बेतिया/ बिहार/ पिन नंबर 84 5438/>> संवाददाता, सना खान/(डॉ. अमानुल हक) स्थानीय संपादक/बिहार)